# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 12 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 323 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




सिदो कान्हू की मूर्ति पर माला पहनाती मुख्यमंत्री की पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन

### सिदो कान्हू की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

# आजादी में सिदो कान्हू का बड़ा योगदान : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। रांची के सिदो कान्हू पार्क स्थित वीर शहीदों की प्रतिमा पर सीएम और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने माल्यार्पण किया। झारखंड के अमर शहीद की जयंती पर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हुल विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद सिदो कान्हू ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध जो ऐतिहासिक बिगुल फूंका, वह हम सभी को संघर्ष साहस और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज पूरे राज्य में वीर शहीदों की जयंती मनाई जा रही है। सीएम ने कहा कि वीर सिदो कान्हू का बलिदान केवल एक इतिहास नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता अधिकार



और सम्मान की लड़ाई का अमर प्रतीक है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश भारतवर्ष का एक ऐसा क्षेत्र है जहां अनेक वीर सपूतों ने जन्म लिया। इस राज्य के आदिवासी तथा मूलवासियों ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा एवं अपने हक-अधिकार की लड़ाई तब से लड़ी जब देश के लोगों ने आजादी का सपना नहीं देखा था। झारखंड के वीर सपूतों ने अलग-अलग समय काल में अपने दायित्वों एवं राज्य के प्रति अपने आप को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद सिदो कान्हू जयंती का यह शुभ दिन भारत के इतिहास के पन्नों में अमिट रूप से दर्ज है। आज के दिन हम सभी लोग वीर शहीद सिदो-कान्हू के संघर्ष, अदम्य साहस और उनके आदर्श को याद करते हैं। इन महान विभूतियों को उनके जयंती पर आज पूरे आदर और सम्मान के साथ अलग-अलग जगहों पर स्थापित उनकी प्रतिमा, तस्वीर, जन्मस्थली तथा शहादत स्थल पर लाखों की संख्या में लोग भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन करते हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज के दिन देश के आदिवासी समुदाय सहित पूरे देशवासी गर्व महसूस करते हैं कि ऐसे वीर सपूतों ने इस धरती पर जन्म लिया और यहां के लोगों के साथ-साथ संपूर्ण व्यवस्था को एक न समाप्त होने वाली दिशा देने का काम किया। सिदो कान्हू स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था। संथाल में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंकने के बाद सिद्धू -कान्हू ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। 11 अप्रैल को उनकी जयंती के अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाट गम्हरिया थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो घायल हो गए। घटना कासिम बाजार से बलंडिया जाने वाले रास्ते पर घटी। जानकारी के मुताबिक एक ही बाइक पर सवार होकर चार युवक बलंडिया रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें एक ही मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सभी नूरदा गांव के रहने वाले थे। वे कासिम बाजार में जॉन बिरुआ और भाजपा नेत्री सुमन बिरुआ के घर आयोजित दुलसुनुम कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे में 18 वर्षीय विक्रम सिंकू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 वर्षीय बिपिन सिंकू ने चाईबासा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में 23 वर्षीय भीम सिंह सिंकू गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिनका




एक पैर टूट गया है जबकि मोटरसाइकिल चालक चंद्रमोहन सिंकू भी घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद 'छोटा हाथी' वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही हाटगम्हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार वाहन और चालक की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### चांडिल में हाथियों ने बुजुर्ग को कुचला

**जमशेदपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चांडिल वन क्षेत्र में हाथियों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार सुबह कुकड़ू प्रखंड की तिरुलडीह पंचायत के सापारुम गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां हाथियों के झुंड ने एक बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान तांती टोला निवासी 60 वर्षीय राधा तांती के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

### उपाधीक्षक ने ऑन्कोलॉजी विभाग का किया औचक निरीक्षण

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बिमलेश कुमार सिंह कैंसर रोग विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. बिमलेश कुमार सिंह और चिकित्सक डॉ. अमरेश ने ऑन्कोलॉजी विभाग में भर्ती हर मरीज के उब्ब्ध, चल रहे इलाज, कीमोथेरेपी के बारे में पूछताछ की और पाया कि कई मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री में मरीजों की पूरी जानकारी भी दर्ज नहीं थी। जांच के दौरान पाया गया कि सदर अस्पताल में जांच की व्यवस्था होने के बावजूद कई मरीजों से बाहर जांच करवाया गया।

### बोकारो से लापता युवती की खोज तेज

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले से युवती के लापता मामले में अब जांच तेज हो गई है। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर सीआईडी तक एक्शन मोड में नजर आ रही है। मामला पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के खूंटाडीह गांव का है। 21 जुलाई 2025 से लापता युवती के मामले की जांच के लिए सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता खुद बोकारो पहुंचीं। उन्होंने पिंडराजोरा थाना का निरीक्षण करने के साथ-साथ पीड़िता के गांव जाकर परिजनों और पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की।

# जन्मदिन मनाने गए आठवीं के छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में हुए हादसे में किशोर की जान उसके जन्मदिन के दिन ही चली गई। यह हादसा चियांकी स्थित नेशनल हाईवे-39 के अधूरे ओवरब्रिज पर हुआ। मृतक किशोर की पहचान पांकी रोड पोखराहा निवासी अर्जुन उरांव के 15 वर्षीय पुत्र अमन उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमन अपने दोस्तों के साथ ओवरब्रिज पर बर्थडे पार्टी मनाने गया था। इसी दौरान उसे स्कूटी चलाने के लिए दी गई, जबकि उसे वाहन चलाना नहीं आता था। स्कूटी चलाते समय वह अचानक अनियंत्रित हो गया। वह सीधे पुल से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। मृतक के बड़े भाई चुन्नू उरांव ने बताया कि अमन को उसका एक दोस्त घर से बुलाकर ले गया था। सभी एक दोस्त का जन्मदिन पार्टी मना रहे थे। उसमें पोखराहा गांव के ही उसके करीब पांच दोस्त शामिल थे। इनमें कुछ लड़कियां भी थीं। चुन्नू के अनुसार, अमन को स्कूटी चलानी नहीं आती थी, इसके बावजूद उसके दोस्त ने उसे स्कूटी दे दी जिससे यह हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच03ए-3175 बताया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अधूरे ओवरब्रिज पर युवकों का जाना कैसे हुआ। आज मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

# उत्पाद सिपाही परीक्षा को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा आज 12 अप्रैल को होनी है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलमुक्त माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर शुक्रवार देर रात जिलेभर में व्यापक औचक जांच अभियान चलाया गया जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की गंभीरता साफ झलकी। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित होटलों, लॉज, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं में एक साथ छापेमारी की और वहां ठहरे लोगों की पहचान का सत्यापन किया गया। उनके ठहरने के कारणों की जानकारी ली गई। साथ ही कमरों की सघन तलाशी



ली गई और होटल संचालकों द्वारा रखे गए विजिटर रजिस्टर, पहचान पत्र व अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जिन जगहों पर रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिली, वहां संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस ने खास तौर पर इस बात पर फोकस किया कि कोई संदिग्ध व्यक्ति परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने के इरादे से जिले में न ठहरा हो। इस दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई और जरूरत पड़ने पर उनके दस्तावेजों की बारीकी से जांच भी की गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। यात्रियों की पहचान की जांच की गई और हर गतिविधि पर नजर रखी गई। सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो आम लोगों के बीच रहकर गुप्त रूप से निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान परीक्षा खत्म होने तक लगातार जारी रहेगा। साथ ही अभ्यर्थियों और आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दें ताकि समय पर कार्रवाई कर परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

# गढ़वा के जंगल में लगी आग, कई बेशकीमती पेड़-पौधे जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन दिनों बंडा पहाड़ के जंगल में आग लगी हुई है। इस अगलगी की घटना में कई बेशकीमती पौधे और पेड़ जलकर राख हो गए हैं। हालांकि स्थानीय ग्रामीण और वन विभाग की टीम आग को बुझाने के कार्य में जुटी है। रात्रि के अंधेरे में पहाड़ों पर लगी आग दूर से साफ तौर पर दिखती है। बंडा पहाड़ पर रात के समय ऐसा लगता है मानो पहाड़ पर बल्ब जल रहे हो। अब बंडा पहाड़ पर यह आग कैसे लगी इसकी जांच वन विभाग कर रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन तमाम कोशिशें नाकाफी साबित हो रही है। आग बुझने के बजाए और बढ़ रही है। स्थानीय लोगों की माने तो बीते शाम से ही पहाड़ में आग लगी हुई है। लोग ऊपर चढ़कर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ग्रामीणों को डर है कि कहीं आग पहाड़ के नीचे मंदिर तक ना पहुंच जाए। वहीं इस संबंध में डीएफओ अंशुमान ने कहा कि इन दिनों गढ़वा में गर्मी पड़ रही है और गढ़वा झारखंड में सबसे कम बारिश वाला जिला भी माना जाता है। झारखंड के आग प्रभावित जिलों में गढ़वा भी आता है। वन विभाग निरंतर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहा है। इस मौसम में अक्सर यह देखा जाता है की महुआ चुनने के दौरान भी जंगल में लोग आग लगा देते हैं। जिससे बेशकीमती पौधे जलकर नष्ट हो जाते हैं और जंगली जानवरों को भी नुकसान पहुंचता है। जहां से विभाग को सूचना मिलती है ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जाता है। आग पर यदि कोई ग्रामीण काबू पाते है तो उन्हें केंद्र सरकार के द्वारा नियम संगत प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जाती है।

# गैंगस्टर प्रिंस खान की गिरफ्तारी को लेकर ऑपरेशन तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पुलिस ने फरार कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के खिलाफ कार्रवाई और तेज कर दी है। पुलिस लगातार उसके नेटवर्क को तोड़ने में जुटी है। साथ ही उसके कई करीबी सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसएसपी प्रभात कुमार ने साफ कहा कि उसकी गिरफ्तारी अब दूर नहीं है। जल्द ही उसे सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि प्रिंस खान के नाम पर रंगदारी मांगने या धमकी देने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को धमकी भरे कॉल या रंगदारी की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है बल्कि तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। धनबाद पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि प्रिंस खान की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण वह पहले जिस देश में शरण लिए हुए था, वहां से निकलकर अब ऐसे देश में पहुंच गया है, जहां कार्रवाई करना थोड़ा मुश्किल है।

# महिला के सिर पर हथौड़े और लाठी-डंडे से हमला, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में बीती रात एक 50 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। अपराधी ने महिला के सिर पर हथौड़े से वार किया। इसके बाद लाठी-डंडों और पत्थरों से भी हमला किया गया। सिर और पसलियों पर गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जेटेया थाना क्षेत्र के बड़ा पासेया गांव के चिरु पासेया टोला की है। मृतका की पहचान टुरिया गगराई के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बीती रात उस समय हुई, जब गांव में बाहा पर्व मनाया जा रहा था। अधिकांश ग्रामीण त्योहार में व्यस्त थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावर ने टुरिया गगराई पर तब हमला किया जब वह अपने घर से थोड़ी दूर पर थी। हमलावर रात के अंधेरे में एक आम के पेड़ के पीछे छिपा हुआ था। मौका मिलते ही उसने महिला पर हमला कर दिया। हत्या के बाद आरोपी ने शव को लगभग 200 से 300 मीटर तक घसीटने का प्रयास किया। संभवतः किसी हलचल के कारण वह शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया। भागते समय आरोपी अपने कपड़े (शर्ट, पैंट और चप्पल) घटनास्थल पर छोड़ गया, जिन्हें पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग के तौर पर जब्त किया है। घटना के वक्त मृतका के साथ उसके छोटे भाई की सात वर्षीय बेटी भी थी। बच्ची किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही जेटेया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।


# नक्सल प्रभावित जिलों में 'बस्तर ओलंपिक' मॉडल लागू करने की कवायद शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों को पूरी तरह नक्सल मुक्त करवाने के लिए अब वहां के युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ा जाएगा। शुरुआत खेल से की जा रही है। छत्तीसगढ़ के सबसे प्रभावी खेल मॉडल 'बस्तर ओलंपिक' के तर्ज पर झारखंड में भी इसकी शुरुआत की जा रही है। छत्तीसगढ़ अब पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो गया है। यहां बस्तर ओलंपिक नाम का खेल प्रतियोगिता नक्सल मुक्ति के लिए चले जागरूकता अभियान के दौरान बेहद प्रभावी रहा था। जिसे देखते हुए डीजी/आईजी कॉन्फ्रेंस में यह तय किया गया था कि यह मॉडल सभी नक्सल प्रभावित राज्यों में लागू किया जाएगा। डीजीपी/ आईजी कॉन्फ्रेंस की अनुशंसा और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के निर्देश पर अब झारखंड पुलिस के द्वारा भी इस पहल की शुरुआत कर दी गई है। झारखंड जगुआर की डीआईजी इंद्रजीत महता को इस आयोजन का नोडल अफसर बनाया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मोह को त्यागने में युवाओं के बीच बस्तर ओलंपिक बेहद महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई थी। साल 2025 में छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित इलाके में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया था जिसमें 700 युवाओं ने नक्सलवाद को छोड़ने के बाद हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के पत्र के अनुसार ओलंपिक का आयोजन का मकसद ही बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करवाना था। झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में बस्तर ओलंपिक के जैसे खेल प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। भले ही देश को नक्सल मुक्त होने की घोषणा कर दी गई है लेकिन झारखंड में अभी भी चाईबासा नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के हाल के रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में चाईबासा नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल है जबकि बोकारो, चतरा और लातेहार को लिगसी और थ्रेट की श्रेणी में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई डीजी/आईजी कॉन्फ्रेंस में नक्सल प्रभावित और नक्सली मुक्त दोनों ही तरह के जिलों में युवाओं को भटकाव से रोकने के लिए खेल और शिक्षा से जोड़ने का निर्णय लिया गया था। कॉन्फ्रेंस में यह तय हुआ था कि पूर्व प्रभावित जिलों में पुलिस को अपनी रणनीति 'संकट निवारण' से बदलकर 'जनसंपर्क' का हिस्सा बनकर कल्याण और विकास को आसान बनाने पर लाना चाहिए। इन क्षेत्रों में विकास उन्मुख अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। पुलिस को इन क्षेत्रों के युवाओं से खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जुड़ना चाहिए, जो ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित हो। हाल ही में हुए 'बस्तर ओलंपिक' की तर्ज पर और ऐसे कार्यक्रमों को पर्याप्त प्रचार प्रसार दिलाना चाहिए। इसके साथ ही आदिवासी युवाओं के लिए देश के अन्य हिस्सों की यात्राएं और शैक्षिक भ्रमणों का आयोजन किया जाए, ताकि उन्हें अन्य भागों से जोड़ा जा सके और उनमें राष्ट्रीय स्तर पर भावनात्मक बंधन विकसित हो सके।



C M Y K

# समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा, शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की।




इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना तथा बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से योग्य लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता एवं उपस्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय पर लाभ मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लाभुकों के शत प्रतिशत पंजीकरण और भुगतान प्रक्रिया में देरी नहीं होने देने पर जोर दिया। साथ ही पोषण स्तर में सुधार के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया किशोरियों एवं बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की समीक्षा में उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का अधिकतम लाभ पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभुकों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही बाल विवाह और कुपोषण रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने की बात कही बाल संरक्षण से जुड़े मामलों पर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। चाइल्ड हेल्पलाइन सहित सभी तंत्रों को सक्रिय रखने पर भी जोर दिया गया बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने नियमित फील्ड विजिट कर जमीनी स्थिति का आकलन करने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# झामुमो कार्यालय में मनाई गई अमर शहीद सिद्धो-कान्हू की जयंती, हूल क्रांति के वीरों को किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कार्यालय में आज हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिद्धो-कान्हू की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। बताते हुए कहा कि इस आंदोलन ने अंग्रेजों की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा कि सिद्धो-कान्हू का बलिदान हमें अपने अधिकारों और अस्मिता की रक्षा के लिए हमेशा सजग रहने की प्रेरणा देता है प्रधान मुर्मू



कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राकेश सिंह रॉकी ने की। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष राकेश सिंह रॉकी ने कहा कि सिद्धो कान्हू केवल नाम नहीं बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के संघर्ष का प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत और शोषण के खिलाफ उनका संघर्ष आज भी झामुमो कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है वहीं कोलेश्वर सोरेन ने हूल क्रांति को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण अध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि शोषण मुक्त समाज का सपना साकार करना ही इन महान शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने दोहराया कि झामुमो आदिवासियों और मूलवासियों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत है।कार्यक्रम में अभय सिंह, दिलीप रजक, मो. जाकिर, अनवर अंसारी, राकेश रंजन, अनुभव सिंह, वकील चौड़े, संजय वर्मा, तेजो मंडल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के उपरांत सिहोडीह निवासी प्रमोद स्वर्णकार, मोहन स्वर्णकार एवं विनोद स्वर्णकार ने झामुमो की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## संक्षिप्त समाचार

### समिति ने लाभुकों से की पूछताछ, रिपोर्ट जिला स्तर पर होगी प्रस्तुत

**गिरिडीह (नबिटासं)।** क्षेत्र में चल रही योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा के तहत संबंधित समिति द्वारा गांव का दौरा कर लाभुकों से विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने



लाभुकों से योजनाओं के लाभ, समस्याओं एवं जमीनी हकीकत को समझने का प्रयास किया समिति ने केवल लाभुकों से ही नहीं, बल्कि गांव के ग्राम प्रधान मांझी हड़ाम, जोग मांझी गोड़ेत, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा गांव के बुजुर्गों से भी बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर जानकारी एकत्र की। ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा करते हुए योजनाओं के प्रभाव और कुछ चुनौतियों की भी जानकारी दी समिति द्वारा एकत्रित सभी तथ्यों एवं सुझावों को संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही जिला समिति को सौंपा जाएगा। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

### नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर 12 अप्रैल को

**गिरिडीह (नबिटासं)।** शहरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम, गिरिडीह एवं गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में 12 अप्रैल 2026 (रविवार) को नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा यह शिविर सुबह 11:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर से संबंधित प्रारंभिक जांच और परामर्श दिया जाएगा आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की भी जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की पहचान शुरूआती चरण में संभव है, जिससे इलाज में आसानी होती है शिविर को सफल बनाने के लिए सभी समाज के लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

### डीएम से मिलकर अभिभावक संघ ने अवैध राशि उगाही पर रोक लगाने की मांग की

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले के निजी स्कूल में पढने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के संघ ने जिला पदाधिकारी से मिलकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा अधिकार कानून एवं बिहार सरकार द्वारा निजी स्कूल के शुल्क को लेकर बनाये गये कानून की अवहेलना किये जाने को लेकर एक आवेदन दिया है।संघ के अध्यक्ष समरेंद्र कुणाल के नेतृत्व में



अभिभावकों ने निजी विद्यालयों में वार्षिक शुल्क लेने पर रोक लगाने, युनिफार्म एवं किताब आदि चिह्नित दुकानों से हीं खरीदने की बाध्यता बंद कराने,स्कूलों में शुल्क आदि सभी भुगतान ऑनलाईन लेने व्यवस्था कराने,आरक्षित एवं वंचित वर्गो के बच्चों का 25 फीसदी नामांकन सुनिश्चित कराने, प्राथमिक स्तर पर शिक्षक अनुपात 30 : 01 तो उच्च प्राथमिक स्तर पर 35 : 01को अनिवार्य कराने,सरकार द्वारा निर्धारित एनसीआरटी की जगह अन्य प्रकाशन की पुस्तक खरीदने की बाध्यता पर रोक लगाने सहित अन्य मांग शामिल है। अभिभावकों ने बताया कि जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कारवाई किये जाने का आश्वासन दिया है।

### सालमारी में मस्तान बाबा का उर्स शांतिपूर्ण सम्पन्न

**सालमारी (नबिटासं)।** सालमारी बाजार स्थित हजरत शाह एहसानुल हक मज्जुब बाबा उर्फ मस्तान बाबा का सालाना उर्स शुक्रवार को शुरू हो कर शनिवार के रात में शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अकीदतमंदों के बीच लंगर का वितरण किया गया। उर्स कमेटी के सचिव बदरूज्जमा ने बताया की मस्तान बाबा के मानने वाले बिहार



बंगाल तक फैला हुआ है। प्रत्येक वर्ष उर्स के मौके पर हजारों अकीदतमंद मजार शरीफ में हाजरी दे कर फातेहा खानी में शरीक हो कर अपनी मनोकामना पूरी होने के लिए दुआ करते हैं। उर्स के मौके पर अकीदतमंदों की सुविधा के लिए कमेटी की ओर से बिजली, पानी, पंडाल के साथ साथ हर तरह की तैयारी की गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस सहित भोलेंटियर तैनात रहा। उन्होंने बताया की शुक्रवार के शाम में बाद नमाज मगरीब चादर पोसी, कूल शरीफ, फातेहा खानी के बाद महफि ले शमा कव्वाली का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार को बाद नमाज फजर कुरआर खानी, कूल शरीफ के बाद फातेहा खानी के बाद लंगर का वितरण के साथ समापन हुआ।

# डीआरडीओ की डरें टू ड्रीम 5.0 प्रतियोगिता में रोशन राज दूसरे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डी ए वी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के पूर्व छात्र रोशन राज ने देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ द्वारा आयोजित डरें टू ड्रीम 5.0 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रोशन राज ने अपनी टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत की 850 टीमों को पीछे छोड़कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस उपलब्धि पर उन्हें 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।




रोशन राज की टीम, जिसमें बीआईटी सिंदरी के छात्र भी शामिल थे, ने आपदा परिस्थितियों के लिए एक अत्याधुनिक आपातकालीन संचार प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली बिना इंटरनेट या अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर निर्भर हुए पीड़ितों और राहत एजेंसियों के बीच सुरक्षित संचार स्थापित करने में सक्षम है। इस परियोजना में एआई आधारित सत्यापन प्रणाली का उपयोग किया गया है, जिसे नए भारत की डिजिटल संप्रभुता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है डीआरडीओ द्वारा इस परियोजना को आगे व्यावहारिक रूप देने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे यह तकनीक आपदा प्रबंधन में जीवन रक्षक साबित हो सके रोशन राज की नवाचार यात्रा स्कूल के दिनों से ही शुरू हो गई थी। उन्होंने आईआईटी आईएसएम धनबाद की आविष्कार प्रतियोगिता में भी अपने प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए थे। सीखने की उनकी ललक ने उनके इंजीनियरिंग कौशल को मजबूत आधार दिया। वर्तमान में वे इसरो के रोबोटिक चैलेंज के लिए स्वायत्त ड्रोन और रोवर प्रोजेक्ट पर भी कार्य कर रहे हैं साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले रोशन राज के पिता डीटीडीसी कूरियर सर्विस में कूरियर डिलीवरी का कार्य करते हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रोशन ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नई ऊंचाइयों को छुआ है आज विद्यालय परिसर में पहुंचकर रोशन राज ने अपने पुराने अटल टिंकरिंग लैब (एटल ) कक्ष में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# जांच में 4 वाहन जब्त, 78 हजार का चालान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई जमुआ थाना क्षेत्र में सघन जांच के दौरान तीन वाहनों को जब्त किया गया। जांच में पाया गया कि ये वाहन बिना आवश्यक कागजात के संचालित हो रहे थे और यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

सभी वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है वहीं हीरोडीह थाना क्षेत्र में एक ओवरलोडेड वाहन पकड़ा गया। वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लेकर चल रहा था, जिससे सड़क सुरक्षा को खतरा था। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर चालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है खोरीमहुआ क्षेत्र में भी अभियान के दौरान हेलमेट नहीं पहनने, कागजात की कमी और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में तीन वाहनों का चालान काटा गया। इस दौरान कुल 78 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिले में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर नगर भवन में कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में आगामी 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले स्कूल रुआर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर नगर भवन, गिरिडीह में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और गांव-गांव तक जागरूकता अभियान चलाएं उन्होंने



कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को संवारने का सशक्त माध्यम है। 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने, घर-घर संपर्क, अभिभावकों से संवाद और जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे कार्यशाला में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्य योजना और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई अधिकारियों को बताया गया कि विशेष नामांकन शिविर, अभिभावक बैठक, तथा प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों के जरिए अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि समय पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें कार्यशाला में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती अंजना भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी, शिक्षकों और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 113वें महाधिवेशन की गौरव यात्रा का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय माहुरी वैश्य महामंडल के 113वें महाधिवेशन के उपलक्ष्य में शनिवार को गिरिडीह में भव्य ह्यगौरव यात्राह्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकजुटता और उत्साह का शानदार परिचय दिया पंचंबा स्थित तुलसी वेंकटेश विवाह भवन से सुबह 7:30 बजे विधि-विधान के साथ बाइक रैली को रवाना किया गया।



यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गिरिडीह टावर चौक पहुंची और पुनः 10:30 बजे विवाह भवन में आकर संपन्न हुई। गौरव यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवक एवं प्रबुद्धजन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शामिल हुए। ह्यजय माँ मथुरासिनीह्न के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता का संदेश देना तथा आगामी महाधिवेशन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा कार्यक्रम में अध्यक्ष संजीत तरवे, अध्यक्ष अरुण गुप्ता, मंडल सचिव अजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, केंद्रीय नवयुवक समिति के साहिल कुमार, दिनेश गुप्ता, हरिमोहन कंधवे सहित कई गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे इसके अलावा अतुल सेठ, जितेंद्र सेठ, राकेश तरवे, अभय कंधवे, अभिषेक तरवे, आयुष कंधवे, आकाश सुमन, जयदीप तरवे, श्रेष्ठ कंधवे, रितेश कंधवे, विवेक भदानी, रौनक कंधवे, आलोक गुप्ता एवं आदिप एकघरा सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की उपायुक्त ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम और अन्य उपकरणों की स्थिति एवं रखरखाव का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बीयू हॉल, जनरेटर रूम, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा बलों की लॉग बुक तथा अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की निरीक्षण के



क्रम में परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होंने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए इस दौरान अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

# जबतक पिता अथवा पति पर निर्भरता रहेगी स्त्रियां सशक्त नहीं कही जा सकतीं : हरजोत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आज की बालिकाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पुरुषों से समानता चाहती हैं या विशेष सहायता? दोनों एक साथ नहीं हो सकती। जबतक स्त्रियाँ अपने पिता अथवा पति पर निर्भर रहेंगी, तबतक वो सशक्त नहीं हो सकती और न सशक्त कही जा सकेंगी। इसलिए आवश्यक है कि बालिकाएँ स्वयं को पूर्ण आत्म-निर्भरता के लिए तैयार करें।



यह बातें शनिवार को बिहार इण्डस्ट्रीज एशोसिएशन सभागार में लोक-कल्याणकारी संस्था 'अभिलाषा ज्योति फाउंडेशन' के तत्त्वावधान में आयोजित 'बालिका सशक्तिकरणह्व को समर्पित वार्षिकोत्सव एवं सम्मान-समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करती हुई राजस्व परिषद बिहार की अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी हरजोत कौर ने कही। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित बालिकाओं को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें एक गुण-संपन्न नागरिक बनने की सलाह दी। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि अभिलाषा ज्योति फाउंडेशन जैसी संस्थाओं की भूमिका उपेक्षित समुदाय के सामाजिक उत्थान में सराहनीय मानी जाती है। बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली संस्थाएँ प्रशंसा की पात्र हैं। राज्य सरकार भी उपेक्षितों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। समारोह के विशिष्ट अतिथि और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि हमारा भारतीय ज्ञान सदैव नारी-शिक्षा पर बल देता आया है। यह माना जाता है कि यदि एक बालक शिक्षित होता है तो एक व्यक्ति शिक्षित हुआ, किंतु यदि एक बालिका शिक्षित होती है तो एक पूरा परिवार शिक्षित होता है। इसलिए कि एक माता अपनी संतति की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के गुणों और ज्ञान का सर्वाधिक प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है। माता गुणी-ज्ञानी होगी तो उसकी संतति भी वैसी ही होगी। उन्होंने कहा कि धन के पीछे भगाने वाले लोगों को तैयार करने वाली शिक्षा के स्थान पर चरित्रवान-गुणवान बनाने वाली शिक्षा की ओर बालिकाएँ आगे बढ़ें। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था की कोषाध्यक्ष और विदुषी कवयित्री मीरा श्रीवास्तव की बाल-कविताओं के संग्रह 'चिन-चिन चिड़ियाँ' का भी लोकार्पण किया। उद्घाटन-सत्र को बी आइ ए के अध्यक्ष रामलाल खेतान, पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, संस्था की अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव, आशा अग्रवाल तथा मीरा श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन शिवानी गौड़ ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन संस्था के सचिव और बिहार प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी आनन्द बिहारी प्रसाद ने किया। बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण, कवयित्री डा पूनम आनन्द तथा डा मीना कुमारी परिहार की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन के पश्चात तीन सत्रों के आयोजन हुए। प्रथम सत्र में अभिवंचित वर्ग की संस्था 'नारी-गुंजन', 'रेनबो होम्स' तथा मूक-बधिर बालिकाओं के विशेष विद्यालय 'आशादीप' की बालिकाओं ने नृत्य, गीत एवं लघु-नाटिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को भाव-विह्वल कर दिया। दूसरे सत्र में 'बालिका-विमर्श' हुआ, जिसमें पटना विमेन्स कालेज की छात्राएँ उज्जैनी और तृषा तथा बाँकीपुर कन्या विद्यालय की छात्रा अपेक्षा ने अपने मन की बातें रखी। महिलाओं और बालिकाओं के बीच एक सार्थक संवाद भी हुआ, जिसमें आज की माताएँ, जो कल बालिका थीं विभारानी श्रीवास्तव, डा अनीता राकेश तथा जयंती झा और बालिकाओं की ओर से आकांक्षा, कृतिका और शरिया ने जो कल की माता होंगी अपनी बातें रखीं।

# ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने को लेकर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खूंटी**। झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी द्वारा आज समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त आलोक कुमार एवं जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया समस्त अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी विस्तार से दिया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने की दिशा में "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम की भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य स्तर पर 9 अप्रैल को हुआ है, वहीं आज 11 अप्रैल को जिला स्तर पर "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है, इसी प्रकार 13 अप्रैल को प्रखंड स्तर पर एवं 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विद्यालय स्तर पर व्यापक रूप से "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम चलाया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन विद्यालयों में विशेष मध्याह्न भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ाना एवं शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। "स्कूल रुआर 2026" अभियान के तहत यह प्रयास बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों की स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा शिक्षा के प्रति अभिभावकों और बच्चों में जागरूकता बढ़ाना है। विशेष कर ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल जाने हेतु हमे प्रेरित कर उन्हें स्कूल भेजने है। इस कार्य में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी के सहयोग से इस कार्यक्रम के तहत हम बच्चों को स्कूल जाने हेतु प्रेरित करें। इस कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और नियमित रूप से विद्यालय आए, उनकी उपस्थिति में सुधार हो। उन्होंने सरकार द्वारा बच्चों को दिए जा रहे सुविधा की भी जानकारी दी। उपायुक्त ने आगे कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है, सरकार हर प्रकार से बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है, हमे भी आगे आकर ऐसे बच्चों को चिन्हित करने की आवश्यकता है, जिन्होंने किसी कारणवश अपना पढ़ाई पूरा किए बिना विद्यालय छोड़ दिया है, उन्हें चिन्हित कर उनका विद्यालय में पुनः दाखिला करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं अभिभावकों से अपील किया कि वह समाज के जागरूक व्यक्ति होने का परिचय दे और अपने आस पड़ोस में यदि इस प्रकार के बच्चें है तो उन्हें जागरूक करें, या प्रशासन को सूचित करें, जिससे उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सके। "स्कूल रुआर 2026" कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान और पुनः नामांकन, बच्चों की उपस्थिति में सुधार, माता-पिता और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा, शिक्षा को रोचक और आकर्षक बनाकर बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, स्थानीय जन प्रतिनिधि समेत जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीआरपी, बीआरपी, शिक्षक, स्कुली बच्चें समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## महिला से सोने की चेन छीनकर भागने वाला पकड़ाया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार की शाम एक महिला के गले से एक व्यक्ति ने सोने का चैन छीनकर भागने का प्रयास किया। इस बीच वहां पर मौजूद अन्य यात्रियों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया। साथ ही इसकी सूचना जीआरपी थाना की पुलिस को दी। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना की पुलिस स्टेशन पहुंचकर व्यक्ति को पड़कर जीआरपी थाना ले गई। वहां पुलिस उस व्यक्ति से गहन पूछताछ कर रही है। मौके पर उपस्थित जीआरपी थाना की पुलिस ने यात्रियों से अपने सामान की सुरक्षा पर ध्यान देने व चोर- उचक्कों से सावधान रहने का आग्हान किया है। बताते चले कि मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली -मुंबई जैसे अन्य स्थानों से ट्रेन पहुंचती है।ट्रेन से उतरकर यात्री अपने गंतव्य स्थान तक जाते हैं। इसी बीच नशा करने वाले व्यक्ति व लुटेरे हमेशा इस ताक में रहते हैं कि यात्रियों को किस तरह लूटा जाए। मौका मिलते ही लुटेरे संबंधित यात्री को लूट लेते हैं। इसकी भनक भी पुलिस को भी नहीं मिलती है।

# नालसा योजना के तहत पीड़ित महिलाओं को मिलेगा न्याय और सहारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**झाझा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमुई के तत्वावधान में जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत हथिया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, खासकर अपराध पीड़ित महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे समय पर न्याय और सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का विषय नालसा की अपराध पीड़ित महिलाओं के मुआवजा के लिए विधिक सेवा योजना रखा गया था। शिविर का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमुई के पैनल अधिवक्ता श्री अशोक प्रसाद केसरी तथा पारा विधिक सेवक अविनाश कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता श्री केसरी ने उपस्थित ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह योजना उन महिलाओं के लिए बनाई गई है जो किसी भी प्रकार के अपराध, जैसे एसिड अटैक, बलात्कार या अन्य गंभीर अपराध की शिकार होती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता, चिकित्सा सुविधा, पुनर्वास तथा विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने जीवन को पुनः सामान्य रूप से जी सकें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि किसी भी पीड़ित महिला या उसके आश्रित को सहायता प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में आवेदन करना होता है। आवेदन प्राप्त होने के बाद प्राधिकार द्वारा मामले की जांच कर अंतरिम राहत प्रदान की जाती है तथा न्यायालय के निर्देशानुसार अंतिम मुआवजा दिलाने में भी सहायता की जाती है। शिविर के दौरान यह भी बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पीड़ितों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी न्यायिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम के अंत में पैनल अधिवक्ता ने महिलाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनों, जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना एवं महिला सुरक्षा से जुड़े अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई। इस जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताई।

# रील बनाने के चक्कर में गई युवक की जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)**। युवा सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए कई खतरनाक स्टंट करते दिख रहे हैं। इससे उनकी रील युनीक बने व वह रातों रात वायरल हो जाए। लेकिन कई बार खतरों से खेलने में वे अपनी जान भी खो देते हैं। एक ऐसा ही मामला पलामू जिले के चियांकी पहाड़ के नजदीक एनएचआई 39 के अधूरे निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास घटी। शुक्रवार की रात 8 बजे बर्थ-नाईट मना रहे दोस्तों ने रील बनाना शुरू किया। रील बनाने के चक्कर में स्कूटी के साथ नाबालिग युवा अधूरे फ्लाई ओवर से नीचे औंधे मुंह गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान 15 वर्षीय अमन उरांव के रूप में हुई है। वह सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा का निवासी है। घटना के बाद दोस्तों ने अपने परिवार के लोगों को जानकारी दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। साथ ही एनएचआई पर भी सवाल उठा है। निर्माण करा रही कंपनी अधूरे फ्लाई ओवर को बिना किसी रुकवाट या घेरा के यूं ही छोड़ रखा है। अमन 8वीं कक्षा का छात्र था। वह जब घर से निकला उस समय घर पर मां- पिता मौजूद नहीं थे। दोस्तों के कहने पर पार्टी के लिए वह निकल गया। वह अपने घर में सबसे छोटा था। घटना के बाद घर में मातम का माहौल छा गया है।

# कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खूंटी**। उपायुक्त आर० रॉनिटा द्वारा झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर आज समाहरणालय के सभागार में सभी 14 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि झारखंड स्टॉफ सेलेक्शन कमिशन द्वारा 12 अप्रैल 2026 को जिले में झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए खूंटी जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 4668 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगी। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त द्वारा सभी केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी पूर्ण रूप से सक्रिय रखें, मोबाइल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहे तथा सभी इन्विजिलेटर समय पर विभागीय नियमानुसार परीक्षा प्रारंभ कराएं। साथ ही गोपनीयता बनाए रखने, सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने, परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, समय पर प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने के संबंध में भी सख्त निर्देश दिए गए। सभी केंद्र अधीक्षक को अपने स्तर से सभी इन्विजिलेटर को दिए गए निर्देशों की जानकारी देने एवं उन्हें सम्पूर्ण ब्रीफिंग के निर्देश दिए गए। इस बैठक में अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा पॉल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पलामू के सिविल सर्जन ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)**। टीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए शनिवार को सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के साथ 'निक्षय वाहन' को हरी झंडी दिखाकर पलामू जिले के सुदूरवर्ती इलाके के लिए रवाना किया। निक्षय वाहन आधुनिक तकनीकी युक्त हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन की सुविधा से लैस है। इससे अब दूर-दराज के गांवों में घर बैठे ही मरीजों के फेफड़ों की जांच की जा सकेगी। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि वाहन का मुख्य उद्देश्य टीबी के संभावित मरीजों की जल्द से जल्द पहचान करना है । साथ ही उन्हें तुरंत इलाज से जोड़ना है। इससे संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके।

# 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को दिया जायेगा टीका

**औरंगाबाद**। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा राज्यभर में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक निःशुल्क प्रदान की जा रही है। यह विशेष टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह तक राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य सरकारी अस्पतालों में प्रत्येक कार्य दिवस को आयोजित किया जा रहा है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है और बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान को सफल बनाने के लिए जीविका से जुड़ी सभी जीविका मित्र, सीएनआरपी एवं एमआरपी – एचएन अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे पंचायत एवं संकुल संघ स्तर पर कार्य करते हुए 14 से 15 वर्ष की सभी बालिकाओं की पहचान कर रही हैं तथा आशा एवं एएनएम के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसी क्रम में मदनपुर प्रखंड के मनरेगा भवन, वार में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, संस्था निर्माण एवं क्षमता विकास प्रबंधक रणंजय राय एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक ममता कुमारी ने भाग लिया। इस दौरान निशा, एकता, संतोषी एवं महादेव जीविका ग्राम संगठन की बैठक में उपस्थित जीविका दीदियों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व एवं अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार ने सभी जीविका दीदियों से अपील की कि वे अपने परिवार एवं आसपास की 14 से 15 वर्ष की सभी बालिकाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर एचपीवी

## जल स्तर खिसकने से सूखने लगी है नदियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जल स्तर खिसकने से ओबरा प्रखंड के अदरी एवं पुनपुन नदिया खिसकने लगी है। लगातार बढ़ते तापमान का असर ओबरा के दोनों नदियों के साथ पोखर जलाशय पर असर पड़ने लगा है। अदरी व पुनपुन नदिया कई गांवो और शहरों से जोड़ने वाली नदियों मे पानी सूखने के कगार पर पहुंच गया है। जिन नदियों में जहां पर गड्ढे है। वही पानी जम गया है। जिसे दुर्गंध आ रही है। नदी में पानी घट जाने के कारण नदी के धार पतली हो गई है। नदी का दो तिहाई से अधिक क्षेत्र पर रेत ही रेत है। अगर समय रहते जल स्तर को संतुलित नहीं किया जाएगा तो आने वाले दिनों गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। दोनों नदियों में नहाने लाइक पानी नहीं रह गया है।

# मामलों के निष्पादन में तत्परता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खूंटी**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा आधारित नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा, पशुपालन, पेयजल समेत अन्य विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों की समीक्षा कर समिति द्वारा आवश्यक निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने सभी दस्तावेजों की गहन जांच करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के निष्पादन में तत्परता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ हीं लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर सभी जरूरी दस्तावेज जमा कराने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे मामलों में विभागीय निर्देशानुसार ससमय सभी जरूरी दस्तावेजों को जमा कराएं, जिससे ससमय नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक निर्णय लिया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, जिला स्थापना उप समाहर्ता-सह-पंचायतीराज पदाधिकारी, डॉ शिशिर कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद**। भीषण गर्मी के दृष्टिगत पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के प्रत्येक पंचायत में संचालित नल-जल योजनाओं का व्यापक एवं सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि आगामी गर्मी के मौसम में आम नागरिकों को पेयजल की किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए नल-जल योजनाओं के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जहां कहीं भी तकनीकी खराबी, जलापूर्ति में बाधा, कम दबाव, पाइपलाइन क्षति, मोटर एवं पंप की खराबी अथवा अन्य कोई समस्या पाई जाए, उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।स्थलीय निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा नल-जल योजनाओं के अंतर्गत जलापूर्ति की वर्तमान स्थिति, जल की उपलब्धता, आपूर्ति की नियमितता, जल गुणवत्ता, मोटर एवं पंप की कार्यशीलता, जल टंकी की स्थिति, पाइपलाइन नेटवर्क तथा लाभुकों को मिल रही सुविधा का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों से भी संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की गई, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जहां कहीं भी नल-जल योजना आंशिक रूप से संचालित है या बंद पाई जाती है, वहां संबंधित पदाधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कराते हुए नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि योजनाओं का नियमित निरीक्षण कर उसकी अद्यतन स्थिति से जिला स्तर को अवगत कराते रहें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जहां आवश्यकता होगी, वहां सुधारात्मक एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को भीषण गर्मी के दौरान निर्बाध एवं सुचारु रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## सड़क दुर्घटना में मौत पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज**। रफीगंज–गया मुख्य मार्ग पर गोरडीहा के समीप गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया था। जिसमें गया जिला के गुरारू थाना क्षेत्र के गेंद विगहा गांव 47 वर्षीय लक्ष्मण यादव की मौत मौके पर ही हो गयी थी। इसी मामले में मृतक के पत्नि ललिता देवी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उलेख्य किया है कि स्कार्पियो से बैठ कर गुरारू थाना क्षेत्र के महुली से भदवा रफीगंज बारात जा रहे थे। इसी बीच रफीगंज के ग्राम गोरडीहा के पास पीछे से आ रहे ट्रक चालक तेजी व लापरवाही से चलाकर स्कार्पियो में धक्का मार दिया।जिससे स्कार्पियो पास के खेत में पलट गया। सूचना पर ग्रामीण एवं पुलिस के सहयोग से स्कॉर्पियो में बैठे सभी ज़ख्मियों को रफीगंज सरकारी अस्पताल में इलाज है तो लाया गया जिसमें चिकित्सक द्वारामेरे पति लक्ष्मण यादव को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से करें संपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद**। एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6785 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6619 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 11 अप्रैल तक जिला में कुल नए 136 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 11 अप्रैल को प्राप्त कुल 13 शिकायतों में से 12 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# यूजीसी के विरोध में 13 अप्रैल को होगी महापंचायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



औरंगाबाद। यूजीसी के विरोध में 13 अप्रैल को एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा नेता सह मंच के संस्थापक प्रवीण सिंह ने कहा कि कार्यक्रम शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित होगा। इस महापंचायत का नेतृत्व सवर्ण एकता मंच द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रस्तावित यूजीसी कानून के खिलाफ रणनीति बनाना और सवर्ण समाज के लोगों को एकजुट करना है। उनका आरोप है कि यह कानून विशेष रूप से सवर्ण समाज के छात्रों के हितों के खिलाफ है और इसके लागू होने से वे उच्च शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के कारण सवर्ण समाज के बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, जिससे वे या तो पढ़ाई से दूर हो जाएंगे या उन्हें विभिन्न प्रकार की पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा। मंच के कार्यकर्ता इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और महापंचायत में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, इससे पहले देव में आयोजित महापंचायत में हजारों लोगों की उपस्थिति का भी जिक्र किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि इस मुद्दे को लेकर समाज के एक वर्ग में काफी सक्रियता देखी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सवर्ण समाज के जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन यदि समाज एकजुट होता है तो उन्हें भी समर्थन देना पड़ेगा। मंच की ओर से प्रखंड और विधानसभा स्तर पर लगातार बैठकें की जा रही हैं, और आगे जिला तथा राज्य स्तर पर बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।प्रवीण सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस कानून को लागू किया गया तो सवर्ण समाज के लोग सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है और जल्द ही इस पर फैसला आने की उम्मीद है। महापंचायत में यूजीसी कानून का विरोध करने वाले कई प्रमुख चेहरों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जिससे इस आंदोलन को और मजबूती मिल सके। इस मौके पर भाजपा नेता रामकेवल सिंह व राजकुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बम विस्फोट में एसटीएफ के तीन जवान जख्मी

## दरभंगा में हुए सोने-चांदी के जेवरात लूट मामले में छापेमारी करने पहुंची थी टीम

### मामले में अब तक 12 आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** दिनदहाड़े बम धमाका हुआ है। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्पेशल टास्क फोर्स की टीम दरभंगा में हुए सोना लूटकांड में छापेमारी करने नावकोठी थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव गई थी। इस दौरान देसी बम में विस्फोट हुआ। इसी चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फौरन घायल पुलिसकर्मियों को नावकोठी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। यहां से दो पुलिसकर्मियों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

इधर, धमाके के बाद बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है। पुलिस ने किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी है।

पुलिस का कहना है कि दरभंगा में तीन अप्रैल को प्रेम ज्वेलर्स में दो करोड़ रुपए की लूट हुई थी। ज्वेलरी शॉप के मालिक मनोज ठाकुर ने नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि करीब 700 ग्राम सोना, 25 किलो चांदी और लगभग 25 लाख रुपये नकद लूट लिए गए थे। इसके बाद पुलिस ने इस लूटकांड से जुड़े 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं करीब 44 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए थे।

दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि इस मामले में आठ किलो 630 ग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये है, और 156.44 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। कुल बरामद गहनों की कीमत करीब 44 लाख रुपये आंकी गई है। यह बरामदगी बेगूसराय जिले के वृन्दावन स्थित संदीप सिंह के घर से की गई, जहां गहनों को मिट्टी खोदकर गड्ढे में छुपाया गया था। इस दौरान संदीप सिंह, उसकी मां उषा देवी और पिता संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को बेगूसराय से वृंदावन गांव में आरोपी संदीप सिंह के घर के पास छापेमारी करने गई थी। इसी दौरान धमाका हो गया।

इससे पहले चार अप्रैल को भी स्पेशल टीम बेगूसराय के मंसूरचक थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव में छापेमारी गई थी गई। तब पुलिस और अपराधियों के बीच भिड़त भी हुई थी। अपराधियों ने गोलीबारी भी की थी। इसके बाद पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दलसिंहसराय थाना क्षेत्र से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया और एक ने बेगूसराय कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। वहीं, दरभंगा पुलिस असम से भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लाई।

## रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्वी चंपारण जिले के आदापुर थाना में एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद एक अनाधिकृत व्यक्ति थाना परिसर में मुंशी का काम कर रहा था और लोगों से अवैध वसूली कर रहा था। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए इंतखाब आलम नामक व्यक्ति को 14,000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि आरोपी खुद को थाना का मुंशी बताकर आर्म्स लाइसेंस बनवाने के नाम पर एक पूर्व सैनिक से पैसे ले रहा था। शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की राशि ली, उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाया गया है।

# भागवत कथा सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा को ले जलभरी



### जयमाता दी के जयकारों से भक्तिमय हुआ इलाका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के धुरिया ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के निमित जलभरी का कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में धुरिया ग्राम से निकलकर विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए पवित्र सोन नदी के जल से हजारों श्रद्धालुओं के बीच कलश यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया । पवित्र जल का कलश लेकर हजारों श्रद्धालु भक्त जब धुरिया ग्राम पहुंचे तो जय माता दी के उद्घोष से पूरा माहौल धार्मिक वातावरण से गुंजित हो उठा। जलभरी के पश्चात मंडप प्रवेश किया गया, पंचांग पूजन का शुभारंभ हुआ।श्री स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के तत्वावधान में आयोजित भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।

यज्ञ आयोजन समिति के व्यवस्थापक नीतीश पांडेय एवं नरेन्द्र पांडेय ने बताया कि लगातार सात दिनों तक भागवत कथा का प्रवचन होगा। 14 अप्रैल को स्थापित होने वाली प्रतिमा का नगर भ्रमण एवं सैयाधिवास का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 15 अप्रैल को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी एवं 16 अप्रैल को भागवत कथा के समापन एवं भंडारा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति और टोली की विदाई होगी।

# सखी सहायता डेस्क का गठन एवं किशोरी अवस्था कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज के प्रांगण में सखी सहायता डेस्क का गठन एवं किशोरी अवस्था कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई । कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर विजेंद्र कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी मिथिलेश कुमार इत्यादि लोगों ने यौन अपराध एवं लड़कियों की समस्याओं का समाधान पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय की नोडल शिक्षिका रिंकू कुमारी ने आए अतिथियों का स्वागत किया और बालिकाओं को किड्स देकर अपने दैनिक जीवन में उनके उपयोग को विस्तार से बताया।

प्रधानाध्यापक ने पोक्सो एक्ट पर विस्तार से चर्चा की और किशोरियों के एनीमिक होने पर दावों का सेवन करने और किसी प्रकार की सामाजिक विभिन्नता , यौन शोषण, लिंग भेद पर उठाए जाने वाले सरकारी नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा की आप शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहकर शिक्षा ग्रहण करें खान-पान पर बालिकाएं ध्यान दें।

एक स्वस्थ बालिका के कारण ही स्वस्थ भारत बनेगा। किसी प्रकार की अफवाह में नहीं पड़े अगर कोई उन्हें विद्यालय आने-जाने या शिक्षा ग्रहण करने में आपत्ति करता है तो उसकी जानकारी अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक को भी दें।

इस किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में रिंकी कुमारी, मधुबाला कुमारी, एंटीना कुमारी, दिवाकर कुमार, प्रदीप कुमार, प्रीति कुमारी, रीमा सिंह, चंद्रमणि प्रसाद, राजेश कुमार, राजू इत्यादि शिक्षक शिक्षकों ने विशेष रूप से भाग लिया और बालिकाओं को उनके दैनिक जीवन में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

# चैतार गायन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी ।** ग्रामीण संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर द्वारा टिकारी स्थित अपने आवास पर चैतार गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के कई प्रसिद्ध लोकगीत गायकों एवं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

कार्यक्रम में मां तारा नगरी केसपा के लोकगीत गायक देवेन्द्र शर्मा उर्फ सीआरपी, रामानुज शर्मा उर्फ आडवाणी जी, दिनेश , सुबोध पासवान, भैरवा के व्यास, घंघौला के रामजी शर्मा, शिव, धर्मेन्द्र शर्मा सहित दर्जनों कलाकारों ने भाग लिया और पारंपरिक चैतार गीतों के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

आयोजक हिमांशु शेखर ने सभी कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैप्पी किड्स विद्यालय के निदेशक संजय अथर्व ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में ग्रामीण संस्कृति धीरे-धीरे फीकी पड़ती जा रही है, ऐसे में इस तरह के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वक्ताओं ने कहा कि भारत गांवों का देश है, लेकिन अब गांवों में भी शहर की संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में ग्रामीण परंपराओं और लोकसंस्कृति को बचाए रखना युवाओं का कर्तव्य है।

इस अवसर पर रामेश्वर उच्च विद्यालय के प्राचार्य अबरार आलम, बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा, चर्चित फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमित नारायण रघु, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, पैक्स अध्यक्ष सुबोध शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दहियार बस पड़ाव का भव्य शुभारंभ

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत दहियार में नव निर्मित बस पड़ाव का भव्य शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम काफी उत्साहपूर्ण रहा कार्यक्रम का उद्घाटन रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बस पड़ाव के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, मुखिया रामचंद्र सिंह, संतोष सिंह, जिला युवा अध्यक्ष विमल कुमार गोलू, सौरव कुमार, विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी नवीन कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक डीके मोहन झा, थाना प्रभारी रबींद्र कुमार, मणिशंकर सिन्हा, दिनेश कुमार गोलू सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके युवा मोर्चा अध्यक्ष माधव झा, शंभु झा, श्रवण झा, नवीन कुमार, मनीष कुमार, नीतीश, चंदन, नूनू झा, अखिलेश गुप्ता, विमलेश चौधरी, धनश्याम राय एवं राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी शामिल थे।

# मासूम की बोली लगाते महिला गिरफ्तार

## पुजारी के शक ने बचायी मासूम की जिंदगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के बाढ़ अनुमंडल में बाल शनि धाम मंदिर के पास स्थित सीढ़ी घाट पर एक महिला को बच्चा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि महिला पिछले कुछ महीनों से सीढ़ी घाट पर रोज स्नान के लिए आती थी और हाल के दिनों में दयाचक आश्रय स्थल में रह रही थी।

जानकारी के अनुसार, महिला भगवतीपुर करमौर की रहने वाली है।

पारिवारिक विवाद के कारण वह अपने दो महीने के बच्चे को लेकर घर से बाहर रह रही थी। आरोप है कि उसने अपने ही बच्चे का सौदा 50,000 रुपये में एक स्थानीय महिला से तय किया था, लेकिन बाद में वह 25,000 रुपये में बच्चा बेचने के लिए तैयार हो गई।

बाल शनि धाम मंदिर के पुजारी शिवजी मुनि ने बताया कि जब महिला मंदिर के पास बच्चे की बोली लगा रही थी, तभी उन्हें उस पर शक हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही बाढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि बच्चा उसी महिला का है या कहीं से चोरी किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# कार्यक्रम में नहीं पहुंचे सम्राट, राजनीतिक हलकों में अटकलों का बाजार गर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले का 199वां जयंती समारोह भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मनाया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्री रामकृपाल यादव, संजीव चौरसिया सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य चर्चा यह रही कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इसमें मौजूद नहीं रहे, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दरअसल, भाजपा के प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले का 199वां जयंती समारोह आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी शामिल होना था, लेकिन वे कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। इसके बाद यह चर्चा शुरू हो गई कि मुख्यमंत्री के रेस से बाहर रहने के कारण वे नाराज हैं, और इसी वजह से उन्होंने कार्यक्रम से दूरी बनाई है।

हालांकि, जब इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा से सवाल किया गया, तो उन्होंने किसी भी तरह की नाराजगी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है और दो उपमुख्यमंत्रियों में से एक की मौजूदगी ही पर्याप्त है।

वहीं, इस मामले पर मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने भी स्पष्ट किया कि इसमें कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन किसी कारणवश नहीं आ सके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे, इसका यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि वे भी नाराज हैं।

## मनाई गई कस्तूरबा गांधी की जयंती

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार के दिन कस्तूरबा गांधी जयंती मनाया गया।इस मौके पर वक्ताओं ने विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहते हुए उनके बताए पदचिन्हों पर हम चलने की जरुरत पर जोर दिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी, बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, प्रधानाध्यापक सिराज खान वार्डन किरण कुमारी शिक्षक सत्यनारायण प्रसाद,जितेंद्र कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्राएं उपस्थित थे।

## नशेड़ी ने किया पुलिस पर हमला

**अररिया।** नशेड़ियों ने एक बाइक सवार को रोकवा कर जबरन उसके साथ मारपीट कर छिनतई किया। पीड़ित ने जब पुलिस को फोन किया तो सभी आरोपित एकजुट होकर पुलिस के साथ हाथापाई कर आरोपित को छुड़ा ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस भी मामले में कार्रवाई में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के बढ़ेपारा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या आठ निवासी संतोष कुमार यादव पिता कमलेश्वरी यादव शनिवार के दिन के करीब 10 बजे अपने बाइक से अपनी बहन को फारबिसगंज कॉलेज छोड़कर वापस घर जा रहा था।

# नहर में पानी उपलब्ध कराने हेतु धरना-प्रदर्शन

## चार जिलों के किसान हो रहे प्रभावित : विजय कुमार मिट्ठू




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को फतेहपुर प्रखंड के सोहजना- दोनैया गांव के पास ढाढर नदी पर बने बाराज के पास कॉग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय किसान- मजदूर ने शांतिपूर्ण महाधरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर 62 वर्ष पूर्व की परिकल्पना ढाढर सिचाई परियोजना में सालों भर पानी की उपलब्धता हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग दोहराया। महाधरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, फतेहपुर प्रखंड कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय, युवा कॉग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, पंकज कुमार पंकज, इंटक के जिला महासचिव टिंकू गिरी बुलंद अख्तर, प्रयाग यादव, सुरेंद्र शर्मा, ब्रह्मदेव पासवान, मोहम्मद शाहनवाज, बालेश्वर यादव, पंकज कुमार, आदित्य कुमार, नीतीश कुमार, राजा साह, नौशाद शाह आदि ने ढाढर परियोजना के वर्षों से लंबित पानी की समस्या का समाधान करो, बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार से पानी की समस्या को अविलंब सुलझाना होगा, आदि नारों को बुलंद करते हुए घंटों जमे रहे। नेताओं ने कहा कि गयाजी, जहानाबाद , नवादा, नालंदा जिला के लाखों हेक्टेयर जमीन को सिंचित करने के उद्देश्य से बना ढाढर परियोजना सिर्फ बारिश की पानी का स्टोरेज बन कर रह गया है, चार जिलों के सिचाई का सपना अब चार गांवों तक सिमट कर रह गया है। नेताओं ने कहा कि 20 अगस्त 2020 को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 300 करोड़ के लागत से बने बराज का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन के बाद झारखंड से पानी के करार होने के बाद भी अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिलने से पूरी तरह मरू भूमि बना हुआ है। कई दशकों से झारखंड के तिलैया जलाशय से पानी की आश में बैठे दक्षिण बिहार के बड़े हिस्से में किसान खेती के लिए आज भी बारिश, बिजली, डीजल पर आश्रित हैं। सौहजना बराज के दोनों ओर नहर निकलने की योजना थी, फिलहाल एक नहर रामपुर शाखा 26 किलोमीटर लंबा नहर निकाला गया है, जिससे जिला के फतेहपुर, टनकुप्पा, वजीरगंज, अतरी, मो. सहित अन्य प्रखंडों के खेतों में बारिश के समय पानी रहने से सिचाई होती हैं अन्यथा सूखी रहती है। जबकि दूसरा पूरब की ओर सिर्फ नहर का मुहाना बनाया गया है, जहां से नहर निकाल नवादा ले जाना था, जिसके लिए 10 किलोमीटर का खुदाई भी हुआ वो अभी पूरी तरह भर गया है जो कहीं दिखता भी नहीं। नेताओं ने बिहार एवं झारखंड सरकार के बीच वर्षों से पानी की समस्या के समाधान हेतु इंटर स्टेट वाटर डीसप्यूट एक्ट के केंद्रीय ट्रिब्यूनल में 2018 से दिए गए आवेदन पर यथा शीघ्र विचार कर तिलैया जलाशय से ढाढर नदी में पानी गिरने की मांग को लेकर राज्यपाल बिहार, मुख्यमंत्री, केंद्रीय जल संसाधन मंत्री, नई दिल्ली, जल संसाधन मंत्री, बिहार सरकार, जिला अधिकारी गयाजी एवं अंचल अधिकारी फतेहपुर को विस्तृत ज्ञापन देने का काम किया।

# अंजलि कुमारी को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव।** प्रखण्ड ग्राम पंचायत भवानीपुर ग्राम कुम्हार विगहा बसंत प्रसाद की सुपुत्री अंजलि कुमारी ने रेलवे विभाग परीक्षा में 198रैंक लाकर देव औरंगाबाद बिहार का नाम रोशन किया है। इसकी सफलता पर राम लक्ष्मुमण जानकी गायत्री ट्रस्ट के द्वारा अंजलि एवं उनके माता-पिता को पुष्पहार देकर मुंह मीठा कराया गया।साथ साथ गायत्री दुपट्टा अंगवस्त्र एवं श्री राम शर्मा आचार्य जी के रचित पुस्तक अर्पित कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष अपिश्वर सिंह, व्यवस्थापक रामसेवक, संरक्षक मंडल बसंत प्रसाद, अमरेन्द्र चौरसिया, बलिंद्र मेहता गायत्री परिवार ने आशिर्वाद देते हुए इससे ऊंचाई छूने की कामना करते हुए शुभाशीष दिया।

# प्रवेश उत्सव की बैठक में वंचित बच्चों के नामांकन पर दिया गया बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार में शनिवार को प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बीआरपी बालमुकुंद ने सभी प्रधानाध्यापकों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश उत्सव पूरे अप्रैल माह तक चलेगा। सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवेश उत्सव को आनंददाई माहौल में मनायें।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के पोषक क्षेत्र में 5 वर्ष के बालक से लेकर 14 वर्ष आयु के बालक को नामांकन के लिए प्रेरित किया जाए। इस कार्यक्रम के लिए उम्र सापेक्ष छात्र-छात्राओं का नामांकन अभियान चलाया जाए तथा पोषक क्षेत्र के घर-घर शिक्षकों को दायित्व देकर सर्वेक्षण का काम किया जाए। सर्वेक्षण की जिम्मेवारी सहायक शिक्षकों को दिया जाए। नामांकन अभियान को विशेष रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। बताया गया कि विद्यालय में बैनर लगाकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रत्येक दिन चेतना सत्र में इसकी जानकारी दिया जाए।



बैठक में प्रधानाध्यापकों को बताया गया कि विद्यालय में संसाधनों की शुद्दढि करण किया जाए। प्रधानाध्यापकों को जानकारी दिया गया कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र में एक भी 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चे नामांकन के लिए छूटे नहीं। दिनेश कुमार ठाकुर लेखा एकाउंटेंट ने जानकारी देते हुए बताया कि समग्र विकास योजना वाले एसबीआई के सी एफ एमएस खाता खोलने और ट्रेजरी से सीधे पैसे की भुगतान होने के लिए अब फॉर्मेट में चेकर एवं मेकर फॉर्मेट भरे अब चेकर होंगे प्रधानाध्यापक एवं मेकर होंगे सहायक शिक्षक। शीघ्र ही फार्मेट बीआरसी कार्यालय में जमा किया जाए।

मौके पर प्रधानाध्यापक सत्यनारायण आर्य ,उमेश राय ,राजकुमार राय, प्रमोद सिंह ,मृत्युंजय कुमार राय, मोहम्मद अब्दुल्ला, राम बहादुर राम, अरुण कुमार पासवान, रामनाथ पंडित ,विनोद कुमार सिंह ,अवधेश कुमार चौधरी ,राममिलन सहनी, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, हीरानंद झा, प्रदीप पासवान, बिहारी दास ,नंदन कुमारी, आरती कुमारी, शैल कुमारी, कुमारी संगीता, सुषमा कुमारी सहित प्रधानाध्यापकों एवं प्रधान शिक्षकों ने भाग लिया।

# शार्ट सर्किट से गेहूं फसल में लगी आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के नामीडीह गांव में गेहूं खेत में आग लगने से लगभग पांच एकड़ खेत में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही किसान और स्थानीय लोगों का हुजूम खेतों में पहुंच गई एवं मिट्टी, कादो, बोरिंग आदि के पानी से आग पर काबू पाया गया।

घटना की जानकारी लोगो ने पुलिस को दी। इसके बाद लालगंज और करताहां थाने की पुलिस की टीम दमकल के साथ पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू किया गया। हालांकि जब तक पांच एकड़ की फसल जलकर राख हो चुकी थी।

घटना के बाद किसानों का रो-रोकर बुरा हाल था। किसानों का कहना है कि बड़ी मेहनत और लगन के साथ बैंक से सूद ब्याज पर पैसा लेकर खेती की थी। आशा थी कि फसल तैयार होगा तो अनाज को बेचकर बैंक का कर्ज चुका दूंगा। लेकिन आशा पर निराशा फिर गया और सारा फसल जलकर राख हो गया।

नामीडीह के किसान अजय कुमार सिंह उर्फ कन्हाई सिंह, मनोज कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार उर्फ बमबम, बिपिन कुमार सिंह एवं अन्य किसानों के खेत में लगी लगभग पांच एकड़ गेहूं की फसल में बिजली की शाट सर्किट से आग लगी थी।

इस दौरान ग्रामीणों और किसानों ने सूझबूझ और तत्परता से आग पर काबू पाया। किसानों का कहना है कि खेत के बीचों बीच बिजली विभाग की तार गुजरती है। कहीं-कहीं लटकते तार की वजह से बिजली का शाट सर्किट होता है। जिसके कारण गेहूं की फसल में आग लग गई और पांच एकड़ की फसल जलकर राख हो गई।

इस संबंध में लालगंज बिजली विभाग को कई बार मौखिक और लिखित जानकारी दिया गया था।

# गैर चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना खेती बढ़ाने की पहल, मुफ्त बीज दे रही बिहार सरकार

## गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार योजना के तहत 468.93 एकड़ में लगा गन्ना बीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बंद चीनी मिलों को पुनः चालू करने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों की स्थापना एवं बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गन्ना उद्योग विभाग द्वारा गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार योजना शुरू की गई है। ताकि गैर चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना खेती को बढ़ाया जा सके। विदित हो कि राज्य सरकार बंद चीनी मिलों को चालू करने के साथ-साथ बिहार के 25 जिलों में नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त जहां चीनी मिलें नहीं है वहां गुड़ उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस हेतु गन्ना उद्योग विभाग द्वारा बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

**468 एकड़ में शुरू हुआ विस्तार**

विभाग के अनुसार नई चीनी मिलों की स्थापना एवं गुड़ उद्योग को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से गन्ना खेती के विस्तार का कार्यक्रम शुरू किया गया है जिससे राज्य के किसान गन्ना खेती को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। इस योजना के अंतर्गत राज्य के गैर चीनी मिल क्षेत्रों में अब तक 468.93 एकड़ में गन्ने की खेती की जा चुकी है। इसमें भागलपुर, भोजपुर (आरा), दरभंगा, गया, जमुई, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, सहरसा एवं सीतामढ़ी जिले शामिल हैं।

**विभाग दे रहा निःशुल्क गन्ना बीज**

गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार योजना के तहत जिन क्षेत्रों में चीनी मिल नहीं है, वहां गन्ना खेती को बढ़ावा देने के लिए गन्ना उद्योग विभाग किसानों को निःशुल्क गन्ना बीज उपलब्ध करा रहा है। इस योजना के अंतर्गत न्यूनतम 0.25 एकड़ से लेकर अधिकतम 5 एकड़ तक खेती करने वाले किसानों को निःशुल्क गन्ना बीज दिया जा रहा है। इसके लिए विभागीय अधिकारी लगातार किसानों से संपर्क कर रहे हैं।

**गन्ने की खेती से किसानों की आय में वृद्धि व रोजगार के अवसर सृजित होंगे**


विभाग के अनुसार गन्ने की खेती से किसानों की आय में वृद्धि होगी। एक बार गन्ने की बुआई करने के बाद इसे तीन बार तक काटा जा सकता है। गन्ने से गुड़ का उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। साथ ही गन्ने के जूस की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस संबंध में ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने बताया कि राज्य में गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। ताकि किसान पुनः बड़े पैमाने पर गन्ना खेती कर सकें। गैर चीनी मिल क्षेत्रों में किसानों को निःशुल्क गन्ना बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार गन्ना खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## राज्यसभा सदस्य बनने पर हरिवंश सिंह को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जदयू के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को पुनः राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। अध्यक्ष ने कहा कि श्री हरिवंश का व्यापक अनुभव संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता रहा है। उनकी पत्रकारिता, सामाजिक सरोकार और संसदीय जीवन की यात्रा प्रेरणादायी रही है। उन्होंने अपने विचारों और गहन दृष्टिकोण से सदन की कार्यवाही को वर्षों तक समृद्ध किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा के सदस्य के रूप में पुनः मनोनीत होकर श्री हरिवंश देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

## ज्योतिराव फुले की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने की भावभीनी भावांजलि अर्पित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी एवं मानवता के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें भावभीनी भावांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले समतामूलक, न्यायपूर्ण और शिक्षित समाज के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने 19वीं सदी के दौर में सामाजिक कुरीतियां और जातिगत भेदभाव से जकड़े समाज के मध्य सत्य, न्याय और समानता की मशाल जलाई। उनके द्वारा वर्ष 1848 में पुणे में स्थापित प्रथम बालिका विद्यालय ने नारी शिक्षा का ऐतिहासिक सूत्रपात किया। उन्होंने दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय के निमित्त 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। उनकी कृति 'गुलामगिरी' ने दासता की जंजीरों को वैचारिक स्तर पर तोड़ा। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के नये महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने किया पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** अनिल कुमार जैन ने 9 अप्रैल, 2026 को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। पूर्व महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा 31.03.2026 को सेवा निवृत्त हो गए। इसके पश्चात सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक/दक्षिण पूर्व रेलवे ने 01.04.2026 से 09.04.2026 तक अंतरिम व्यवस्था के रूप में महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला। दक्षिण पूर्व रेलवे में महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व अनिल कुमार जैन उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता के पद पर कार्यरत थे। श्री जैन भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा के 1990 बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने 1991 में भारतीय रेल में सेवा प्रारंभ की। उन्होंने 11.08.2021 से 21.07.2023 तक पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है जिनमें उत्तर पश्चिम रेलवे में मुख्य विद्युत अभियंता (योजना), दक्षिण पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में मुख्य डिजाइन अभियंता (विद्युत), रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस में महाप्रबंधक आदि शामिल हैं।

## एफडीपी ने संकाय और शोधार्थियों को दी नई दृष्टि : प्रो. रत्ना अमृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं बी. डी. कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 6 से 11 अप्रैल तक बी. डी. कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं एवं संकाय सदस्यों को नवीनतम शोध प्रवृत्तियों और अकादमिक विमर्श की गहन समझ प्रदान करना था। समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार रखे। डॉ. चंदन श्रीवास्तव (सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय) ने 'मुख्यधारा की पत्रकारिता में स्त्री शोध का एक प्रसंग' विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं डॉ. डी. एन. वर्मा (निदेशक, एसआरसी, बीरभूम) ने ट्राइबल इतिहास लेखन पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसमें शोध की नई प्रवृत्तियों के साथ साहित्य और इतिहास के अंतर्संबंधों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आग का दरिया का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी कालखंड के इतिहास को समझने के लिए उस समय के साहित्य का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत को 'डायनेमिक प्राचार्या' बताते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित कर शोधार्थियों और शिक्षकों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं, बल्कि प्रतिभागियों को नई दृष्टि और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिकांश प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान इस एफडीपी के माध्यम से हुआ होगा। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार ने कार्यक्रम को अकादमिक वातावरण को समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीता कुमारी यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. पप्पू ठाकुर की पुस्तक वीर कुंवर सिंह, स्वतंत्रता के योद्धा का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में शोध के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हुए संस्थागत शोध वातावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जीविका दीदियों के हाथों बनी पोशाक पहनेंगे आंगनबाड़ी के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अब आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को बाजार से खरीदी गई तैयार पोशाक के बजाय जीविका दीदियों द्वारा घरेलू स्तर पर सिली हुई गुणवत्तापूर्ण पोशाक उपलब्ध कराई जा रही है। इसके तहत अब तक 10 लाख से अधिक पोशाक सेट का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा चुका है। पूरे प्रदेश में 1000 से अधिक संकुल स्तर पर जीविका दीदियों के माध्यम से बच्चों की पोशाक की सिलाई का कार्य सक्रिय रूप से चल रहा है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण महिलाओं को हुआ है। हजारों जीविका दीदियों को घर के पास ही सिलाई का काम मिल रहा है जिससे उन्हें औसतन 10 हजार रुपये प्रति माह की आमदनी हो रही है। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना भी बढ़ रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार राज्य में करीब 1.5 लाख महिलाएं वर्तमान में इस सिलाई कार्य से जुड़ी हुई हैं और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। कई जिलों में 'सिलाई घर' या प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां दीदियों को आधुनिक मशीनों और कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यह पहल सिर्फ रोजगार सृजन तक सीमित नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को अब एक समान, टिकाऊ और अच्छी क्वालिटी की पोशाक मिल रही है। प्रदेश में लगभग 1.13 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 50 लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

## किडनी फेलियर में एक्युप्रेशर चिकित्सा लाभदायक : डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर स्थित परिसर में किडनी रोग विषयक एक्युप्रेशर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि किडनी फेलियर में एक्युप्रेशर चिकित्सा अत्यंत लाभदायक साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि किडनी शरीर में रक्त से अवांछित तरल पदार्थ को मूत्र के रूप में बाहर निकालने, आवश्यक रसायनों का संतुलन बनाए रखने तथा हार्मोन नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जब किडनी सही ढंग से कार्य नहीं करती तो इसे किडनी फेलियर कहा जाता है। डॉ. गुप्त ने बताया कि किडनी फेलियर के एक्यूट कारणों में गंभीर संक्रमण, जलन, रक्त प्रवाह में रुकावट, रक्तचाप में असंतुलन, हृदय की विफलता तथा मूत्र मार्ग में अवरोध शामिल हैं। वहीं क्रॉनिक स्थिति में किडनी धीरे-धीरे अपनी कार्यक्षमता खो देती है जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, पथरी, सूजन, सिरदर्द, उल्टी, सांस की समस्या और खुजली जैसी परेशानियां उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि एक्युप्रेशर चिकित्सा के माध्यम से किडनी की कार्यक्षमता में सुधार किया जा सकता है जिससे मरीज स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। साथ ही डॉ. गुप्त का जन्मोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज सचिव डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि एक्युप्रेशर चिकित्सा के जरिए किडनी एवं उससे जुड़े अंग यूरेटर, ब्लैडर और यूरेथ्रा के कार्यों को संतुलित कर क्रिएटिनिन और यूरिया असंतुलन से उत्पन्न समस्याओं का प्रभावी एवं कम समय में उपचार संभव है।

## व्हर्लपूल ने ऑटोमैटिक डीफ्रॉस्टिंग के साथ पेश किया नो टेंशन रेफ्रिजरेटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सिंगल डोर कैटेगरी में अपनी नई नो टेंशन रेफ्रिजरेटर रेंज लॉन्च की। इसे यूजर्स द्वारा सामना की जाने वाली सबसे आम चुनौतियों में से एक, यानी मैनुअल डीफ्रॉस्टिंग (बर्फ पिघलाने) की परेशानी को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी विटामैजिक प्रो और इम्प्रो प्लस रेंज की पेशकश के साथ, व्हर्लपूल ने सिंगल डोर कैटेगरी में ऑटोमैटिक डीफ्रॉस्ट रेफ्रिजरेटर की सबसे बड़ी रेंज लॉन्च की है जो ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक और तनाव-मुक्त रेफ्रिजरेशन का अनुभव प्रदान करती है। व्हर्लपूल ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट - मार्केटिंग, नकुल तिवारी ने कहा कि सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर यूजर्स के लिए डीफ्रॉस्टिंग लंबे समय से सबसे आम और परेशान करने वाली चुनौतियों में से एक रही है, जो अक्सर रोजमर्रा की दिनचर्या में रुकावट डालती है ।

## भारतीय खाद्य निगम ने किया 2500 वें मेट्रिक टन बेचने वाले किसान को सम्मानित


### राज्य में एफसीआइ गेहूं की कुल खरीद हुई 2500 मेट्रिक टन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है। मुजफ्फरपुर जिले के गेहूं क्रय केंद्र पुपरी, नानपुर में 2500वें मेट्रिक टन बेचने वाले किसान ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया जिसके लिए उनको भारतीय खाद्य निगम बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक करनदीप जैन द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर करनदीप जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में किसान भाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा इसके लिए किसानों की भागीदारी देश की उन्नति में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 2500वें मेट्रिक टन बेचने वाले किसान से खरीद के उपरांत राज्य में भारतीय खाद्य निगम की कुल खरीद 2500 मेट्रिक टन को पार कर गई है तथा राज्य सरकार के द्वारा पैक्स एवं व्यापार मण्डल द्वारा की गई खरीद 3437 मेट्रिक टन को मिलाकर राज्य में गेहूं की कुल खरीद 6147 मेट्रिक टन को पार कर चुकी है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा अब तक की गई खरीद के लिए 343 में से 216 किसानों को 4.40 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है तथा औसतन भुगतान अवधि 24 घंटे से भी कम है जबकि भुगतान हेतु अधिकतम समय सीमा 48 घंटे निर्धारित है। वहीं राज्य सरकार द्वारा अब तक 812 किसानों से गेहूं की खरीद की गई है जिसमें से 108 किसानों को 1.13 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है। भारतीय खाद्य निगम की त्वरित भुगतान प्रणाली से किसान बहुत खुश है जिसके फलस्वरूप भारतीय खाद्य निगम द्वारा 130 गेहूं खरीद केंद्रों खोले गए हैं जिसमें 2500 मेट्रिक टन से जायदा गेहूं की खरीद हुई है वहीं राज्य सरकार द्वारा पैक्स / व्यापार मण्डल के माध्यम से लगभग 4438 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं जिनके द्वारा अब तक 2710 और 3417 मेट्रिक टन की खरीद हुई है। समर्थन मूल्य के प्रति जागरूकता एवं व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा भारतीय खाद्य निगम किसानों को सीधे ही बैंक खाते में त्वरित भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य में पिछले वर्ष की तुलना में 160 रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है तथा वर्तमान में गेहूं का समर्थन मूल्य रू.2585 प्रति क्विंटल है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद की रफ्तार काफी अच्छी है, रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जहां आज दिनांक तक कुल 3343 मेट्रिक टन ही खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष यह खरीद 2500 मेट्रिक टन को पार कर चुकी है।

## पटना से चंपारण तक 'एक कदम गांधी के साथ' यात्रा शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आजादी आंदोलन की विरासत, लोकतंत्र, सद्भावना और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से पटना से चंपारण तक 'जहां पड़े कदम गांधी के, एक कदम गांधी के साथ' पदयात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा का शुभारंभ महिला चरखा समिति स्थित जयप्रकाश नारायण के निवास स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष चंदन पाल ने कहा कि देश और दुनिया कई चुनौतियों से गुजर रही है जहां लोकतांत्रिक मूल्यों और सद्भावना पर खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी की प्रेरणा और मूल्य ही विश्व मानवता को बचाने का मार्ग दिखाते हैं और इसी विरासत को संकल्प बनाकर यह यात्रा शुरू की गई है। प्रार्थना के बाद पदयात्री अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान पहुंचे जहां 'गांधी संवाद' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका विषय 'चंपारण सत्याग्रह का संदेश और आज का समय' था। वरिष्ठ लेखिका डॉ. सुजाता चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी की पटना से चंपारण यात्रा केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि सत्य और नैतिकता का मार्ग थी।

## धार्मिक न्यास पर्षद बिहार में बड़े पैमाने पर मनाएगा सनातनी सतुआनी पर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में इस बार सतुआनी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी प्रमुख मठों और मंदिरों में सतुआनी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही यह पर्व केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दलित बस्तियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि इस बार सतुआनी को सामाजिक भागीदारी के साथ मनाने की योजना बनाई गई है। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंदिरों के साथ बस्तियों में भी लोगों के बीच सत्तू और शर्बत का वितरण किया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है।

पटना में इस अवसर पर करीब 50 स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। इन केंद्रों पर लोगों के बीच सत्तू का शर्बत और सत्तू-गुड़ की गोली वितरित की जाएगी। राजधानी के कई प्रमुख मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को इसके लिए चिन्हित किया गया है। इनमें पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर पंचरुपी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरैयामठ के निकट, बांसघाट के काली मंदिर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, चांदपुर बेला शिवमंदिर, पूर्वी लोहानीपुर शिवमंदिर, निशा देवी मंदिर, दलदली सालिमपुर अहरा शिव मंदिर, बाकरगंज कला मंच, दरियापुर खेतान मार्केट, सब्जीबाग, मछुआ टोली अमरुदी गली के सामने मंदिर, गौरैयामठ मंदिर मीठापुर, कालीबाड़ी मंदिर दो पुलवा, शिव मंदिर रोड नंबर 1 सिपारा, चांदपुर बेला बजरंगबली मंदिर, दुर्गा मंदिर, पृथ्वीपुर चिरैयाटांड मारुति नगर मोड़, महावीर स्थान लोधीपुर, पटना हवेली राजा बाजार, दुर्गा मंदिर मंदिरी, दुजरा देवी स्थान, अनिसाबाद गोलम्बर, कौशल नगर हनुमान मंदिर, लाल मंदिर पटेल चौक, राजभवन एसबीआई के पास, सचिवालय मंदिर, शिवपुरी उड़ान टोला शिवमंदिर, श्रीश्री देवी मंदिर शिवपुरी चौक, शिव रामेश्वर मंदिर काली स्थान दादरमंदी, बेउर मोड़ काली मंदिर, जय प्रकाश नगर भोलेनाथ मंदिर, नाला रोड दरियापुर, कदमकुआं हिंदी साहित्य सम्मेलन, काली मंदिर बांसघाट, धनकी मोड़ शिव मंदिर के साथ दलदली, बाकरगंज, सब्जीबाग, मीठापुर, सिपारा, अनिसाबाद, पटेल चौक, सचिवालय, बांसघाट और कदमकुआं समेत कई इलाके शामिल हैं।

## जैन धर्मावलंबियों ने बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनि सुब्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर मुनि सुब्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति के बिहार-झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने मुनि सुब्रतनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। मुनि सुब्रतनाथ के ज्ञान कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया।

## डिजिटल कौशल से बदल रहा युवाओं का भविष्य: कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में आज युवाओं के कौशल विकास को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, डिजिटल स्किल्स और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि कंप्यूटर ज्ञान, अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर, और डिजिटल टूल्स की समझ अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्थान में वर्तमान में डी.सी.ए, टैली, ए.डी.सी.ए एवं अन्य रोजगारपरक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिनमें नामांकन प्रक्रिया जारी है। छात्रों को कम शुल्क में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी भी इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान कई छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां के प्रशिक्षण से उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान मिल रहा है बल्कि आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है। अंत में संस्थान प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी युवाओं से अपील की कि वे समय की मांग को समझते हुए तकनीकी शिक्षा अपनाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## गांवों में भी शहर जैसी सड़क सुरक्षा, बिहार में 26,031 जेब्रा क्रॉसिंग तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना ।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के सुदृढ़ के उद्देश्य से बिहार के सभी 38 जिलों में अब तक 26,031 जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह पहल ग्रामीण सड़कों पर, विशेषकर विद्यालयों, अस्पतालों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के समीप, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता प्रदान करते हुए क्रियानवित की जा रही है जिससे आमजन के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किया जा सके। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस दिशा में सतत कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग के अधिष्ठापन एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। ताकि पैदल यात्रियों के सुरक्षित पारगमन हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही सड़कों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिष्ठापित जेब्रा क्रॉसिंग का नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया गया है जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता बनी रहे। ग्रामीण सड़कों पर भी सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उच्च गति एवं दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां जेब्रा क्रॉसिंग एवं रम्बल स्ट्रिप का निर्माण कराया जा रहा है जिससे वाहनों की गति नियंत्रित हो तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य ने दिव्यांगों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण के लिए हुई जांच एवं माप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना (डिस्ट्रिक्ट 3250) द्वारा आज 11अप्रैल 2026 से तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड, पटना-800004 में दिव्यांगजनों का जांच और अंग को माप कर कृत्रिम अंग बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें।

## संपादकीय

## युद्ध में हुए भीषण हमलों पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए

अभी युद्ध को लेकर जिस तरह की जिद देखी जा रही है, उससे किस तरह का समाधान निकाला जा सकता है। व्यापक पैमाने पर विनाश के बाद जब युद्ध थमेगा, तब किसी भी तरह के समाधान की कीमत क्या होगी?ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को अब एक महीना से ज्यादा हो चुका है, लेकिन अब भी तनाव और टकराव की आक्रामकता में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बीच-बीच में युद्ध विराम की बात उठती है और अगले ही दिन पहले से ज्यादा तीव्रता वाले हमलों के बीच गुम होकर रह जाती है। 8 अप्रैल को सीजफायर की घोषणा हुई थी पर हमले अभी भी जारी है। पिछले दिनों अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप पर फिर हमला किया। इसके अलावा, ईरान के अल्बोर्ज प्रांत में हुए ताजा हवाई हमले में कम से कम अठारह लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है कि अगर ईरान मंगलवार रात आठ बजे तक होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता है, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी की जाएगी।सवाल है कि क्या अमेरिका को इस बात की फिक्र है कि नागरिक ढांचों पर होने वाले हमलों को युद्ध अपराधों के दायरे में देखा जा सकता है। ईरान में हमले की वजह से एक स्कूल की कई बच्चियों की मौत को लेकर पहले ही अमेरिका-इजरायल के रवैये पर तीखे सवाल उठ चुके हैं। ऐसा लगता है कि इस युद्ध में हमले के ठिकाने चुनने के मसले पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए हैं।जहां इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर मिसाइल की मार करने से लेकर बमबारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, वहीं ईरान ने भी इजराइल सहित मध्य-पूर्व के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करने में कोई कमी नहीं की है। इससे इतर युद्ध की वजह से मध्य-पूर्व के समूचे प्रभावित इलाके में जिस पैमाने पर कच्चे तेल का उत्पादन और उसका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, उसका असर समूची दुनिया पर किसी न किसी रूप में पड़ रहा है। बहुत सारे देशों में तेल, गैस और खाद की आपूर्ति बाधित हुई है।विडंबना यह है कि यह सब देखने-समझने के बावजूद युद्ध को खत्म करने या कम से कम कुछ दिनों के विराम की बात भी ठोस तरीके से सिरा नहीं पकड़ रही है। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति आए दिन ईरान में सब कुछ नष्ट कर देने की धमकी देते हैं, तो दूसरी ओर ईरान इसका जवाब देने की बात करता है।तनाव के स्वरूप का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ईरान ने पैंतालीस दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह युद्ध की स्थायी और पूर्ण समाप्ति तथा फिर से ईरान पर आक्रमण नहीं किए जाने की गारंटी चाहता है। एक तरह से ईरान की इस मांग को समझा जा सकता है कि कूटनीतिक प्रयासों की सार्थकता तभी है, जब किसी भी वार्ता के माध्यम से स्थायी समाधान तक पहुंचा जा सके।अगर हल निकालने के लिए चल रही बातचीत में कोई तात्कालिक आश्वासन दिया जाता है और उसमें विश्वसनीयता की कमी होगी, तो ऐसे प्रयास युद्ध के मूल कारणों को दूर करने में नाकाम रहेंगे। बल्कि इसके विपरीत नतीजे भी निकल सकते हैं। जाहिर है, कुछ समय के युद्धविराम की गुंजाइश निकालने के बजाय संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के उपायों पर पहुंचने के उद्देश्य से बिना देर किए शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

# भरोसे की ताकत- सफलता में उलझी छोटी गलतियों को पकड़ता है हमारा मन

**हमारा मस्तिष्क अचानक एक जासूस की भूमिका निभाते हुए पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण करने लगता है। वह बार-बार उसी एक पल पर अटक जाता है, जहां कुछ 'अधूरा' रह गया था- 'मैं उस समय क्यों हिचकिचाया? क्या मैं और बेहतर बोल सकता था?' भले ही हमारी सफलता सौ फीसद रही हो, लेकिन दिमाग न जाने क्यों उस एक फीसद की 'खामी' को ढूंढ़ निकालता है। यह स्थिति एक ऐसे मानसिक भ्रम की रचना करती है, जो हमारी पूरी सफलता की चमक को सोखने लगती है।**

(अनंतपद्मनाभन)

मानव मन एक अद्भुत पहेली है, जो एक क्षण में ब्रह्मांड की सीमाओं को लांघ सकता है और दूसरे ही पल एक छोटी-सी आशंका के पिंजरे में कैद हो सकता है। हम कल्पना करें कि हमने अभी-अभी कोई महत्त्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया है। चारों ओर प्रशंसा के शब्द गूंज रहे हैं और हमें सम्मान मिल रहा है। सफलता के उस शिखर पर मन में केवल संतोष होना चाहिए, लेकिन जैसे ही शोर थमता है और हम खुद के साथ होते हैं, तो हमारा मन शांत होने के बजाय एक अजीब-सी उथल-पुथल में घिर जाता है।

हमारा मस्तिष्क अचानक एक जासूस की भूमिका निभाते हुए पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण करने लगता है। वह बार-बार उसी एक पल पर अटक जाता है, जहां कुछ 'अधूरा' रह गया था- 'मैं उस समय क्यों हिचकिचाया? क्या मैं और बेहतर बोल सकता था?' भले ही हमारी सफलता सौ फीसद रही हो, लेकिन दिमाग न जाने क्यों उस एक फीसद की 'खामी' को ढूंढ़ निकालता है। यह स्थिति एक ऐसे मानसिक भ्रम की रचना करती है, जो हमारी पूरी सफलता की चमक को सोखने लगती है।

दरअसल, बरसों से हमारे दिमाग को गलतियां ढूंढने और जोखिमों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जब हम दिन भर समस्याओं को सुलझाने और खुद को त्रुटिहीन बनाने की दौड़ में लगे रहते हैं, तो वही तेज दिमाग घर आने के बाद भी अपनी गति को नियंत्रित करना भूल जाता है। यह नकारात्मक चिंतन का एक चक्र है, जो हमारे निजी रिश्तों और खुशियों में दखल देने लगता है।

हमें लगता है कि हम 'सुधार' के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन वास्तव में यह मन को थकाने वाला एक व्यर्थ चक्र है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े विद्वानों का मन भी कभी-कभी उनका साथ छोड़ देता था। आधुनिक विज्ञान के आधार स्तंभ सर आइजैक न्यूटन अक्सर छोटी-छोटी आलोचनाओं पर हफ्तों तनाव में रहते थे। न्यूटन का मस्तिष्क ब्रह्मांड के रहस्यों को तो सुलझा लेता था, लेकिन स्वयं की शांति बनाए रखना उनके लिए चुनौती थी। वे अपनी खोजों को दुनिया के सामने रखने से इसलिए डरते थे कि कहीं कोई उनमें कोई कमी न निकाल दे।

इस तरह के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि बुद्धि एक तेज औजार की तरह है। अगर इसे सही नियंत्रण के साथ नहीं संभाला गया, तो यह



स्वयं को ही चोट पहुंचा सकती है। इसी तरह, महान सिविल इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया की नजर इतनी पैनी थी कि वे चलती रेलगाड़ी में केवल कंपन महसूस करके पटरी की दरार भांप लेते थे। कार्य के प्रति यह सजगता अद्भुत थी, पर इसका अर्थ यह भी था कि उनका मन हमेशा एक 'सतर्क भाव' में रहता था।

आज सब एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। हम अक्सर अपनी छोटी-छोटी खुशियों की अनदेखी कर देते हैं। पहले हमारी तुलना केवल करीबियों से होती थी, लेकिन आज हम अपनी तुलना पूरी दुनिया से कर रहे हैं। हम अपनी सफलताओं का जश्न मनाने के बजाय अपनी कमियों का शोक मनाने में अधिक समय बिताते हैं। आत्म-आलोचना तभी तक उपयोगी है, जब तक वह हमें आगे बढ़ने में मदद करे। जब यह आलोचना हमें मानसिक रूप से कमजोर बनाने लगे, तो इसे तुरंत रोकने का समय आ जाता है।

सच्ची आजादी इसी में है कि हम अपने मन को 'आलोचक' के बजाय एक 'दोस्त' की तरह इस्तेमाल करना सीखें। हमें अपनी समझ को रोकने की जरूरत नहीं है, बस इसे सही समय पर सही दिशा देना सीखना होगा। अगर हम किसी एक ही बात को बिना नतीजे के बार-बार सोच रहे हैं, तो यह विचार नहीं, बल्कि मन का भटकाव है। नकारात्मक विचारों को एक तटस्थ दर्शक की तरह देखना और खुद से पूछना चाहिए कि क्या उन आशंकाओं का वास्तव में कोई आधार है। जब मन जासूस बनने लगे, तो उसे याद दिलाने की जरूरत है कि हमें मिली सफलता में हमारी मेहनत का हाथ है।

यह समझना भी जरूरी है कि हमारी मानसिक ऊर्जा सीमित है। अगर हम इसे पुरानी बातों को कुरेदने में खर्च कर देंगे, तो भविष्य की नई संभावनाओं के लिए हमारे पास कुछ नहीं बचेगा। हर नया दिन एक नया अवसर होता है, और उसे कल की गलतियों की छाया में व्यर्थ करना बुद्धिमानी नहीं है। अपनी क्षमताओं को स्वीकार करना और अपनी सीमाओं के साथ शांति बनाना ही व्यक्तित्व विकास का असली आधार है। अक्सर हम दूसरों की नजरों में खुद को साबित करने की कोशिश में अपनी असली पहचान खो देते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि दुनिया हमें वैसे ही देखेगी जैसे हम खुद को देखते हैं।

जीवन के इस सफर में स्वयं को माफ करना और अपनी उपलब्धियों का सम्मान करना सीखना चाहिए। प्रत्येक बाधा केवल एक नया सबक है, न कि हमारी योग्यता पर कोई स्थायी प्रश्नचिह्न। काम के बाद प्रकृति के करीब समय बिताना या शांत बैठना दिमाग को संदेश देता है कि अब विश्राम का समय है। खुद के प्रति उदार होना ही वह चाबी है जो हमें इस वैचारिक जेल से बाहर निकाल सकती है। हमने अपने जीवन में जो मुकाम हासिल किया है, उसे बनाने में सालों की मेहनत लगी है। उस मेहनत का मूल्य समझना चाहिए और अपनी उपलब्धियों को केवल धन-दौलत के तराजू में नहीं तौलना चाहिए।

हमारी बुद्धि एक वरदान है। इसे खुद को नुकसान पहुंचाने का हथियार नहीं बनने देना चाहिए। कमियां ढूंढ़ने वाले मन को यह सिखाना हमारी जिम्मेदारी है कि उसे कब शांत होना है। हमारी भावनाएं कोई 'गलतियां' नहीं हैं, वे हमारे जीवित होने का प्रमाण हैं। दुनिया की तमाम सफलता एक तरफ है, लेकिन हमारा आंतरिक सुकून ही हमारी सबसे असली पूंजी है। हमें व्यर्थ की चिंताओं को त्यागना चाहिए और अपनी मेहनत काबिलियत पर अडिग विश्वास बनाए रखना चाहिए।

# समानता आधारित सामाजिक परिवर्तन का दर्शन

**अमित राय**
सामाजिक शोध अध्येता

महात्मा जोतिराव गोविंदराव फुले (1827-1890) ऐसे पहले विचारक थे जो उन्नीसवीं सदी में बौद्धिक और सामाजिक जीवन में अस्पृश्यता के मुद्दे को सबसे पहले जोरदार तरीके से सामने लाये। उन्होंने समाज में व्याप्त पवित्रता और वर्ण व्यवस्था की धारणा के आधार पर भेदभावपूर्ण सामाजिक विभाजनों की निंदा की और इसे पूरी तरह से ब्राह्मणवादी शरारत और चालाकी का उत्पाद माना और बताया कि इन्होने ही निचले वर्गों अर्थात् शूद्रों और अतिशूद्रों का शोषण करने के लिए कुशलतापूर्वक योजना बनाई।

उन्होंने केवल सामाजिक विभेद की बात नहीं की बल्कि असमान सामाजिक संबंधों के लगभग पूरे दायरे में क्रांतिकारी परिवर्तन की वकालत की और एक नयी मानक व्यवस्था की नींव बनाने के लिए समानता, स्वतंत्रता, मानवतावाद और गरिमा के सिद्धांतों पर जोर दिया। समानता,सामाजिक परिवर्तन के फुले के दर्शन का आधार बनी। अस्पृश्यता के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता केवल उपदेश तक ही सीमित नहीं थी बल्कि उसे उन्होंने व्यवहारिक कार्यों में भी तब्दील किया,उन्होंने अछूत लड़कियों के लिए स्कूल खोला और अपने सार्वजनिक और निजी जीवन में अस्पृश्यता का खुला विरोध किया,ऐसा उन्होंने इतिहास के उस कालखंड में किया जब ब्राह्मणवादी कट्टरता की पहचान थी और जाति से जुड़े भेदभाव पूर्ण आचरण के लिए बहुत कम सहिष्णुता थी। संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था कठोर जाति प्रतिबंधों द्वारा शासित थी,जिसके उल्लंघन के लिए दंडात्मक प्रावधान थे। किसी व्यक्ति की स्थिति उसकी जाति पर निर्भर करती थी और यह उसके जीवन में उसकी योग्यता या उपलब्धियों से परे अपरिवर्तनीय थी। इस सामाजिक मैट्रिक्स को चुनौती देना बेहद मुश्किल हो सकता था; इसके लिए बहुत बड़ी कुर्बानियाँ देनी पड़ीं और उन्होंने अपने आजीवन मिशन को हासिल करने के लिए पूरा जीवन समर्पित किया। फुले भारतीय इतिहास में पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ब्राह्मणवाद की विचारधारा (पौराणिक कथाओं और उस पर आधारित संपूर्ण सामाजिक संरचना की पवित्रता) को जड़ से खारिज कर दिया।

महत्वपूर्ण यह है कि फुले का ध्यान सामाजिक मुक्ति के लिए किसी खास जाति पर नहीं था। वह पूरे हाशिये पर पड़े इंसानों के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के लिए खड़े थे, चाहे वे शूद्र, अतिशूद्र, आदिवासी, किसान, महिलाएं, मजदूर, कुष्ठ रोगी, मछुआरे, चरवाहे, भिखारी या ऐसे ही दूसरे लोग हों।



फुले के जीवनी लेखक के शब्दों में, 'यह वे (जोतिराव) ही थे जिन्होंने अछूत वर्गों के बीच से नेताओं का निर्माण किया। वे अछूतों के इलाकों में जाते थे और उनमें से ऊर्जावान और बुद्धिमान लोगों को समाज में सक्रिय होने, कुछ सामाजिक कार्य करने, लिखने और बोलने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उनके द्वारा चुने गए ऐसे लोगों में से एक गोपाल बाबा वलंगकर थे।' इसके अलावा, अछूतों, विशेषकर लड़कियों के लाभ के लिए फुले द्वारा की गई शैक्षिक पहल, पूरे उन्नीसवीं सदी के भारतीय बौद्धिक इतिहास में अभूतपूर्व थी।

फुले के विचार,उन्नीसवीं सदी के महाराष्ट्र में मुख्यधारा के सामाजिक सुधार आंदोलन से एक क्रांतिकारी प्रस्थान का प्रतिनिधित्व करते थे।

### भूटान के राजा 'सकल घरेलू उत्पाद से नहीं

# सकल राष्ट्रीय खुशी के सूचकांक से देश चलाते हैं'

**जिन लोगों के रिश्ते सबसे खुशहाल और गर्मजोशी भरे थे, वे ही लोग सबसे लंबे समय तक स्वस्थ रहे और सबसे ज्यादा जिए। हमारी लगभग पचास फीसद खुशी एक तरह का जैविक तौर पर निर्धारित बिंदु है, जो शायद हमारी कोशिकाओं द्वारा तय होता है। इसका संबंध जन्मजात स्वभाव से है। हम ऐसे कई लोगों को जानते हैं जो स्वाभाविक रूप से उदास रहते हैं और दूसरे लोग जो स्वाभाविक रूप से खुशमिजाज होते हैं, चाहे कुछ भी हो रहा हो। यानी हमारी लगभग आधी खुशी वह जन्मजात स्वभाव है। लगभग दस फीसद हमारी मौजूदा जिंदगी की परिस्थितियों पर आधारित है। आखिरी चालीस फीसद हमारे**

(मनीष कुमार चौधरी)

अगर हम आज कोई एक ऐसा चुनाव कर सकें, जिससे यह पक्का हो जाए कि हम अपनी पूरी जिंदगी खुश और स्वस्थ रहेंगे, तो हम किसका चयन करेंगे? हममें से ज्यादातर लोग सोचते हैं कि इसका कुछ लेना-देना अमीर बनने या बहुत कुछ हासिल करने से है, लेकिन हावर्ड अध्ययन के शोध बताते हैं कि दूसरे लोगों के साथ अपने रिश्तों में निवेश करना हमारी खुशी का सबसे बड़ा कारण बनता है।

जिन लोगों के रिश्ते सबसे खुशहाल और गर्मजोशी भरे थे, वे ही लोग सबसे लंबे समय तक स्वस्थ रहे और सबसे ज्यादा जिए। हमारी लगभग पचास फीसद खुशी एक तरह का जैविक तौर पर निर्धारित बिंदु है, जो शायद हमारी कोशिकाओं द्वारा तय होता है। इसका संबंध जन्मजात स्वभाव से है। हम ऐसे कई लोगों को जानते हैं जो स्वाभाविक रूप से उदास रहते हैं और दूसरे लोग जो स्वाभाविक रूप से खुशमिजाज होते हैं, चाहे कुछ भी हो रहा हो। यानी हमारी लगभग आधी खुशी वह जन्मजात स्वभाव है। लगभग दस फीसद हमारी मौजूदा जिंदगी की परिस्थितियों पर आधारित है। आखिरी चालीस फीसद हमारे नियंत्रण में है।

लोगों द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी गलतियों में से एक खुशी और खुशी की भावनाओं को भ्रमित करना है। खुशी कोई भावना नहीं है। भावनाएं खुशी का सबूत हैं। भावना बाहरी दुनिया के बारे में जानकारी से ज्यादा कुछ नहीं है। जो लोग सेहतमंद और खुश होते हैं, उनके जीवन में तीन तत्त्व समान हैं - आनंद, संतुष्टि और अर्थ।

आनंद एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में लोग कम समझते हैं

आनंद एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में लोगों को लगता है कि वे इसे समझते हैं, लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता। यह ऐसा कुछ नहीं है, जो वास्तव में खुशी की ओर ले जाता है। आनंद उससे कहीं अधिक जटिल है। खुशी का दूसरा सूक्ष्म तत्त्व संतुष्टि है। संतुष्टि एक वास्तविक रहस्य है, क्योंकि यह वह खुशी है जो हमें किसी चीज के लिए संघर्ष करने के बाद मिलती है। अगर हम पर्याप्त संघर्ष नहीं करते, तो यह मीठा नहीं होता।

अंतिम, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात है - अर्थ। क्या हम उन चीजों को करने के लिए पैसा खर्च करते हैं, जो हम सचमुच करना चाहते हैं? समय और पैसा आमतौर पर साथ-साथ चलते हैं, लेकिन अच्छे तरीके से नहीं। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि लोग जितना ज्यादा पैसा कमाते हैं, उन्हें लगता है कि उनके पास उतना ही कम समय है।

शोध बताते हैं कि आय आमतौर पर खुशी बढ़ाती है, लेकिन ज्यादा आय के स्तर पर इसका प्रभाव कम हो जाता है, साथ ही वित्तीय सफलता पर ध्यान केंद्रित करने से जीवन की संतुष्टि कम हो सकती है। पैसा तनाव कम करता है



और सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन एक बार जब हम आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं, तो इसका प्रभाव कम हो जाता है। यह हमें सदियों पुराने सवाल पर लाता है कि क्या पैसा खुशी खरीद सकता है!

दरअसल, यह तभी हो सकता है, जब हम थोड़े पैसे से थोड़ा समय खरीद सकें। सरल शब्दों में, चाहे हम कितना भी कमाएं, चाहे हम कितने भी अमीर हों, थोड़ा समय खरीदना हमको ज्यादा खुश करता है। समय खरीदने की कुंजी यह है कि हम सोच-समझ कर तय करें कि हम अपने पैसे से जो समय बचाएंगे, उसका इस्तेमाल कैसे करेंगे।

समय खरीदना हमें तभी ज्यादा खुश करेगा, जब यह जानबूझ कर और उद्देश्यपूर्ण लगे। इसलिए नहीं कि हमारे पास समय नहीं है, बल्कि इसलिए कि हम अपने पास मौजूद समय का अलग तरह से इस्तेमाल करना चाहते हैं। एक बार किसी पत्रकार ने भूटान के राजा रहे जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से पूछा कि आपके देश का सकल घरेलू उत्पाद इतना कम क्यों है। इस पर वांगचुक का जवाब था, 'हम सकल घरेलू उत्पाद से नहीं, सकल राष्ट्रीय खुशी यानी जीएनएच (ग्रास नेशनल हैप्पीनेस) के सूचकांक से देश चलाते हैं।'

अक्सर यह माना जाता है कि आय, धन और जीवन संतुष्टि के बीच संबंध है। यानी किसी के पास जितना अधिक पैसा होता है, वह उतना ही अधिक संतुष्ट होता है। पर यह पूरा सत्य नहीं है। एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने गरीब, छोटे पैमाने के समाजों में रहने वाले तीन हजार लोगों से उनके जीवन की संतुष्टि के बारे में सर्वेक्षण किया। परिणामों से पता चला कि इन लोगों की जीवन संतुष्टि सबसे धनी देशों में रहने वाले लोगों के बराबर है।

एक संभावित कारण यह है कि सामाजिक मेलजोल और प्रकृति का अनुभव जैसी साधारण खुशियां छोटे पैमाने के समुदायों में जीवन की संतुष्टि को बढ़ाने में एक बड़ी भूमिका निभाती हैं। इनमें से कई समाजों में भारी मुद्रीकरण नहीं होता है। सोलोमन द्वीप के रोविआना और गीजो क्षेत्रों में रहने वाले मेलानेशियन लोग दुनिया के सबसे गरीब लोगों में से कुछ हैं। वे मछली पकड़ने और खेती से अपनी जरूरतें पूरी करते हुए जीवन का निर्वाह करते हैं।

मगर वे इस भौतिक रूप से सरल अस्तित्व के बावजूद, मेलानेशियन फिनलैंड और डेनमार्क के निवासियों की तुलना में अधिक जीवन संतुष्टि व्यक्त करते हैं, जो नियमित रूप से दुनिया में सबसे खुशहाल लोगों के रूप में सुर्खियां बटोरते हैं। सच यह है कि खुश रहना इस बात पर निर्भर करता है कि अगर हम सुविधाओं और संसाधनों के बीच जीवन जीते हैं, तो क्या उन्हीं सुविधाओं के बीच जीवन-तत्त्व के लिए अनिवार्य कारकों को भूल जाते हैं या उन्हें याद रखते हैं। इस मामूली लगने वाली बात की अहमियत को नजरअंदाज करना निस्संदेह हमें सुविधाओं के बीच वास्तविक खुशी से दूर कर सकता है।

# परीक्षा स्थगित होने से भड़के छात्र, किया प्रदर्शन

## सड़क पर काटा बवाल, पूर्णिया विश्वविद्यालय परीक्षा लेने में विफल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्णिया विश्वविद्यालय के लचर प्रबंधन और प्रशासनिक अदूरदर्शिता का खामियाजा एक बार फिर हजारों छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। सीबीसीएस स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-2029 की परीक्षा के आयोजन में हुई भारी गड़बड़ी के बाद शनिवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। एडमिट कार्ड और परीक्षा प्रोग्राम की तिथियों में भारी विसंगति के कारण उत्पन्न हुई समस्या से अचानक 11 के द्वितीय पाली से 16 तारीख तक के सभी परीक्षाओं को स्थगित करने पर नाराज परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।





प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियो ने डीएस कॉलेज, केबी झा कॉलेज,महिला कॉलेज कटिहार के विभिन्न महाविद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर टायर जलाकर उग्र विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन लगभग सभी परीक्षा केंद्रो में हुआ है। मामले की जड़ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए एडमिट कार्ड और परीक्षा शेड्यूल के बीच का अंतर है। और अचानक परीक्षा को स्थगित करने पर छात्रों का आरोप है कि उन्हें जारी किये गए एडमिट कार्ड पर अंकित तिथियां और विश्वविद्यालय के मूल परीक्षा प्रोग्राम की तिथियां आपस में मेल नहीं खा रही थीं। इस कारण कई छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने के बाद भी परीक्षा देने से वंचित रह गए, तो कई असमंजस की स्थिति में भटकते रहे। वही बढते हंगामे को देखते हुए कई जगह पुलिस भी पहुँची और छात्र-छात्राओं को समझाने -बुझाने का प्रयास किया ।वही गुस्साए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के द्वारा जारी परीक्षा स्थगित होने के सूचना को भी फाड़ा। मौके पर मौजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री विनय सिंह,विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह,जिला संयोजक रोहन प्रसाद, नगर सह मंत्री विशाल सिंह,विश्वविद्यालय प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्णिया विश्वविद्यालय से वर्तमान में प्रबंधन नहीं संभल पा रहा है। छात्र नेताओं ने तीखे शब्दों में कहा,विश्वविद्यालय की इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत से विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा है। आये दिन परीक्षा फॉर्म, रिजल्ट और अब परीक्षा कार्यक्रम में इस तरह की गलतियां आम हो गई हैं। अधिकारी बंद कमरों में बैठकर योजना बनाते हैं और जमीन पर छात्र परेशान होते हैं। जिसके बाद पूर्णिया विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि 11 अप्रैल 2026 की द्वितीय पाली से लेकर 16 अप्रैल 2026 तक की सभी निर्धारित परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई हैं।इन स्थगित परीक्षाओं के लिए संशोधित कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय द्वारा बाद में प्रकाशित की जाएगी।विश्वविद्यालय ने उन विद्यार्थी के लिए भी राहत की घोषणा की है, जिनकी परीक्षा 8 अप्रैल से 11 अप्रैल प्रथम पाली के बीच किन्हीं कारणों से छूट गई थी। ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा की विशेष तिथि बाद में घोषित की जाएगी। सड़कों पर उतरे छात्रों का कहना है कि परीक्षा स्थगित होना समाधान नहीं है, बल्कि यह प्रशासन की विफलता का प्रमाण है।

# एनएफआर के महाप्रबंधक का कटिहार से न्यू जलपाईगुड़ी तक व्यापक संरक्षा निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ मानकों का पालन करने के निर्देश

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कटिहार से न्यू जलपाईगुड़ी तक एक व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया ।जिसमें परिचालन और बुनियादी ढांचे के कई पहलु शामिल थें। इस संबंध में एनएफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया की अपने दौरे के दौरान महाप्रबंधक ने कटिहार -डंडखोरा और मुकुरिया-बारसोई सेक्शनों में रेलवे की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों का गहन निरीक्षण किया। इनमें संरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लेवल क्रॉसिंग, ट्रैक ज्योमैट्री, गैंग कार्य, कर्व्स, बड़े पुलों और स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट्स का जांच करना शामिल था। डालकोला स्टेशन, प्वाइंट मशीनरी और लेवल क्रॉसिंग के बुनियादी ढांचे का भी विस्तृत निरीक्षण किया गया।




इस निरीक्षण में डालखोला और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच 110 कि.मी. प्रति घंटे की गति से एक गति परीक्षण भी शामिल था, ताकि इस सेक्शन के ट्रैक गुणवत्ता, यात्रा में आराम और समग्र परिचालन तत्परता का मूल्यांकन किया जा सके। निरीक्षण में कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े कई पहलों को भी शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त न्यू पिट लाइन पर स्थित प्रशिक्षण कक्ष और मॉडल कक्ष की भी समीक्षा की गई, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना है। रेल महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने यात्रियों की सुविधाओं और कार्य परिस्थितियों का आकलन करने के लिए क्रू लॉबी का भी विस्तृत निरीक्षण किया। वही खेल और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, कटिहार में हुए विकास कार्यों में केआरओसी कटिहार में एक नवीनीकृत बास्केटबॉल कोर्ट और एक नए क्रिकेट पवेलियन का प्रस्ताव शामिल है। यह रेल कर्मचारियों और स्थानीय उत्साही लोगों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 109 एकड़ में फैले इको पार्क के दौरे ने भी पर्यावरणीय स्थिरता और मनोरंजन से जुड़े बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के प्रयासों को उजागर किया। इसके अलावा, कटिहार जंक्शन पर 1111 केडब्ल्यूपी के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट को चालू करने जैसी कई अन्य पहलों ने भी नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास के प्रति एनएफआर की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। रेल महाप्रबंधक का यह निरीक्षण न्यू जलपाईगुड़ी में पूरा हुआ, जो एक गहन और सुव्यवस्थित कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक था। महाप्रबंधक ने विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और संरक्षा, रखरखाव तथा यात्री-केंद्रित सेवाओं पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### लापता इंदल का शव बसनी रेलवे पुल के नीचे जलकुंभी से पुलिस ने 60 घंटे बाद किया बरामद

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** 60 घंटे के बाद लापता इंदल कुमार रविदास का शव प्राणपुर स्टेशन के पश्चिम साइड अवस्थित बसनी पुल के नीचे जलकुंभी के अंदर से शनिवार को सुबह 4 बजे प्राणपुर पुलिस ने बरामद किया। पिड़ित परिजनों से पंचनामा बनवाकर शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी संजना देवी, अमरजीत कुमार केवट एवं मोहन केवट तीनों साकिन केवट



टोला केहुनियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा शेष तीन हत्यारा की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि इंदल रविदास का सजना देवी से बातचीत होता था। प्रेम प्रसंग का मामला था। सजना देवी का संबंध अमरजीत केवट और मोहन केवट सहित अन्य लोगों के साथ भी था। इंदल रविदास सजना देवी को 100000 रूपए दिया था तथा सजना देवी की मां सविता देवी को भी 200000 रूपए दिया था। बीते बुधवार की शाम 8:00 बजे सजना देवी ने फोन कर इंदल को अपने घर बुलाया था। किसी बात को लेकर सजना देवी एवं इंदल रविदास में कहा सुनी के बाद मारपीट भी हुई थी। मारपीट के बाद सजना देवी, अमरजीत कुमार केवट एवं मोहन केवट ने इंदल का अंडकोष को जोर से दबाकर अंडकोष के अंदर वाला गोली तक निकाल दिया। तीनों ने मिलकर गला दबाकर जान मार दिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर अन्य और तीन साथियों को बुलाकर घर से थोड़ी दूरी पर रेलवे पुल के बसनी कुंडी के नीचे जलकुंभी में छिपा दिया। पुलिस द्वारा दबाव दिए जाने पर अमरजीत केवट ने घटना का विस्तृत जानकारी देते हुए शनिवार की सुबह 2:00 बजे रात में बताई। प्राणपुर पुलिस ने अमरजीत कुमार केवट को अपने साथ लेकर घटनास्थल पहुंची। जहां पर शव को छिपाया गया था।शव को बाहर निकाल कर थाना लाया गया। पिड़ित परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। शव मिलने की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिजन एवं ग्रामीण थाना पहुंचे।शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। उक्त घटना पूरे प्राणपुर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दो विद्युत उपकेन्द्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**कटिहार (नबिटासं)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कटिहार अन्तर्गत कोढा तथा फ?का विद्युत उपकेन्द्रों में आज 12 अप्रैल को निर्बाध आपूर्ति जारी रखने को लेकर मेंटेनेंस कार्य कार्य किया जाना है।जिसको लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुबह 08 बजे से दोपहर 02 तक उपकेन्द्रों से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके कारण कोढा तथा फलका प्रखंड क्षेत्र में प्रभावित होगी। उक्त जानकारी कार्यपालक अभियंता,विद्युत प्रमंडल कटिहार ने दी है।

### जलेबी टोला में पटसन के ढेर में लगी आग

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड के दक्षिणी करीमुल्लापुर अंतर्गत जलेबी टोला गांव में शुक्रवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई । जब पटसन के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों को लेकर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं।आग लगते ही देखते-देखते लपटों ने भयावह रूप ले लिया और आसपास के घरों तक फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ, तत्परता तथा फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। इस घटना में करीब एक दर्जन



परिवारों के घर आग की चपेट में आने से बच गए।ग्रामीण चेतन कुमार ने बताया कि मोहम्मद आमिर के पटसन के ढेर में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। यदि थोड़ी देर और हो जाती तो आग पर काबू पाना मुश्किल हो सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था।बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व ही पार दियारा पंचायत के झब्बू टोला गांव से विस्थापित होकर कई परिवार जलेबी टोला में आकर बसे हैं। ऐसे में समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिए जाने से एक बड़ी अनहोनी टल गई।फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर की स्थिति दुरुस्त कराने की मांग की है।इस संबंध में जेई कौशल कुमार ने ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलकर आग लगने की बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही बिजली आपूर्ति तत्काल बंद कर दी गई थी।

# आईजी ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश

## ओडी पदाधिकारी और चौकीदार भी निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** जिले के फलका थाना में हाल ही में पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्णिया क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक आईजी डॉ. विवेकानंद ने थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में आईजी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि घटना से जुड़े सभी बिंदुओं पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बीते दिनों फलका थाना के



हाजत में राकेश यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, जिसके बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।आईजी ने मृतक के परिजनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में दोषी पाए गए पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है और आगे भी आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान कटिहार पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, इस मामले में अब तक चार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### तीन वर्ष से ऊपर लेनदेन नहीं होने वाले खाते किए जाएंगे बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** बिहार ग्रामीण बैंक मनसाही की ओर से जानकारी दी गई की विगत तीन वर्षों तक ग्राहक के द्वारा कोई लेनदेन नहीं किए जाने पर खाता को बंद कर दिए जाएंगे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि 31 मार्च 2026 के पूर्व तीन वर्ष जिनका भी खाता मनसाही में हैं। अगर तीन वर्ष से खाताधारक कोई लेन देन नहीं किए हैं। खाता में कोई राशि नहीं हैं। इन खातों का दुरुपयोग ना हो ऐसे खाते को बंद करने का निर्णय लिया गया हैं। अतः जिन भी व्यक्ति का खाता तीन वर्ष से लेनदेन मनसाही में नहीं हुआ हैं। वह अविलंब बिहार ग्रामीण बैंक मनसाही पहुंचकर अपने खाता का लेनदेन अवश्य करा ले अन्यथा खाता को बंद करने पर खाताधारक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# गौरव बने कटिहार के नए रेलवे मजिस्ट्रेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** पटना उच्च न्यायालय की ओर से जारी अधिसूचना के तहत गौरव कुमार को कटिहार का नया रेलवे मजिस्ट्रेट बनाया किया गया है। जानकारी के अनुसार गौरव कुमार हाल ही में रूटीन तबादले के तहत गया से कटिहार पहुंचे थे और वर्तमान में कटिहार व्यवहार न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे न्यायिक सेवा के 30 वी बैच के अधिकारी हैं और अपने कार्यकुशलता एवं निष्पक्ष निर्णयों के लिए जाने जाते हैं। पूर्व रेलवे मैजिस्ट्रेट विकास कुमार के मधेपुरा तबादला फलस्वरूप वर्तमान में



राहुल दत्ता प्रभारी रेलवे मजिस्ट्रेट के रूप में दोनों कार्य कर रहे है। कटिहार में रेलवे मैजिस्ट्रेट की पोस्टिंग होने पर कटिहार बार एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार झा सहित अधिवक्ता राजेंद्र कुमार मिश्रा,शशि मिश्रा,पवन दुबे,यशस्वी कुमार अग्रवाल,हेमंत मिश्रा,प्रियंका कुमारी आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष व्याप्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से रेलवे से जुड़े मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी।

# शराब तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

## 46.500 लीटर शराब बरामद, शराब पीकर हो हल्ला करने के आरोप में दो धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना पुलिस को समकालीन अभियान के तहत शराब के विरूद्ध चलायी जा रही मुहिम में बडी सफलता मिली। थानाध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आलोक में मनिहारी कटिहार मुख्य मार्ग पर नारायणपुर के पास वाहन जांच के दौरान एक टोटो से 46 लीटर 500 ग्राम विदेशी शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया, इनकी पहचान मनिहारी आजमपुरगोला वार्ड संख्या 09 निवासी रामनाथ साह के 21 वर्षीय पुत्र मिथुन साह एवं आजमपुरगोला



वार्ड संख्या 15 निवासी सुभाष रविदास के 19 वर्षीय पुत्र सनतनु रविदास के रूप मे की गयी है. शराब तस्करी के आरोप में इनके विरूद्ध मनिहारी थाना मे कांड संख्या 105/26 दर्ज कर मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं में न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

दूसरी ओर शराब के नशे में हो हल्ला करने के आरोप मे दोगच्छी केवाला से राजेश रविदास, एवं रसूलपुर से मुस्तकीम को गिरफ्तार किया गया है. मनिहारी थाना मे इनके विरूद्ध कांड संख्या 103/26 दर्जकर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है. इस अभियान में एस आई अमित कुमार राय, एसआई विजय कुमार, एएसआई विनोद कुमार राय की सक्रिय भूमिका रही।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

## नाबालिग चालक बाल सुधार गृह भेजा गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 4 महंत बड़ी स्थान के समीप बीते शुक्रवार की देर शाम एक बाइक की टक्कर से सिंघेश्वर दास (70) की मौत हो गई थी। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उनका अंतिम संस्कार गोलाघाट गंगा नदी के किनारे किया गया। घटना को लेकर मुख्य पार्षद बबलू मंडल, पार्षद प्रतिनिधि संजीव साह एवं समाजसेवी बंटी सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

संजीव साह ने बताया कि सिंघेश्वर दास कृष्ण मंदिर की ओर से अपने घर जा रहे थे तभी पश्चिम



बंगाल के मालदा जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खाड़ा तिमिरपुरा न्यू सदलीचक निवासी अख्तरुल हक की तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वे सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। इधर पुलिस ने नाबालिग बाइक चालक को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है।

# मनिहारी अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर मनिहारी में आयोजित जनता दरबार में राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की। आज की सुनवाई में पूर्व से लंबित मामलों पर चर्चा हुई, लेकिन किसी भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। एक नया मामला प्रतिवेदित दर्ज किया गया। राजस्व अधिकारी श्री पासवान ने बताया कि सभी मामलों पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान एसआई नीरज कुमार निराला सहित कई फरियादी मौजूद रहे।



# नेमुआ में नए प्राथमिक विद्यालय का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के नेमुआ गांव में नए प्राथमिक विद्यालय भवन का विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया गया। अब तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैसदीरा में शिफ्ट होकर संचालित हो रहा था। अब यह विद्यालय अपने नए भवन में चलेगा। शुभारंभ के अवसर पर भूमिदाता उमेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में पूजा-अर्चना कर विद्यालय का विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा।

ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और बच्चों में नए स्कूल को लेकर उत्साह साफ नजर आया। नए भवन के शुरू होने से बच्चों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा।



ग्रामीणों ने निर्माण से लेकर उद्घाटन तक सक्रिय सहयोग दिया, जिससे सामुदायिक भागीदारी की मिसाल देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा विकास की आधारशिला है। गांव में ही स्कूल भवन बनने से बच्चों को दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे नामांकन और पढ़ाई का स्तर दोनों बेहतर होगा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, शिक्षक विनोद कुमार, वीरेंद्र सिंह, बलवंत जायसवाल, प्रीतम कुमार, कटिहार मॉडर्न पब्लिक स्कूल के निदेशक राकेश रौशन, शिक्षिका रागिनी कुमारी, रमनदीप कौर, संतोष कुमार, बीआरसी कर्मी अनीश गुप्ता, छोटू चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वार्ड सदस्य चंदन कुमार, संजय यादव और अशर्फी यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय परिवार ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब विद्यालय अपनी अलग पहचान के साथ बच्चों के भविष्य को संवारने का काम करेगा। नया भवन गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा।

## तेज रफ्तार ट्रक हाइवा से टकराया

# चालक गंभीर रूप से घायल खलासी बाल बाल बचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** शनिवार की सुबह करीब 04 बजे बारसोई से होकर गुजरने वाली स्टेट हाईवे-98 पर बीएसएनएल टावर के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। झारखंड के जमुई से बालू लेकर पश्चिम बंगाल के चांचल जा रहा ट्रक संख्या जेएच10 डीसी 1733 एक हाइवा से टकरा गया। जिससे ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि खलासी बाल बाल बच गया है। घायल चालक की पहचान अनिकेत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान बारसोई पुलिस की 112 नंबर गश्ती गाड़ी से गुजर रहे पुलिसकर्मियों की



नजर घायल चालक पर पड़ी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल उठाकर अनुमंडल अस्पताल बारसोई पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त मार्ग पर इन दिनों चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिससे अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, घटना के बाद बारसोई पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगलगी की घटना में विधायक प्रमोद सिन्हा ने किया पीड़ित परिवार का सहयोग



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के नकरदेई गांव में आज शनिवार को महम्मद मियां के घर में भीषण अगलगी की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस हृदयविदारक घटना में पीड़ित परिवार को भारी क्षति का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर रक्सौल विधायक प्रमोद सिन्हा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। विधायक ने निजी स्तर पर आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे तत्काल राहत मिल सके। इस दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता और मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि अगलगी की घटना की जांच कर उचित मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सके।

### कुंदन कुमार को बनाया कोऑर्डिनेटर

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सनातन बोर्ड परिषद द्वारा कुंदन कुमार को घोड़ासहन प्रखंड का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति पत्र संगठन के बिहार प्रदेश संगठन महामंत्री/कोऑर्डिनेटर देवानंद मिश्रा द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी किया गया. जारी पत्र के अनुसार कुंदन कुमार को संगठन के विस्तार, विचारों के प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. संगठन ने उम्मीद जताई है कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ेंगे और परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे.इस नियुक्ति को लेकर स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### डीएम से मिलकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरव जोरवाल से उनके कार्यालय कक्ष में नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष पवन राज की अध्यक्षता में नागरिक परिषद के सदस्यगण मिले। डीएम से मिलकर प्रतिनिधि मंडल ने समाज के विभिन्न समस्याओं पर चर्चाएं की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार मोदी, सदस्य अमरेन्द्र सिंह, सदस्य श्रीमती रेखा देवी, सदस्य जन्मेजय कुमार, सदस्य देवेन्द्र सहनी, सदस्य सुधीर कुमार सिंह, सदस्य बद्री पासवान, सदस्य ध्रुव प्रसाद, सदस्य मो. अब्दुल हमीद भी उपस्थित रहे।

### रिश्वत लेते निगरानी के हत्थे चढ़ा थाना मुंशी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना में वर्षों से पैठ बनाये मुन्सी ने आर्म्स लाइसेंस के नाम पर रिश्वत लेते निगरानी के हत्थे चढ़ा, कार्यरत मुन्सी आदापुर थाना के मुन्सी पद पर था लेकिन इनके कार्यकुशलता पर लोगों की निगाहें लगी रहती थी , स्थानीय होने के कारण लोगों में चर्चा के मोहताज नहीं थे, आरोपी इंतखाब आलम के रूप में पहचान किए गए हैं जो आर्म्स लाइसेंस वेरिफिकेशन के नाम पर उगाही की मांग थी जिसको लेकर स्थानीय निवासी आफताब अंसारी ने निगरानी विभाग को जानकारी देने के बाद उन्होंने बताया था कि मुझसे पन्द्रह हजार की रकम की डिमांड की जा रही है, पैसे की लेन-देन में यमुना पुर चौक के पास से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया,जिसकी चर्चा चारों फैल गई है।

### फर्जी पुलिस व ठगी करने वाले सक्रिय

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खुद को पुलिस या विभिन्न जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर जांच के नाम पर ठगी करने वाले अपराधियों की सक्रियता सामने आई है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है और आम लोगों के लिए जागरूकता संबंधी निर्देश जारी किए हैं।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक पुलिस कर्मी किसी भी चेकिंग के दौरान नागरिकों से उनका पैसा, आभूषण या कीमती सामान सुरक्षा के नाम पर अपने पास नहीं लेते। यदि कोई व्यक्ति बिना वर्दी, नेम प्लेट या वैध पहचान पत्र के स्वयं को अधिकारी बताकर रोकता है, तो उसकी पहचान अवश्य सुनिश्चित करें।संदिग्ध स्थिति में तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर 9546434879 एवं 9471624890 पर संपर्क करने की अपील की गई है। साथ ही ऐसे व्यक्तियों का हुलिया और वाहन नंबर नोट करने को कहा गया है।पुलिस ने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और अकेले यात्रा करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है तथा जागरूकता फैलाने की अपील की है।

### दहेज हत्याकांड में पति समेत तीन को जेल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के महोदीपुर पंचायत के चौता गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सख्त कदम उठाया है। मृतका की मां शोभा देवी के आवेदन पर दहेज हत्या का मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभा देवी ने अपने दामाद राधेश्याम पाण्डेय, ससुर उमाकांत पाण्डेय, सास यशोदा देवी सहित कुल छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि मृतका की मां के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बगहा एसपी पहुंची जनता के बीच, जागरूकता चर्चा



**बगहा/नवबिहार टाइम संवाददाता।** एसपी निर्मला कुमारी शनिवार को अचानक लौकरिया थाना क्षेत्र के भालू टोला गांव पहुंची, जहां पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी। एसपी निर्मला गांव में एक पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर आसपास के लोगों से बात की, जिसमे सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिला और बच्चे भी शामिल हुए।पुलिस कप्तान ने गांव की जनता की समस्याएं सुनी और उन्हें आवश्यक जानकारियां भी दी, जैसे भूमि संबंधित मामलों में पुलिस की भूमिका की जानकारी दी, कि बिना किसी आवश्यक दस्तावेज या आदेश के पुलिस बहुत कुछ नहीं कर सकती। साइबर क्राइम पर भी लोगों को जागरूक किया गया, लोगों को अपरिचित कॉल या मेसेज से बचना चाहिए और यदि फ्रॉड हो जाय तो तुरंत 1930 पर कॉल कर अपना शिकायत दर्ज कराए। इतना ही नहीं शराब से जुड़ी सामान्य जानकारी भी लोगों को दी गई, पुलिस कप्तान निर्मला कुमारी ने बताया कि शराब अगर आप बेचते है या रखते है तो इसका खराब असर आपके आने वाली पीढ़ी पर पड़ता है। उन्होंने छोटे बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे बात की तथा अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही, उन्होंने साफ साफ कहा कि अपने घरेलू और आपसी विवाद घर में सुलझा ले , पुलिस और थाने तक पहुंचने पर आपके बच्चों पर उसका बुरा असर पड़ेगा, जिससे भविष्य खराब हो सकता है।

### फर्जी पुलिस बनकर चेकिंग के नाम पर ठगी से सावधान : एसपी शौर्य सुमन



**बेतिया/नवबिहार टाइम संवाददाता।** वर्तमान में कुछ दिनों से असामाजिक तत्वों द्वारा स्वयं को पुलिस या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर सड़कों पर बाइक / वाहन चेकिंग या तलाशी के नाम पर आम नागरिकों को रोककर उनके गहने, नगदी एवं कीमती सामान सुरक्षित रखने के बहाने लेकर फरार होने की घटनाएं सामने आई हैं। अतः सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को, चाहे वह स्वयं को पुलिस या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताए, अपना पैसा, गहना या कीमती सामान सुरक्षित रखने के नाम पर न दें। वास्तविक पुलिस कर्मी चेकिंग के दौरान किसी नागरिक से गहना या नगदी सुरक्षित रखने के लिए अपने पास नहीं लेते। यदि कोई व्यक्ति बिना वर्दी, नाम-पट्ट या वैध पहचान पत्र के आपको रोकता है, तो उसकी पहचान अवश्य सुनिश्चित करें। संदिग्ध स्थिति होने पर तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष मोबाईल नं0-9546434879, 9471624890 को सूचना दें। आसपास के लोगों को सतर्क करें एवं ऐसे व्यक्तियों का हुलिया, वाहन नंबर आदि नोट करने का प्रयास करें। विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग एवं अकेले यात्रा करने वाले व्यक्ति अधिक सतर्क रहें।

# बदलाव और विश्वास-नीतीश शासन में विकास के शिखर पर पहुंचा बिहार: हिमराज राम



**बेतिया/नवबिहार टाइम संवाददाता।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनुप्रिया यादव एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीते 20 वर्षों में बिहार ने जिस परिवर्तन और विकास की यात्रा तय की है, वह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट संकल्प और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। जब उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली, उस समय बिहार बुनियादी सुविधाओं, कानून-व्यवस्था और विकास के कई पैमानों पर पीछे था। लेकिन उनके नेतृत्व में बिहार ने सड़कों, पुलों और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की, जिससे गांव-गांव को शहरों से जोड़ा गया और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली। बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार करते हुए हर घर तक रोशनी पहुँचाने का कार्य किया गया, वहीं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ कर बिहार में सुरक्षा और विश्वास का माहौल स्थापित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों का विस्तार, साइकिल और पोशाक जैसी योजनाओं के माध्यम से खासकर बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए गए। महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाते हुए पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वहीं सरकारी नौकरी में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर उन्होंने महिलाओं को समाज में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर आम लोगों तक बेहतर इलाज और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। सात निश्चय योजना के माध्यम से हर घर नल का जल, पक्की गली-नाली और युवाओं के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को धरातल पर उतारा गया, जिसने लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया। छात्र क्रेडिट कार्ड योजना और कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई। सामाजिक सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राज्य में शराबबंदी लागू की गई, साथ ही दहेज प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। कृषि के क्षेत्र में रोडमैप तैयार कर किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए गए और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया गया और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के माध्यम से शासन को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह 20 वर्षों का कार्यकाल बिहार के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा। उनके नेतृत्व में बिहार ने न केवल विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सुशासन का एक मजबूत मॉडल भी प्रस्तुत किया।

## गले पर धारदार हथियार से वार, गेहूं के खेत में लहूलुहान मिला युवक

**डंकन अस्पताल से एसकेएमसीएच रेफर, जांच में जुटी**




**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 स्थित सुंदरपुर में एसआरएम स्कूल के समीप गेहूं के खेत में एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक लहूलुहान हालत में पड़ा था और उसके गले पर धारदार हथियार से वार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हरैया थाना प्रभारी किशन पासवान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए खुद वाहन चलाकर घायल युवक को उठाया और उसे तुरंत रक्सौल के डंकन अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) रेफर कर दिया। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और घटनास्थल की बारीकी से जांच के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को भी बुलाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। इधर, थाना प्रभारी किशन पासवान की तत्परता और मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, जिनकी वजह से घायल युवक को समय पर इलाज मिल सका।

## होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमैन की मनाई गई 271 वीं जयंती



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के एक निजी क्लिनिक में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 271 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर होम्योपैथी चिकित्सकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में डॉ.संजय कुमार ने कहा कि डॉ. हैनीमैन ने विश्व को एक सुरक्षित, सस्ती और प्रभावी चिकित्सा पद्धति दी, जिससे आज लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।वही डॉ.घनश्याम ने कहा कि होमियोपैथी केवल बीमारी के लक्षणों का उपचार नहीं करती, बल्कि रोग के मूल कारण को समझकर इलाज करती है। यही वजह है कि यह पद्धति आज भी विश्वभर में लोकप्रिय बनी हुई है।इस दौरान होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार और इसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. हैनीमैन के बताए मार्ग पर चलने और होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ.संतोष कुमार, डॉ.सत्यम कुमार, डॉ.चंदन कुमार, डॉ.ओमप्रकाश, डॉ.के.के.प्रसाद, डॉ.संतोष कुमार शर्मा, डॉ.एन. शर्मा, डॉ.विपिन कुमार, डॉ.अक्षय प्रकाश, डॉ.प्रिंस कुमार, डब्लूएसआई के धीरज कुमार सहित दर्जनों चिकित्सक उपस्थित रहें।

## आदापुर थाना की सक्रियता से डेढ़ किलो चरस बरामद, दो लोग हिरासत में



**आदापुर(पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस एस बी और आदापुर थाना के सक्रियता के कारण थाना क्षेत्र के श्याम पुर चौक के पास से दो व्यक्ति पकड़ा गया जिनके पास से भारी मात्रा में चरस पकड़ा गया, थाना प्रभारी पप्पु पासवान को गुप्त सूचना मिली थी कि छौडादानो सड़क मार्ग से रक्सौल के लिए दो इंटरनेशनल तस्कर एक ट्रक पर समान के साथ सवारी कर रहा है, जिसका नम्बर प्लेट बी आर जीरो 6 जी 4962 है,इस बात की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गई, जिसके बाद छापेमारी की प्रक्रिया तेज करते हुए छापेमारी दल का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार आदापुर एस एच ओ पप्पु कुमार पासवान,पीएस आई मुकेश कुमार, सिपाही हैप्पी शुक्ला, सिपाही सुरज कुमार,एस एस बी बेलदरवा कैम्प के जवानों की तत्परता से गाड़ी रोक कर तलाशी ली गई जिसमें से 1केजी 500 ग्राम चरस पकड़ी गई, पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कनूनिया कटगेनवा निवासी जयी राय के पुत्र जितेन्द्र कुमार,अमरराय के पुत्र अभिरंजन कुमार के रूप में पहचान किया गया है।

### एस एस बी जवानों ने अंतराष्ट्रीय गांजा तस्कर को हिरासत में लिया



आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एस एस बी जवानों के हत्थे चढ़ा एक अंतराष्ट्रीय तस्कर जिनके पास से भारी मात्रा में गांजा मौजूद था, भारत नेपाल सीमा सटे पीलर संख्या 387 यानी 20मीटर की दुरी पर एस एस बी जवानों ने दबोच लिया, पकड़े गए आरोपी के पास से पांच किलो दो सौ ग्राम अतिशोधित सुखा गांजा पकड़ा गया,71 वीं बीएन एस एस बी मोतिहारी के कारवाई के आदेश पर पकड़ा गया जिनके पास एक हिरो सुपर सपेलेनडर नेपाली नम्बर ना ,37 प, 197 से कारोबार चलाता था,वे आरोपी परसा जिला नेपाल के विसमभरपुर पोखरिया के प्रभू साह कलवार के पुत्र विंध्याचल साह कलवार के रूप में पहचान किया गया है, इनके विरुद्ध हरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गांजा एस एस बी के द्वारा सौंफ दी गई, शनिवार के दिन करीब नौ बजकर बीस मिनट पर व्यक्ति पकड़ा गया जिनका उम्र करीब साठ वर्ष है, पकड़े गए गांजा की किमत अंतराज्यीय राज्यों में करीब पांच लाख रुपए बताये गये है,इस बड़ी कार्रवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार,सी सयवाय प्रभारी निरीक्षक सामान्य राजनंदन, मुख्य आरक्षी सामान्य नवल कुमार सिंह, पंकज त्रिपाठी,आरक्षी सामान्य सरसीज कुमार, प्रेम कुमार,आरक्षी सामान्य अनिल कुमार, बिहार पुलिस के जवान पीसी गुणाकार, सिपाही आनंद मोहन सिंह, दिनेश सहनी, मौजूद थे।

## नारी शक्ति बंधन अभियान की तैयारी को लेकर प्रेस वार्ता



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नारी शक्ति बंधन अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा द्वारा शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय गांधी कांप्लेक्स में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अधिवक्ता पुतुल पाठक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 - सितंबर 2023 में पारित एक संवैधानिक संशोधन, जो लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करता है। श्रीमती पाठक ने कहा कि यह केवल भारतीय महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वहीं सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हेना चंद्रा ने कहा कि ये उस विश्वास की अभिव्यक्ति है कि जब निर्णय लेने की मेज पर महिलाएँ होंगी, तब नीति में संवेदनशीलता होगी, विकास में संतुलन होगा और समाज में समावेशिता की नई धारा बहेगी।उन्होंने कहा कि यह भारत के भविष्य को भी सशक्त बनाने का अधिनियम है। यह उन लाखों बेटियों की आकांक्षाओं का सम्मान है, जो गाँव की गलियों से निकलकर नेतृत्व के मंच तक पहुँचना चाहती हैं।

जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा ने कहा कि आज भारत में हर चुनाव में महिलाएँ बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर लाइन में खड़ी दिखती हैं और अपने वोट डालती हैं। हाल के चुनावों में तो कई जगह महिलाओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा रही है। यह महत्वपूर्ण बदलाव दिखाता है कि अब महिलाएँ लोकतंत्र के किनारे नहीं, बल्कि उसके केंद्र में हैं।नारी शक्ति वंदन अभियान मोतिहारी की प्रभारी मीना मिश्रा ने कहा कि यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देने वाला एक निर्णायक कदम है। जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ेंगी, तो विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी, संतुलित और टिकाऊ बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि महिला नेतृत्व वाला विकास ही भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन उसी दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है,जो आने। वाले समय में भारत के लोकतंत्र और विकास मॉडल को और सशक्त बनाएगा।

### अगलगी में लाखों का नुकसान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर परसौनी गांव में शुक्रवार की देर रात शॉर्ट सर्किट से श्रवण राउत का घर जलकर राख हो गया। इस भीषण अगलगी की घटना में एक बाइक समेत कपड़ा बर्तन अनाज आदि लाखो का संपति जलकर राख हो गई।

### एटीएम बदलकर साइबर ठगी, 40 हजार रुपये की निकासी

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम लोगों में दहशत व्याप्त है। ताजा मामला शनिवार को सामने आया, जब एक शातिर ठग ने एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये की निकासी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, झरोखर थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव निवासी रूबेंद्र कुमार चिरैया बाजार रोड स्थित खादी भंडार के सामने लगे एटीएम में अपने खाते का बैलेंस चेक करने गए थे। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ ही देर बाद पीड़ित के खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने चिरैया थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। रूबेंद्र कुमार रामपुर शिव मंदिर चौक पर सैलून की दुकान चलाते हैं और उन्होंने काफी मेहनत से यह रकम जमा की थी। घटना के बाद से वह काफी सदमे में हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रसोई गैस की किल्लत व सरकार की विफल नीतियों के खिलाफ एपवा-भाकपा माले का प्रदर्शन




**बेतिया/नवबिहार टाइम संवाददाता।** गोपालगंज जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन (एपवा) और भाकपा माले के नेतृत्व में रसोई गैस की भारी किल्लत, बढ़ती काला बाजारी तथा केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सुभाष कुशवाहा ने कहा कि देश में रसोई गैस की आपूर्ति संकट गहराता जा रहा है, लेकिन सरकार और जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को स्वीकार करने के बजाय अखबार में ब्यान देने में व्यस्त है। और जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य विद्या कुशवाहा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमेरिका के दबाव में देश के बहुत पुराने मित्र इरान से गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी को बंद कर दिया। वही युध्द अपराधी इजराइल के साथ दोस्ती कर गुटनिरपेक्ष नीति को दरकिनार कर दिया जिसका नतीजा हम और हमारे देश के हर नागरिक झेल रहे हैं। वही गलत विदेश नीति के कारण आज देश की प्रतिष्ठा दुनिया में कमजोर हुई है और इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थिति ने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका खामियाजा आम गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार भुगत रहे हैं।भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य आर. आर. नरशेमन ने कहा कि गोपालगंज सहित पूरे इलाके में रसोई गैस की भारी किल्लत है। गैस एजेंसियों के सामने महिलाएं और आम लोग घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि जिला प्रशासन झूठा बयान दे रहा है कि गैस की कोई कमी नहीं है। इस स्थिति का फायदा उठाकर गैस की खुलेआम काला बाजारी हो रही है! ऐपवा नेत्री आरती देवी ने कहा कि गैस की खुलेआम काला बाजारी हो रही है! उपभोक्ताओं को लूटने का काम किया जा रहा है।

## रोक के बावजूद निर्माण जारी रहने पर मेयर ने लिया संज्ञान

**बुडको के कनीय अभियंता सह साइट इंचार्ज पप्पू कुमार के ठेकेदार के सामने बेबस होने की स्वीकारोक्ति की महापौर द्वारा दी गयी जानकारी**



**बेतिया/नवबिहार टाइम संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि 63 करोड़ लागत से स्वीकृत नगर निगम क्षेत्र की स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के नाला निर्माण में संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर बरती जा रही धांधली को रोक पाने में बुडको प्रशासन उदासीनता उजागर हो गई है। इसका सबसे ज्वलंत प्रमाण नगर निगम प्रशासन के स्तर से पैमाईश के बाद नाला निर्माण कार्य के लिए ग्राउंड मार्किंग के बावजूद उससे ढाई से तीन फीट सड़क की सरकारी जमीन छोड़ कर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया संबंधित रोक के अंतिम छोर निर्माण के लिए मार्किंग कर दिए जाने के उक्त निर्माण कार्य में धांधली और मनमानी महीनों से जारी है। वही बुडको के जेई और साइट इंचार्ज पप्पू कुमार के हवाले से महापौर ने बताया कि दो से तीन माह में ही बुडको अर्थात बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के पीडी अर्थात प्रोजेक्ट डायरेक्टर के बदलते रहने से जिला स्तर पर संवेदकों की मनमानी रुक नहीं पा रही है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज निर्माण की एजेंसी शहरी विकास एवं आवास विभाग द्वारा बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड घोषित किए को लेकर उन्होंने दोषी लोगों कार्रवाई के लिए और इस घटनाक्रम और अरबों की इस महत्वपूर्ण योजना में बुडको के कनीय अभियंता सह साइट इंचार्ज पप्पू कुमार के ठेकेदार के सामने बेबस होने की स्वीकारोक्ति की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जा रही है। महापौर ने बताया कि स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के नाला निर्माण में सही निर्माण कार्य के लिए बुडको के परियोजना निदेशक को निर्देश देने और जिला प्रशासन स्तर से इस मनमानी को लेकर सख्ती के लिए विभाग को भी जानकारी दी जा रही है।

## परीक्षा को लेकर केंद्र अधीक्षक, दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग

**परीक्षा का प्रथम चरण 14 एवं 15 अप्रैल को, द्वितीय चरण 17 एवं 18 अप्रैल को एवं तृतीय चरण 20 एवं 21 अप्रैल को होगा संपन्न**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा तीन चरणों में जिला अंतर्गत कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी जिसमें 15864 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त केंद्र अधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में की गई जिसमें अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त ब्रीफिंग मे बताया गया कि सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा जिला में तीन चरणों में संपन्न होगी जिसका पहला चरण 14 एवं 15 अप्रैल को, दूसरा चरण 17 एवं 18 अप्रैल को तथा तीसरा चरण 20 एवं 21 अप्रैल को संपन्न होगी। प्रथम चरण अंतर्गत 14 अप्रैल की परीक्षा दो पाली में एवं 15 अप्रैल की परीक्षा एक पाली में संपन्न होगी, द्वितीय चरण अंतर्गत 17 अप्रैल की परीक्षा दो पाली में एवं 18 अप्रैल की परीक्षा एक पाली में तथा तृतीय चरण अंतर्गत की 20 अप्रैल परीक्षा दो पाली में तथा 21 अप्रैल की परीक्षा एक पाली में संपन्न होगी।तीनों चरण अंतर्गत प्रथम पाली की परीक्षा 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2:30 बजे से 4:30 बजे तक ली जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर 8:00 बजे से 9:00 बजे तक प्रवेश की अनुमति दी जाएगी वहीं द्वितीय पाली के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश 01:00 बजे से 01:30 तक कराई जाएगी। परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थीयों की प्रवेश द्वार पर सघन जांच के साथ अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पर छपे क्यूआर कोड की स्कैनिंग करते हुए फोटो एवं पहचान पत्र के साथ मिलान करते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। संयुक्त ब्रीफिंग में कहा गया कि परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक सहित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी समय से पूर्वाहन 07:00 बजे तक आवंटित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

# शहर में पानी के लिए हाहाकार

**टैंकर सप्लाई भी नाकाफी हो रही साबित ■ योजना अधूरी, नहीं मिल रही नियमित सप्लाई ■ निगम के 53 वार्डों के लोग जूझ रहे समस्या से**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। शहर के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। रांची नगर निगम के 53 वार्डों में से अधिकांश क्षेत्रों में पानी की समस्या साफ तौर पर देखी जा रही है। कई वार्ड ऐसे हैं जो पूरी तरह ड्राई जोन में बदल चुके हैं, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

नगर निगम की ओर से टैंकर के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। टैंकर से मिलने वाला पानी केवल नहाने और घरेलू कामों के लिए ही उपयोग हो पा रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना अब तक पूरी तरह जमीन पर लागू नहीं हो पाई है। इसके चलते शहर के कई इलाकों में नलों से पानी नहीं आने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। टैंकरों की सीमित संख्या और अनियमित आपूर्ति ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बढ़ती गर्मी के कारण जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है। लोग घंटों पानी का इंतजार कर रहे हैं या फिर दूसरे विकल्प तलाशने को मजबूर हैं।

इस मुद्दे पर मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, वहां टैंकर के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि नल-जल योजना राज्य सरकार के अधीन है और इस पर जल्द ही बैठक कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। वार्ड 34 के निवासी उमाकांत महतो और मोहन कुमार सहित कई लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में यह समस्या गंभीर हो जाती है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्थायी उपायों के बजाय दीर्घकालिक समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में इस परेशानी से राहत मिल सके।

## स्थायी समिति का चुनाव 18 को

**मुजफ्फरपुर।** नगर निगम सहित तीन नगर परिषद और सात नगर पंचायतों में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने इसकी आधिकारिक जानकारी दी। मुजफ्फरपुर नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के सात सदस्यों के लिए चुनाव 18 अप्रैल को जिला सभागार में कराया जाएगा। इसके लिए अपर समाहर्ता संजय कुमार को उप निर्वाचन पदाधिकारी और अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।मोतीपुर, काटी और साहेबगंज नगर परिषद के साथ मुरौल और तुर्की नगर पंचायत में 17 अप्रैल को संबंधित प्रखंड सभागारों में मतदान होगा। वहीं सकरा, माधोपुर सुस्ता, बरूराज, मीनापुर और सरैया नगर पंचायतों में 18 अप्रैल को चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। सभी नगर निकायों के लिए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुरूष विहीन हो चुका गोही गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार के गयाजी जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र का गोही गांव आज पलायन की मार झेल रहा है। रोजगार की तलाश में लगभग सभी पुरुष गांव छोड़ चुके हैं, जिसके कारण दिन में भी यहां सन्नाटा पसरा रहता है। गांव में अब सिर्फ महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे ही नजर आते हैं, जो संघर्ष भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

गयाजी जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र स्थित गोही गांव की स्थिति विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। करीब 1000 से 1200 की आबादी वाले इस गांव में अब केवल 10 फीसदी लोग ही रह गए हैं। गांव के लगभग सभी युवा और कामकाजी पुरुष रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर चुके हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि गांव में रोजगार के साधनों की कमी सबसे बड़ी समस्या है। पहले खेती ही मुख्य आजीविका थी, लेकिन अब सिंचाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने के कारण खेती करना मुश्किल हो गया है। पहले समय पर बारिश हो जाती थी, जिससे किसी तरह गुजारा हो जाता था। साथ ही आसपास के जंगल भी ग्रामीणों के लिए सहारा थे।

पहले लोग जंगल से लकड़ी और जड़ी-बूटियां इकट्ठा कर बाजार में बेचते थे, जिससे उनकी आजीविका चलती थी। लेकिन अब जंगल धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं, जिससे यह सहारा भी खत्म हो गया है। ऐसे में युवाओं के पास गांव में कोई रोजगार का विकल्प नहीं बचा।

मजबूरी में गांव के लोग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और मुंबई जैसे शहरों में मजदूरी या छोटे-मोटे काम करने के लिए जा रहे हैं। ग्रामीण कृष्ण सिंह भोक्ता बताते हैं कि लोग 5-6 महीने बाहर रहकर काम करते हैं और फिर कुछ दिनों के लिए गांव लौटते हैं। गांव में बची महिलाएं अब घर और खेत दोनों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल भी उन्हीं के जिम्मे है। त्योहारों के समय ही कुछ पुरुष गांव लौटते हैं, जिससे थोड़ी रौनक दिखती है, अन्यथा गांव में सन्नाटा ही रहता है।

बसंती देवी बताती हैं कि उनके दोनों बेटे कमाने के लिए बाहर चले गए हैं। वह खुद बहू के साथ जंगल से लकड़ी लाकर घर चला रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका एक बेटा विकलांग होने के बावजूद मुंबई में मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा है। दोनों बेटे 4-5 महीने बाहर रहकर कमाते हैं और फिर कुछ समय के लिए गांव लौटते हैं।

समाजसेवी हरेंद्र सिंह भोक्ता के अनुसार, गांव में लोगों के पास जमीन तो है, लेकिन सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। गांव के पास एक नाला है, जहां पुल नहीं होने से आवाजाही में दिक्कत होती है। दो साल पहले इसी नाले में डूबकर दो बच्चों की मौत भी हो चुकी है। शिक्षा की सीमित व्यवस्था है और स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग नदारद हैं। नजदीकी अस्पताल 8 से 10 किलोमीटर दूर है। इन सभी समस्याओं के कारण गांव के करीब 90 फीसदी लोग मुंबई, चेन्नई, गुजरात, सूरत, बेंगलुरु, पंजाब और दिल्ली जैसे शहरों में काम करने को मजबूर हैं। त्योहारों को छोड़कर गांव में सिर्फ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग ही नजर आते हैं।

# झारखण्ड उत्पाद सिपाही परीक्षा आज

**27 केन्द्रों पर तीन पालियों में होगी आयोजित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रविवार को जिले के विभिन्न 27 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा तीन अलग-अलग पालियों में आयोजित होगी, जिसके लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।पहली पाली में तृतीय पत्र (सामान्य ज्ञान/अध्ययन) की परीक्षा सुबह 08:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को इसके लिए सुबह 07:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

दूसरी पाली में द्वितीय पत्र (जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा) की परीक्षा 11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक ली जाएगी। वहीं, तीसरी और अंतिम पाली में प्रथम पत्र (भाषा ज्ञान) की परीक्षा 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि दूसरी पाली तक कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले केन्द्र पर पहुंचना होगा तथा परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।

परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त बनाने के लिए सभी केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता टीमों की तैनाती की गई है। अभ्यर्थियों की गहन जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय का विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें।

# फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण के लिए जल्द होगा नामांकन

**युवाओं को पायलट बनने का सपना जल्द होगा साकार**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य के दुमका फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण के लिए 30 सीटों पर नामांकन झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा आयोजित होनेवाली प्रवेश परीक्षा से होगा।

नागर विमान विभाग ने प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए जेसीईसीईबी को पत्र भेज दिया है। अब प्रवेश परीक्षा के लिए शीघ्र विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। परीक्षा की तिथि का निर्धारण पर्षद द्वारा किया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा में सफल 30 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें 15 छात्रों को राज्य सरकार मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसके लिए इन्हें शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। मुफ्त प्रशिक्षण के एवज में राज्य सरकार संबंधित एजेंसी को राशि का भुगतान करेगी।

जिन 15 छात्रों का प्रशिक्षण उनके स्वयं के पूर्ण शुल्क भुगतान के आधार पर दिया जाना है, उनका चयन नागर विमानन निदेशालय, भारत सरकार द्वारा कमर्शियल पायलट के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम में से आधे या उससे अधिक पेपर में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं से होगा।

इनके चयन को लेकर आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्राप्ति /जांच, परीक्षा के आयोजन एवं मेधा सूची तैयार कर दुमका फ्लाईंग इंस्टीट्यूट को उपलब्ध कराने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गाइडलाइन तैयार की गई है।

15 प्रशिक्षुओं को दी जाने वाली शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना का लाभ झारखंड में लागू आरक्षण नीति के अनुरूप प्रदान किया जाएगा। इसका लाभ केवल स्थायी निवासियों को मिलेगा।

उक्त 15 प्रशिक्षुओं को छात्रवृत्ति का लाभ मेधाक्रम में उच्च वरीयता क्रम के अनुसार प्रदान किया जाएगा। इसके तहत सात सीटें अनारक्षित होंगी। वहीं, एसटी के लिए चार तथा एससी, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर के लिए एक-एक सीट आरक्षित होगी।

# तीन साल पूर्व जब्त कोयले की हो रही खोज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में तीन साल पहले जब्त किए गए भारी मात्रा में कोयले के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखकर 3 जनवरी 2023 को बड़ा पिछड़ी कंचन टॉकीज के पास से जब्त किए गए 1031 टन कोयले की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अध्यक्ष ने इस मामले को अत्यंत गंभीर और जनहित से जुड़ा बताते हुए खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

जिला परिषद अध्यक्ष ने अपने पत्र के माध्यम से खनन पदाधिकारी से स्पष्ट पूछा है कि जब्त किया गया 1031 टन कोयला वर्तमान में किस स्थिति में है और इसे कहां सुरक्षित भंडारित किया गया है। उन्होंने इस बात पर भी जवाब मांगा है कि उक्त कोयले की सुरक्षा की जिम्मेदारी किस अधिकारी या विभाग की तय की गई थी। अध्यक्ष ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि कोयले के संरक्षण या प्रबंधन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है, तो इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जाए। पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि मामले में अब तक क्या दंडात्मक या प्रशासनिक कार्रवाई की गई है, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। अध्यक्ष शारदा सिंह ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर तीन दिनों के भीतर जांच पूरी कर विस्तृत प्रतिवेदन कार्यालय को सौंपना सुनिश्चित करें, ताकि मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# मेला महोत्सव की बैठक में सुरक्षा और सुविधा पर फोकस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बासुकीनाथ।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव की तैयारी को लेकर आयुक्त संजय कुमार ने मंदिर स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

बैठक से पहले आयुक्त ने रूट लाइन का निरीक्षण किया और उपायुक्त अभिजीत सिन्हा से मेला के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि मेला महोत्सव में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

इसके लिए सभी संबंधित विभागों को अपनी-अपनी कार्ययोजना शीघ्र तैयार करें। मेला क्षेत्र के सभी इंट्री प्वाइंट पर मेटल डिटेक्टर लगाने और ट्रैफिक रूट प्लान तैयार करने का निर्देश दिया।

आयुक्त ने बासुकिनाथ मंदिर आने-जाने वाले मार्गों की स्थिति को सुधारने के लिए बासुकिनाथ-दुमका रोड को दुरुस्त करने व शिवगंगा की साफ-सफाई को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि शिवगंगा की सफाई के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने पांच स्थलों को चिह्नित कर शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने, पेयजल व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग कराने व मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला के दौरान अक्सर बच्चे व स्वजन बिछड़ जाते हैं, ऐसी स्थिति में मेला क्षेत्र में लगी स्क्रीन के माध्यम से इसकी सूचना का प्रसारण किया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र उनके स्वजन से मिलाया जा सके।

आयुक्त ने पुलिस पदाधिकारियों के आवासन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने व लाकर सिस्टम, पार्किंग स्थल व पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था करने पर जोर दिया।

नंदी चौक सहित प्रमुख स्थलों पर आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, आयुक्त के सचिव, नगर पंचायत बासुकीनाथ की अध्यक्ष, पंडा समाज के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी शामिल थे।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आयुक्त ने आवश्यकता अनुसार मंदिर गार्ड की प्रतिनियुक्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि फायर स्टेशन के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजा जाए। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता व एंबुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। आयुक्त ने भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से क्यू कॉम्प्लेक्स में वाटर स्प्रिंकलर लगाने का निर्देश दिया, श्रद्धालुओं को सुगम एवं आरामदायक अनुभव मिल सके। पूरे मेला क्षेत्र एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए वेस्ट मैनेजमेंट के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

# अस्पताल परिसर बन रहा नशेड़ियों का अड्डा

**लड़कियों में तेजी से पनप रहा नशे का चलन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में सार्वजनिक स्थलों और अस्पताल परिसरों में नशेड़ियों का बढ़ता जमावड़ा गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है।

शाम के बाद पड़ताल की तो पाया गया कि सदर अस्पताल परिसर में शाम 6 बजे बाद से ही सुनसान जगहों पर कई नशेड़ी धड़ल्ले से नशापान कर रहे हैं। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं दिखा। सदर अस्पताल परिसर में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है, जहां शाम ढलते ही पुराने सिविल सर्जन कार्यालय के पास युवक-युवतियां दीवार और बंद गेट फांदकर अंदर प्रवेश कर जाते हैं। इस दौरान कई बार इनके गिरने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। परिसर में घुसते ही स्ट्रीट लाइट तोड़ दी जाती है और विरोध करने पर गार्ड को खदेड़ दिया जाता है।जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। रात 11 बजे तक ये नशेड़ी यहां अड्डा बनाकर रह रहे हैं। दूसरी ओर कोकर क्षेत्र में पुलिस की गश्ती न के बराबर है, यह रात 9 बजे से ही सड़क किनारे ही नशापान होते देख गया।



लोवाडीह स्थित हाईटेंशन मैदान में भी हर शाम सात बजे के बाद नशेड़ियों की भीड़ जुटने लगती है। रात बढ़ने के साथ यहां खुलेआम शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है।चौंकाने वाली बात यह है कि यहां लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी बड़ी संख्या में पहुंच रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है।

इसी तरह रिम्स परिसर का डीआईजी मैदान और ओटीसी मैदान में रात 10 बजे भी नशेड़ियों के अड्डे में तब्दील हो चुके हैं। रिम्स जैसे संवेदनशील अस्पताल परिसर में भी नशापान की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो मरीजों और उनके स्वजनों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं।

# अलग-अलग मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हंसडीहा ।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत हंसडीहा थाना पुलिस ने गुरुवार को फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह अभियान हंसडीहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलाया गया, जिसमें पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की।

सबसे पहले हंसडीहा थाना के अवर निरीक्षक विनोद सिंह के नेतृत्व में भाटिन गांव में दबिश दी गई। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे नागेश्वर महतो एवं उनके पुत्र दीपक महतो को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों के खिलाफ पूर्व से ही न्यायालय द्वारा वारंट जारी था और वे पुलिस की गिरफ्त से बचते फिर रहे थे। इसी क्रम में हंसडीहा थाना के अवर निरीक्षक जिमी हांसदा के नेतृत्व में एक अन्य टीम ने नोनी गांव में छापेमारी की।

यहां से कार्तिक शाह को गिरफ्तार किया गया, जो एक अलग मामले में वारंटी था और काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार सभी आरोपियों को थाना लाया गया, जहां उनकी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की गई।

इसके बाद सभी का मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच के उपरांत उन्हें संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया गया।

पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत आगे भी ऐसे फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रह सके और अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# रिश्वत लेते मनरेगा जेई को एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड में शनिवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मनरेगा के जूनियर इंजीनियर अंकुश कुमार को पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने एसीबी टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। धनवार निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि डोभा निर्माण योजना का बकाया राशि जारी करने के लिए जेई पांच हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत के सत्यापन के बाद धनबाद एसीबी की टीम ने ट्रैप बिछाकर आरोपित को कथित रूप से घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के दौरान मौजूद जेई के समर्थकों ने एसीबी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि टीम ने जबरन उनकी जेब में पैसा डालकर उन्हें फंसाया है। समर्थकों का यह भी कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो एसीबी टीम ने उनके साथ मारपीट और धक्का मुक्की की।गिरफ्तारी के दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी और तनाव का माहौल बन गया। इस दौरान हुई कथित धक्कामुक्की और विवाद का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद धनवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल है, वहीं आम लोगों के बीच भी घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल, एसीबी की कार्रवाई और समर्थकों के आरोपों के बीच पूरे मामले को लेकर स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

## साइबर थाने का आरक्षी ही निकला ठगी का मास्टरमाइंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेंगाबाद।** साइबर ठगी से आमलोगों को बचाव करने के लिए बना जामताड़ा के साइबर थाना के एक आरक्षी ने थाना के चार पहिया वाहन को सस्ते दामों में नीलामी पर देने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की है।भुक्तभोगी मुंडहरी निवासी महाराज प्रसाद यादव ने गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर ठगी करने वाले उक्त आरक्षी गौतम कुमार शर्मा के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। आरोपित आरक्षीमधुपुर थाना क्षेत्र के गडिया गांव का रहने वाला है। आवेदन में महाराज यादव ने कहा है कि उक्त आरक्षी से पूर्व से परिचित था । जिसके कारण उसने बीते साल मई माह में फोन कर बोला कि थाने में जब्त पड़े चार पहिया वाहनों की नीलामी सितंबर में होने वाली है। वाहन सस्ते दामों में ही मिल जाएगा। अगर लेना है तो अपने लोगों को जानकारी देकर रुपये जमा करें।आरक्षी के सस्ते दामों में वाहनों के नीलामी करने के झांसे में आकर महाराज प्रसाद यादव उनके पुत्र अरूण कुमार, नावाडीह निवासी रजाउद्दीन मिर्जा और मो अलाउद्दीन, जमुआ निवासी मनोज कुमार यादव, गांडेय के अलीमके मिर्जा, झलक डीहा के प्रकाश मंडल और मुंडहरी के जगदीश प्रसाद यादव को बारी-बारी से वाहनों को दिखाकर अलग अलग समय में कुल 39 लाख 60 हजार 500 रुपये आनलाइन और नगद के रूप में लिया। दिसंबर माह बीतने के बाद भी जब वाहनों की नीलामी नहीं हुई तो आरक्षी को फोन किया जाने लगा । लेकिन आरक्षी बहाने बनाता रहा। इसके बाद भुक्तभोगियों ने उक्त थाना जाकर जानकारी ली। बताया गया कि वाहनों की नीलामी के लिए न्यायालय से कोई आदेश नहीं मिला है। इसके बाद उक्त लोग पैसे के लिए आरक्षी को फोन और तगादा करने लगे इसके बाद भी रुपये वापस नहीं कर रहा था।

# रिटायर्ड शिक्षक को किया डिजिटल अरेस्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें शातिर ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर रिटायर्ड शिक्षक को डिजिटल अरेस्ट में रखकर 6.20 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित मुढ़ारी गांव के निवासी रिटायर्ड शिक्षक कृष्ण कुमार हैं। ठगों ने उन्हें देशद्रोह और आतंकवाद से जुड़े मामले में फंसाने की धमकी देकर कई दिनों तक मानसिक दबाव में रखा और उनसे मोटी रकम ऐंठ ली। पीड़ित ने बताया कि 31 मार्च को उनके मोबाइल पर एक काल आई।

कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी और जज बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पुलवामा हमले में उनके बैंक खाते का इस्तेमाल आतंकियों के साथ लेनदेन के लिए किया गया है।

इस गंभीर आरोप से घबराए बुजुर्ग को ठगों ने विश्वास में लेकर कहा कि उनके सभी बैंक खातों की जांच होगी और सहयोग न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ठगों ने ह्लखाता जांचह्व के नाम पर आरटीजीएस के जरिए दो किस्तों में 6.20 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। लगातार दबाव और डर के माहौल में पीड़ित ने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया।

शातिरों ने 31 मार्च से सात अप्रैल तक रिटायर्ड शिक्षक को डिजिटल अरेस्ट में रखा। इस दौरान उन्हें 24 घंटे वर्चुअल सर्विलांस में रखा गया, ताकि वे किसी से संपर्क न कर सकें और पूरी तरह ठगों के नियंत्रण में रहें।


साइबर थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और ठगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह के काल या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों से घबराएं नहीं और तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

## उज्बेकिस्तान में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में समीर बोहरा दिखाएंगे पंच का दम

- दीपशिखा के बैडमिंटन प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)(एजेंसी)।** सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के समीर बोहरा का चयन उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने वाली भारतीय टीम में हुआ है. समीर बोहरा पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में



बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. 1 से 16 मई तक आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में समीर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे. एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में समीर बोहरा से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। बेहतरीन प्रदर्शन आया काम : 4 से 11 अप्रैल 2026 तक पटियाला, पंजाब में आयोजित चयन ट्रायल्स में समीर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. उनके प्रदर्शन के आधार पर समीर का चयन भारतीय टीम में हुआ है. समीर बोहरा ने इससे पहले भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं. समीर बोहरा वर्तमान में हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ में कक्षा-9 में अध्ययनरत हैं और प्रशिक्षक रविंद्र सिंह एवं देशरत्न बोहरा से बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2026 में समीर से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

- **समीर के चयन से खुशी का माहौल :** इस प्रतियोगिता को लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी समेत जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन ने समीर को शुभकामनाएं दी हैं.अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इससे पूर्व हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ कॉलेज के खिलाड़ी आदित्य भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं. बॉक्सिंग खिलाड़ी आदित्य महरा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं।
- **दीपशिखा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन :** बेरीनाग के हिमालय इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा दीपशिखा कार्की ने अपने उत्कृष्ट खेल से क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उनका चयन अंडर



17 राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिसमें वह उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी. प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी. दीपशिखा की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. दीपशिखा के चयन पर मुख्य शिक्षा अधिकारी तरूण पंत, खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार, एसडीएम खुशबू पांडे, प्रधानाचार्य देवबाला बिष्ट, प्रबंधक प्रकाश कार्की, संरक्षक सीएस कार्की,उप प्रधानाचार्य भूपेंद्र पपोला, भास्कर पंत, मंजू कार्की, यति रौतेला,कमलेश जोशी समेत आदि ने खुशी जताई है।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर-1 को दी मात




### 61 साल बाद फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय शटल आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है. वो टूर्नामेंट के मेंस सिंगल में फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे और 1965 के बाद यहां तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. 1965 में दिनेश खन्ना ने टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।

### आयुष शेट्टी का शानदार कम्बैक

शनिवार को निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में पुरुषों के सिंगल्स सेमीफाइनल में आयुष ने वर्ल्ड नंबर - 1 और पेरिस 2024 के सिल्वर मेडलिस्ट कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर चौंका दिया. वर्ल्ड में 25वीं रैंक वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पहला सेट 10-21 से हारने के बाद लगातार दो सेट 21-19, 21-17 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली. यह मैच एक घंटा 15 मिनट तक चला।

- **आयुष के लिए एक बड़ी उपलब्धि-** यह जीत आयुष के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि वह 2018 में एच.एस. प्रणॉय के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी बन गए हैं. इसने इस टूर्नामेंट में भारत के पोडियम पर पहुंचने के इंतजार को भी खत्म कर दिया. इससे पहले आखिरी मेडल 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स टीम ने जीता था।
- **वर्ल्ड नंबर 4 को भी हराया-** फाइनल तक का आयुष का सफर काफी शानदार रहा है. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ही सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने वर्ल्ड नंबर 4 जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था. यह इस इंडोनेशियाई स्टार के खिलाफ उनकी पहली जीत थी. टूर्नामेंट में इससे पहले, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 7 ली शी फेंग को सीधे गेम में हराया था और उसके बाद चीनी ताइपे के चिन यू जेन पर भी एक और मजबूत जीत हासिल की थी।

### सिंधु-लक्ष्य ने किया निराश

खास बात ये है कि इस टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पी.वी. सिंधु दूसरे राउंड में हार गईं, जबकि लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए, जिनसे भारत को काफी ज्यादा उम्मीदें थी. आयुष शेट्टी अब एक बड़ी उपलब्धि की दहलीज पर खड़े हैं. वे भारत की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं और अपने करियर के सबसे बड़े खिताब के साथ अपने इस शानदार सफर को अंजाम तक पहुंचाने का लक्ष्य रखे हुए हैं।

# वैभव की एक और तूफानी पारी

### राजस्थान ने आरसीबी को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की




**नईदिल्ली(एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 16वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को 6 विकेट से हराकर इस सीजन अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की. 202 रनों के लक्ष्य को राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 और ध्रुव जुरेल के 43 गेंद में 81 रनों की नाबाद पारी की बदौलत 12 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया. जडेजा भी 25 गेंद में 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

**वैभव-जुरेल की धमाकेधार बल्लेबाजी-** वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर तूफानी पारी खेलकर सबका दिल जीत लिया. उन्होंने 15 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की, और मैच में 26 गेंद में 78 रन बनाकर आउट हुए. जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल हैं. वहीं ध्रुव जुरेल 43 गेंद में 81 रन बनाकर नाबाद रहे.

### वैभव सूर्यवंशी ने भुवनेश्वर, हेजलवुड और बुमराह का सामना करने पर बोला मैं गेंद खेलता हूँ न कि गेंदबाजों को

वैभव सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ एक और मैच जिताऊ पारी खेलकर सबका दिल जीत लिया. उन्होंने 26 गेंदों में 78 रन बनाए. जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस दौरान वैभव ने स्विंग के किंग भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के नंबर वन गेंदबाज जोश हेजलवुड के छक्के छुड़ा दिए ।वैभव ने इस मैच में भी बेहद निडरता से खेला. उन्होंने सबसे पहले भुवनेश्वर कुमार की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाई, और फिर जोश हेजलवुड के ओवर में 19 रन बनाकर उन पर भी जोरदार हमला किया. इससे पहले वौभव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में भारत के नंबर वन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक ही ओवर में दो छक्के जड़कर सबको हैरान कर दिया था.। 'सर मैं गेंद को खेलने की कोशिश करता हूं, गेंदबाज को नहीं' 78 रनों की शानदार पारी की वजह से वैभव को प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. मैच के बाद प्रेजेंटेशन में जब उनसे ये सवाल पूछा गया कि, क्या आप को बुमराह, भुवनेश्वर और हेजलवुड जैसे गेंदबाजों से डर नहीं लगता? तो वैभव ने अपने जवाब में कहा, ' सर मैं गेंद को खेलने की कोशिश करता हूं, गेंदबाज को नहीं.' मैच के बाद सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं बस अपनी ताकत पर भरोसा करने और अभ्यास में जो किया है, उसे ही मैदान पर उतारने की कोशिश करता हूं.

### आउट होने पर निराश क्यों होते हो?

वैभव ने आगे कहा, 'मेरे पिता मुझे लगातार मार्गदर्शन देते रहते हैं. यहां मेरे अभिभावक रोमी सर हैं. वे मुझे हमेशा याद दिलाते रहते हैं कि यह सफर बहुत लंबा है. इसलिए, मुझे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देना है, किसी और चीज पर नहीं.'78 रन बनाने के बावजूद आउट होने के बाद सूर्यवंशी थोड़े निराश दिखे.

## चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- वैशाली ड्रॉ के साथ टॉप पर पहुंचीं

- दिव्या देशमुख और प्रज्ञानानंदा हारे; टूर्नामेंट के 4 राउंड बाकी




- गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे।5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने एफआईडीई चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

**टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 अंक का अंतर-** 10वें राउंड में वैशाली को खास परेशानी नहीं हुई और खेल बिना उतार-चढ़ाव के ड्रॉ रहा। झू जिनेर को बिबिसारा असाउबायेवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वैशाली को बढ़त मिली। टूर्नामेंट बेहद रोमांचक बना हुआ है। टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 पॉइंट का अंतर है।

# चेस में 'चीटिंग' का सस्पेंस

### हार से बौखलाए कार्लसन 19 साल के नीमन से भिड़ने पहुंच गए थे

**चेन्नई (एजेंसी)।** शतरंज की बिसात पर मोहरे अक्सर गहरी खामोशी व एकाग्रता के साथ चले जाते हैं। लेकिन 2022 में एक ऐसी चाल चली गई, जिसने कोहराम मचा दिया। वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर हंस नीमन पर चीटिंग का आरोप लगाया था।

यह शतरंज के इतिहास का सबसे बड़ा, गंभीर और चर्चित विवाद बन गया। अब चार साल बाद, नेटफ्लिक्स की नई डॉक्यूमेंट्री 'अनटोल्डः चेस मेट्स' ने इस विवाद को फिर से कुरेदा है। 74 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में कई ऐसे छिपे हुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश की गई है, जो दबे थे।

डॉक्यूमेंट्री में मैग्नस कार्लसन के पिता हेनरिक कार्लसन ने एक बेहद चौंकाने वाला किस्सा साझा किया है। अमेरिका में चल रहे प्रतिष्ठित सिंकफील्ड कप में जब नीमन ने कार्लसन को हराया, तो वह कार्लसन की लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नीमन के हाथों हार थी। इस हार के बाद कार्लसन इस कदर गुस्से और हताशा में थे कि वे सीधे नीमन के होटल के कमरे का दरवाजा खटखटाना चाहते थे। हेनरिक बताते हैं, 'मैग्नस उस रात नीमन के कमरे में जाकर उससे सीधे पूछना चाहते थे कि आखिर यह सब क्या चल रहा है? तुम मुझे कैसे हरा रहे हो?' नीमन रैंकिंग




और खेल कौशल में कार्लसन से काफी नीचे थे। इसके बावजूद वे बिना कोई खास मेहनत के, बिल्कुल सहजता से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मात दे रहे थे। पिता के समझाने पर कार्लसन नीमन के कमरे तक नहीं गए, लेकिन उन्होंने शतरंज के सबसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'चेस डॉट कॉम' का रुख किया। इस हाई-प्रोफाइल मामले में यह प्लेटफॉर्म ही मुख्य गवाह था, जिसने सबसे पहले इशारा किया कि नीमन ने अतीत में बेईमानी की है।

कार्लसन टूर्नामेंट से हट गए और चेस डॉट कॉम ने तत्काल नीमन को बैन कर दिया। इतना ही नहीं, प्लेटफॉर्म के सीईओ एरिक एलेबेस्ट ने जांच शुरू कर दी। अंततः इसी प्लेटफॉर्म ने 72 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया कि नीमन के खिलाफ 'आमने-सामने बैठकर खेले गए' मैच में बेईमानी का कोई सुराग या प्रमाण नहीं मिला है।

कार्लसन ने कभी सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें नीमन पर किस खास तरीके से चीटिंग करने का शक था, इसलिए इंटरनेट की दुनिया में अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। इनमें सबसे चर्चित थ्योरी यह थी कि नीमन ने अपने शरीर में कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस छिपा रखी थी, जो उन्हें बाहर किसी कंप्यूटर से सही चाल बता रहा था। डॉक्यूमेंट्री में नीमन इस बात को लेकर बेहद भावुक और गहरे अवसाद में नजर आते हैं। डॉक्यूमेंट्री के आखिरी हिस्से में कार्लसन खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि प्लेटफॉर्म ने उन्हें गुमराह किया। चार साल बीत जाने के बाद भी यह पूरा स्कैंडल एक ऐसे अंधे मोड़ पर खड़ा है, जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जिद पर अड़े हैं। सटीक जवाब किसी के पास नहीं है।

### नीमन ने स्वीकारी चीटिंग

डॉक्यूमेंट्री में चेस डॉट कॉम के चीफ चेस ऑफिसर डैनी रेंच ने बताया कि नीमन ने 100 से ज्यादा ऑनलाइन मैचों में अनुचित साधनों का प्रयोग किया था। नीमन ने स्वीकार किया कि उन्होंने 12 व 16 साल की उम्र में कुछ ऑनलाइन मैचों में रेटिंग बढ़ाने के लिए चीटिंग की थी।

# एफसी गोवा का धमाका, ओडिशा एफसी को 3-1 से हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग 2025-26 में स्न्रष्ट गोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा स्न्रष्ट को 3-1 से हराया। यह मुकाबला गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया, जहां टीम ने खासकर दूसरे हाफ में जबरदस्त खेल दिखाया।

- **बॉब जैक्सन राज का खास डेब्यू-** इस मैच में एफसी गोवा के लिए एक खास पल भी देखने को मिला, जब स्थानीय खिलाड़ी और अकादमी के गोलकीपर बॉब जैक्सन राज ने अपना डेब्यू किया। उन्होंने पूरे मैच में शानदार संयम दिखाया और गोलपोस्ट के बीच भरोसेमंद प्रदर्शन किया।
- **पहले हाफ में बराबरी की टक्कर-** मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। एफसी गोवा ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखा, लेकिन ओडिशा एफसी की मजबूत डिफेंस के चलते गोल नहीं हो सका और हाफ टाइम




तक स्कोर 0-0 रहा।

- **दूसरे हाफ में गोवा का दबदबा-** दूसरे हाफ में एफसी गोवा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और 62वें मिनट में डेजान ने आयुष के शानदार पास पर पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद टीम का आत्मविश्वास और बढ़ गया।
- **पोल का शानदार फ्री-किक गोल-** 81वें मिनट में पोल ने बेहतरीन फ्री-किक के जरिए गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। यह गोल मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और ओडिशा की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा।
- **पेनल्टी और आखिरी गोल-** इंजरी टाइम में अब्दुल रबीह पर फाउल के बाद एफसी गोवा को पेनल्टी मिली, जिसे ब्रिसन ने 90+4 मिनट में गोल में बदल दिया ।हालांकि ओडिशा एफसी ने 90+7 मिनट में एक गोल जरूर किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। शानदार प्रदर्शन के लिए आयुष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने एक अहम असिस्ट दिया और पूरे मैच में बेहतरीन खेल दिखाया।

### इंटरनेशनल प्लेयर स्वीटी बूरा ने दीपक हुड्डा से लिया तलाक




**हिसार (एजेंसी)।** हरियाणा के हिसार की रहने वाली वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा और उनके पति व इंडियन कबड् ?डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा के बीच तलाक हो गया है। हिसार कोर्ट में दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया। तलाक का केस लड़ रहे स्वीटी के वकील सुनील तिवारी ने इसकी पुष्टि की। बताया कि तलाक पर फैसले के समय दोनों कोर्ट में ही मौजूद थे। स्वीटी ने कोर्ट में कहा कि अब उनका दीपक हुड्डा के साथ रहना संभव नहीं है। वहीं, दीपक ने मामले में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, तलाक से पहले स्वीटी ने भरण-पोषण के लिए 50 लाख रुपए गुजारा भत्ता और 1.50 लाख रुपए मासिक खर्च की मांग भी रखी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### राणा अय्यूब के 'अपमानजनक' एक्स पोस्ट को ब्लॉक करने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंदू देवी-देवताओं सहित अन्य के खिलाफ पत्रकार राणा अय्यूब द्वारा



किए गए अपमानजनक और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील एक्स पोस्ट को हटाने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को हलफनामा दाखिल कर यह जानकारी न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ के समक्ष दी। अदालत के समक्ष दाखिल हलफनामा में केंद्र सरकार और पुलिस ने कहा कि जांच एजेंसी ने नौ अप्रैल को संबंधित प्राधिकारी से सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) अधिनियम-2000 की धारा 69ए के तहत आपत्तिजनक एक्स पोस्ट को ब्लाक करने का अनुरोध किया है। केंद्र ने कहा कि यह अनुरोध विचाराधीन है और आइटी ब्लाकिंग नियमों के तहत प्राधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी। केंद्र सरकार ने नोट में कहा कि भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को ब्लॉक करने के लिए प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम- 2009 के तहत कानून के अनुसार पहले ही कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अधिवक्ता अमिता सचदेवा ने याचिका दायर कर राणा अयूब एक्स पोस्ट को हटाने की मांग की है। उक्त पोस्ट में अयूब ने हिंदू देवी-देवताओं और ऐतिहासिक हस्तियों का अपमान किया गया था। वहीं, दूसरी तरफ राणा अयूब की तरफ से जवाब दाखिल करने के लिए और समय देने की मांग की गई। राणा अयूब के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई 19 मई के लिए स्थगित कर दी।

### एनसीएलटी के कार्यवाहक अध्यक्ष की नियुक्ति को दी गई चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के कार्यवाहक अध्यक्ष की




नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक तकनीकी सदस्य की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है और उसका पक्ष पूछा। याचिकाकर्ता कौशलेंद्र कुमार सिंह ने बाचू वेंकट बलराम दास को एनसीएलटी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर व न्यायमूति ओपी शुक्ला की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य बाचू वेंकट बलराम दास को भी नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि कानून के तहत ट्रिब्यूनल के कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर सबसे वरिष्ठ सदस्य की नियुक्ति अनिवार्य है, चाहे वह न्यायिक सदस्य हो या तकनीकी सदस्य। याचिका में कहा गया है कि चूंकि उनकी नियुक्ति ट्रिब्यूनल के सदस्य के तौर पर बाचू वेंकट बलराम दास से पहले हुई थी, इसलिए बाचू वेंकट बलराम दास को कार्यवाहक अध्यक्ष नहीं बनाया जा सकता था। पीठ ने मामले की गंभीरता देखते हुए चार दिनों में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 20 अप्रैल के लिए तय कर दी। साथ ही पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अगर कानून में सबसे वरिष्ठ सदस्य को ही नियुक्त करने का प्रविधान है और याचिकाकर्ता की नियुक्ति मौजूदा कार्यवाहक अध्यक्ष से पहले हुई है।

**दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश के शिमला में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया**

# 11 राज्यों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल का दूसरा सप्ताह शुरू होते ही गर्मी ने अपने देवर दिखाने शुरू कर दिए है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में गर्मी तेजी से अपने चरम की ओर बढ़ रही है। वहीं, पहाड़ी राज्यों में बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। एक तरफ जहां राजस्थान के बाड़मेर में पारा 37.5 डिग्री तक पहुंच गया है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश के शिमला में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो पिछले 46 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आज 11 राज्यों में आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने आज जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरलम में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से आंधी चल सकती है। 14 अप्रैल तक असम और मेघालय में गरज के साथ हल्की से मीडियम बारिश, बिजली कड़कने और 30-40 प्रति किमी की स्पीड से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 11 से 14 अप्रैल के दौरान अरुणाचल प्रदेश में बिजली कड़कने के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है। 11 और 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ हल्की से मीडियम बारिश की संभावना है। इस दौरान 50 प्रति किमी की स्पीड से हवाएं चलने की संभावना है।



### तेजी से बढ़ रहा पारा

देशभर में पारा तेजी से बढ़ रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर पड़ने से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में तापमान 4-6एष्ट तक बढ़ने की संभावना है। राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 37.5एष्ट पर पहुंच गया है। इसके अलावा ओडिशा और तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में गर्मी और उमस का मौसम बना रहेगा। उत्तर-पश्चिम भारत में सबसे ज्यादा तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस, पूर्वी भारत में 5-7 डिग्री सेल्सियस और मध्य भारत में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 11 से 16 अप्रैल के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में सबसे ज्याता तापमान उत्तर-पश्चिम भारत में तक बढ़ने की संभावना है। 14 अप्रैल तक मध्य भारत के तापमान में धीरे-धीरे 3-5एष्ट तक की बढ़ोतरी हो सकती है। 14 अप्रैल तक पूर्वी भारत में ज्यादा से ज्यादा तापमान में धीरे-धीरे 5-7एष्ट की बढ़ोतरी हो सकती है। 13 अप्रैल तक गुजरात राज्य के तापमान में धीरे-धीरे 2-4 एष्ट की बढ़ोतरी हो सकती है।

# अमेरिका में सिखों के खिलाफ हेट क्राइम में रिकॉर्ड वृद्धि, एक दशक में 3700 प्रतिशत के उछाल से चिंता बढ़ी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में सिख समुदाय के खिलाफ नफरत आधारित अपराधों में पिछले एक दशक में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, 2015 के मुकाबले 2025 तक ऐसे मामलों में करीब 3,700 प्रतिशत का उछाल आया है, जो लक्षित हिंसा के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करता है।

एफबीआई के प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में जहां सिखों के खिलाफ केवल 6 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 228 हो गई।

हालांकि, समग्र तौर पर देखें तो 2025 में कुल हेट क्राइम मामलों में पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद विशेषज्ञ मानते हैं कि यह गिरावट भ्रामक हो सकती है, क्योंकि कुछ विशेष समुदायों के खिलाफ लक्षित हमले लगातार बढ़ रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2015 से 2025 के बीच अमेरिका में कुल हेट क्राइम मामलों में 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी लंबे समय में नफरत आधारित अपराधों का ग्राफ ऊपर ही गया है, भले ही हाल के साल में कुछ कमी दिखी हो। जिस समुदाय को



किसी खास तरह के डर पैदा करने वाले स्टीरियोटाइप से जोड़ा जाता है, उस समूह के खिलाफ मामलों में अचानक उछाल देखने को मिलता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में सिख समुदाय अमेरिका में तीसरा सबसे ज्यादा निशाना बनाए जाने वाला धार्मिक समूह था। इस सूची में पहले स्थान पर यहूदी और दूसरे स्थान पर मुस्लिम समुदाय रहे। विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि सिखों के खिलाफ हेट क्राइम को अलग श्रेणी के रूप में हाल के वर्षों में ही ट्रैक किया जाना शुरू हुआ है, जिससे अब वास्तविक स्थिति ज्यादा स्पष्ट हो रही है। पिछले एक दशक में कई अन्य समुदायों के खिलाफ भी नफरत अपराधों में तेज वृद्धि दर्ज की गई है: ट्रांस समुदाय के खिलाफ: 395 प्रतिशत वृद्धि (सबसे ज्यादा) लैटिनो समुदाय के खिलाफ: 239 प्रतिशत वृद्धि, 2025 में 1,014 मामलों के साथ नया रिकॉर्ड एशियाई समुदाय के खिलाफ: 195 प्रतिशत वृद्धि

**यहूदी समुदाय के खिलाफ:** 123 प्रतिशत वृद्धि (हालांकि 2025 में 29 प्रतिशत गिरावट)

**अश्वेत समुदाय के खिलाफ:** 66 प्रतिशत वृद्धि

**श्वेत समुदाय के खिलाफ: 51 प्रतिशत वृद्धि**

समलैंगिक पुरुषों के खिलाफ: 27 प्रतिशत वृद्धि विशेषज्ञों के अनुसार, ये आंकड़े एक जटिल तस्वीर पेश करते हैं, जहां कुल मामलों में उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन कुछ समुदायों के खिलाफ लक्षित हिंसा लगातार तेज हो रही है। इस बढ़ते ट्रेंड ने अमेरिका में सुरक्षा व्यवस्था, कानून प्रवर्तन और सामाजिक जागरूकता को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं। आने वाले समय में इन आंकड़ों पर और गहराई से विश्लेषण और ठोस नीतिगत कदम उठाने की जरूरत मानी जा रही है।

### ईरानी ड्रोन गिराने में यूक्रेन ने की मदद

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के कई देशों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने कहा, ये अभियान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत यूक्रेन अपने सहयोगी देशों को उन हथियारों से निपटने में मदद कर रहा है जिनका इस्तेमाल रूस उसके खिलाफ कर रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इन अभियानों की पहली बार सार्वजनिक रूप से पुष्टि की, जिसे शुक्रवार तक सार्वजनिक नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, यूक्रेनी बलों ने देश में विकसित और युद्ध में परखे गए इंटरसेप्टर ड्रोन का उपयोग करते हुए विदेशों में सक्रिय अभियानों में भाग लिया। ये इंटरसेप्टर ड्रोन यूक्रेन में रूस द्वारा इस्तेमाल ईरान-निर्मित ड्रोन का मुकाबला करने में कारगर साबित हुए हैं। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब इस बात की चिंता बनी हुई है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यूक्रेन से पश्चिमी देशों का सैन्य समर्थन हट सकता है। हालांकि जेलेंस्की ने कहा, सहयोगी देश पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों के लिए मिसाइलों की आपूर्ति जारी रखे हुए हैं। वह बोले, हाल ही में मिसाइलों का एक नया जत्था आ चुका है।

# यूके में दो भारतीय छात्रों की डूबने से मौत, मुंबई और आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे स्टूडेंट

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की हर्टफोर्डशायर यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे दो भारतीय छात्रों की अलग-अलग हादसों में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। इनमें से एक मृतक छात्र मुंबई का रहने वाला था, वहीं, दूसरा छात्र आंध्र प्रदेश का था।

मुंबई का रहने वाला 23 वर्षीय महेश रमेश खंडागले फाइनेंस और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के स्र्ष्ठ का छात्र था। जिसकी 31 मार्च की सुबह दोस्तों के साथ वेल्स में एक हाइकिंग ट्रिप के दौरान जूबने से मौत हो गई। रमेश खंडागले के दोस्तों ने बताया कि क्वींसबरी में रहने वाला यह छात्र, ब्रेकोन बीकन्स में फोर वॉटरफॉल्स वॉक के पास अपना नया गोप्रो कैमरा इस्तेमाल कर रहा था।

### मां के साथ वीडियो कॉल के दौरान डूबने से हुई मौत

यूनिवर्सिटी में इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स एसोसिएशन यूके के प्रतिनिधि रोहित महादेवु ने बताया, वह अपनी मां के साथ वीडियो कॉल पर था, जिन्होंने उसे पानी में न जाने



की चेतावनी दी थी। लेकिन, वह यह देखने के लिए पानी में उतर गया कि वह कितना गहरा है। इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गया।

यह एक दूरदराज का इलाका है, इसलिए इमरजेंसी सेवाओं को बुलाने में समय लगा। उसका शव शाम करीब 5-6 बजे मिला। आइएनएसए ने उसके शव को भारत वापस लाने में मदद के लिए जस्टगिविंग पर एक फंडरेजर शुरू किया है। वहीं, मृतक की मां ने यूके आकर अपने बेटे का शव लेने के लिए वीजा के लिए आवेदन किया है।

### आंध्र प्रदेश के छात्र की भी मौत

वहीं, दूसरा मृतक, 24 वर्षीय लीला साई रेड्डी मल्लिरेड्डी, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था, वह भी हर्टफोर्डशायर यूनिवर्सिटी का छात्र था, 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे लापता बताया गया था। रात 10 बजे एम्बैंकमेंट, बेडफोर्ड में फायर और एम्बुलेंस की टीमों को बुलाया गया। उसे ओज नदी से जीवित बचाया गया और बेडफोर्ड अस्पताल ले जाया गया।

जहां उसका उपचार वेंटिलेटर पर चला, किन बाद में उसका निधन हो गया।

### बैसाखी उत्सव के लिए 2,700 भारतीय सिख श्रद्धालु पाकिस्तान के लिए रवाना

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित गुरुद्वारा पंजा साहिब में खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए भारत से करीब 2,700 सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था शुक्रवार को अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पड़ोसी देश पहुंचा। इन 2,700 श्रद्धालुओं की यात्रा की व्यवस्था तीन सिख संस्थाओं - शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) अमृतसर, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एचजीपीसी) और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन बोर्ड (डीएसजीएमबी) - द्वारा की गई और इनमें से 1965 तीर्थयात्रियों को एसजीपीसी अमृतसर ने प्रायोजित किया। एसजीपीसी के एक अधिकारी ने बताया कि जत्था हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा पंजा साहिब में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हो गया है। उन्होंने बताया कि अटारी सीमा पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मुहुद्दीन ने पीटीआई को बताया कि आज बैसाखी समारोहों में शामिल होने के लिए भारत से 2,238 सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे। पाकिस्तान पंजाब के अल्पसंख्यक मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव (श्राइन) नासिर मुश्ताक ने वाघा सीमा पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# दिल्ली आएंगे अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के बीच पाकिस्तान के मध्यस्थता के लिए आगे आने पर भारत विदेश नीति पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि भारत इस युद्ध के दौरान भी होर्मुज के रास्ते से अपने टैंकरों को निकलवाकर एक तरह से अन्य देशों से ज्यादा सफल रहा है। वहीं भारत की नजरें अब नई दिल्ली में होने वाली क्वाड की बैठक पर है। इसमें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो सहित अन्य देशों के विदेश मंत्री शामिल हो रहे हैं। अगल महीने मार्को रूबियो भारत की यात्रा करेंगे। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी अमेरिका पहुंचे हैं और उन्होंने क्वाड की बैठक को लेकर रूबियो के साथ चर्चा की।

मिसरी तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। उन्होंने और रुबियो ने 'वाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में मुलाकात कर खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और 'क्वाड' पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जापान के अपने समकक्ष से बात की और दोनों देशों के सबंधों पर चर्चा की। जापान ने भी संकेत दिए हैं कि क्वाड की बैठक में विदेश मंत्री मोटेगी शामिल होंगे। हालांकि अब तक ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

कई महीनों की देरी के बाद नई दिल्ली में क्वाड की यह बैठक होने वाली है। बता दें कि क्वाड के जरिए भारत बड़ा पावर प्लेयर बनना चाहता है। चीन और अमेरिका की दुश्मनी लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा जापान और चीन के भी संबंध अच्छे नहीं हैं। ऐसे में इन समीकरणों का फायदा भारत को मिल सकता है।

म्यांमार में 2021 में हुए तख्ता पलट के बाद चीन ने यहां पैठ बना ली। ऐसे में यहां के दुर्लभ खनिजों का इस्तेमाल चीन करने लगा। वहीं पश्चिमी देशों की पाबंदियों की वजह से म्यांमार भी चीन पर निर्भर होने को मजबूर हो गया। ऐसे में चीन ने म्यांमार के 80 फीसदी रेयर मिनरल के निर्यात पर कब्जा जमा लिया। अब अमेरिका भी म्यांमार से संपर्क बढ़ा रहा है। हालांकि भारत की मदद के बिना अमेरिका का म्यांमार में पैठ बनाना मुश्कलि है। ऐसे में



अमेरिका इस मामले में भारत पर निर्भर है। यह भारत की कूटनीति में बड़ा सहयोगी हो सकता है।


बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''वाइट हाउस में विक्रम मिसरी का स्वागत है। मंत्री रुबियो के साथ सार्थक बैठक हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों, खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं 'क्वाड' पर ध्यान केंद्रित किया गया।'' गोर ने कहा कि मंत्री रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, ''हम भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं अन्य कई क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं।'' इससे पहले, मिसरी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ और राजनीतिक मामलों की अवर विदेश मंत्री एलिसन हूकर से अलग-अलग मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा, ''उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी से वाशिंगटन में मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच करीबी साझेदारी की पुनः पुष्टि की और फारस की खाड़ी संबंधी स्थिति तथा अन्य वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की।'' भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी और लैंडौ ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी अपने विचार साझा किए। हूकर ने कहा कि उन्होंने और मिसरी ने इस बात पर चर्चा की कि भारत और अमेरिका रक्षा एवं अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में किस तरह और निकटता से मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''हम अमेरिकियों और भारतीयों, दोनों को अधिक सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने के व्यावहारिक तरीके तलाश रहे हैं, जिनमें क्वाड के जरिये किए जा रहे प्रयास भी शामिल हैं।'' अमेरिका में भारत के दूतावास ने कहा कि हूकर और मिसरी ने पिछले साल दिसंबर में हुई विदेश कार्यालय परामर्श वार्ता के बाद से भारत-अमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा की।

# रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार पुलिसकर्मी को राहत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने रिश्वत मांगने से जुड़े मामले में आरोपित पुलिसकर्मी राजेश कुमार को जमानत दे दी है। विशेष सीबीआई न्यायाधीश अतुल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि ट्रैप मामलों में जांच आमतौर पर कम समय में पूरी हो जाती है और साक्ष्य अधिकतर दस्तावेजी होते हैं। आरोपित पहले ही 20 दिनों से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में है, ऐसे में उसकी आगे की हिरासत जरूरी नहीं लगती।




अदालत ने 30 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानती पर राजेश कुमार को जमानत दे दी। साथ ही शर्त रखी कि वह जांच में सहयोग करेगा, साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करेगा, गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ेगा। यह मामला दिल्ली के सुल्तानपुरी थाने में तैनात बीट स्टाफ से जुड़े रिश्वत मांगने के आरोपों का है। मामले के अनुसार, सीबीआइ ने 13 मार्च 2026 को एक शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपित पुलिसकर्मी अजोय कुमार और राजेश कुमार उससे 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे और रुपये न देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। शिकायत के बाद सीबीआइ ने सत्यापन किया, जिसमें प्रथम दृष्टया रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद सीबीआइ ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए सह-आरोपित अजोय कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी का दावा है कि यह रकम दोनों आरोपितों के लिए ली जा रही थी। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आरोपित राजेश कुमार की ओर से दलील दी गई कि शिकायतकर्ता खुद अवैध सट्टा कारोबार में शामिल था और कार्रवाई से बचने के लिए उसे झूठा फंसाया गया है। यह भी तर्क दिया गया कि उसके पास से कोई रिश्वत की राशि बरामद नहीं हुई है। सीबीआइ ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और आरोपित की भूमिका साजिश में सामने आई है, इसलिए जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटरवार प्रखंड के जरुआटांड़ में कब्रिस्तान सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**पेटरवार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पंचायत दारिद के ग्राम जरुआटांड़ में मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने 19 लाख 70 हजार रुपये की लागत से कब्रिस्तान सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री का फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार सभी समुदायों के अधिकारों एवं सुविधाओं के संरक्षण के लिए पूरी तरह संकल्पित है। वही मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### गोमिया के कई इलाकों में आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**तेनुघाट (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, कथारा/गोमिया के राजेश विरवा के आदेशानुसार रविवार (आज) को विद्युत तारों से सटे पेड़ों की डाली कटिंग कार्य के कारण प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं उन्होंने बताया कि विधुत आपूर्ति में ये क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वहीं 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, साड़म के अंतर्गतः साड़म, होशिर, देवीपुर, तुलबुल एवं आसपास के क्षेत्र एवं 33/11 केवी लालपनिया विद्युत शक्ति उपकेंद्र के अंतर्गत महुआटांड, कंडेर एवं आसपास के क्षेत्र रहेंगे और साथ ही 11 केवी तेनुघाट फीडर से जुड़े क्षेत्रों में भी इस अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं श्री विरुवा ने उपरोक्त क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि इस अवधि में आवश्यक कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लें तथा विभाग को सहयोग प्रदान करें। असुविधा के लिए खेद है।

### स्कूल के पास की दुकानों में तम्बाकू उत्पाद की जांच की गई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं गोमिया थाना प्रभारी के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 के तहत जांच अभियान चलाया गया। जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा गोमिया थाना क्षेत्र के नेहरू प्लस टू स्कूल एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल सॉन्ग के आसपास एवं चौक पर कुल 67 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 12 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघंन करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2850 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मो असलम ने बताया कि गोमिया थाना अन्तर्गत छापामारी के दौरान दुकानों से तम्बाकू उत्पाद के प्रचार वाले पोस्टर हटाए गये और उन्हें 21 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू बेचना कानूनन अपराध है इसका एक पोस्टर दुकानदार को डिसप्ले करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि कोटपा-2003 झारखण्ड संशोधन अधिनियम 2021 की धारा 6 सी के तहत कोई भी दुकानदार खुला एवं खुला पैकेट मे सिगरेट की बिक्री नही करेगा, पकडे जाने पर 1000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। इस अवसर पर गोमिया थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।



### अष्टजाम शुभारंभ के अवसर पर निकली कलश यात्रा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 बी-एफ स्थित शिव मंदिर परिसर में आज आस्था का सैलाब देखने को मिला। श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के द्वारा शिव मंदिर में दो दिवसीय अष्टजाम यज्ञ का आयोजन किया गया है। सोमवार के अपराह्न में विसर्जन, प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा। आज अष्टजाम के शुभारंभ से पूर्व शिव मंदिर परिसर से सैकड़ों श्रद्धालु महिला और युवतियां एवं मंदिर समिति के सदसयों के साथ सेक्टर 12 सी स्थित शिव मंदिर पहुंचीं, जहां से कलश में जल भर कर वापस अष्ठजाम स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए भगवान भोले शंकर के जयकारे से सेक्टर 12 का वातावरण भक्तिमय हो गया था। इस शुभ अवसर पर मुख्य जजमान राम बंस सिंह व निर्मला देवी रहीं। आयोजन में सहयोगी के रूप में डॉ नरेन्द्र कुमार राय, विवेक सिंह, अजित कुमार, अरविंद राय श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिंह के साथ शिव परिवार सदस्य मुन्ना राय, ललित नारायण राय, सुभाष सिंह, करण गोराई, संजय चौधरी, मुरारी सिंह, पप्पू सिंह, संजय तिवारी, ओ पी सिंह, बी पी वर्मा, रंजीत मंडल, सत्या, अजय, विकास, मास्टर साहब, जयकांति देवी, उर्मिला देवी, रूबी कुमारी, नीतू सिंह, नूतन देवी प्रमुख रूप से सक्रिय रहे, कलश यात्रा एवं अष्टजाम में सैकड़ो महिला-पुरूष भक्त की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### बीएसएल के स्टोर्स विभाग द्वारा नॉन-मूविंग आइटम्स की प्रदर्शनी का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के स्टोर्स विभाग द्वारा संयंत्र परिसर में नॉन मूविंग आइटम्स की एक विशेष प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्रभावी भंडार प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करना था। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों से संबंधित नॉन मूविंग एवं अधिशेष सामग्रियों का व्यापक प्रदर्शन किया गया, जिनके साथ उनकी स्थिति एवं संभावित पुनः उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी भी प्रदर्शित की गई। यह मंच विभिन्न विभागों के लिए एक साझा अवसर सिद्ध हुआ, जहाँ वे आवश्यक सामग्रियों की पहचान कर उनके पुनः उपयोग अथवा पुनर्नियोजन की संभावनाओं का आकलन कर सके। इससे अनावश्यक खरीद को कम करने तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी, बोकारो इस्पात संयंत्र, श प्रिय रंजन ने अधिशासी निदेशकगणों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा लागत प्रभावी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह पहल बीएसएल की सतत संसाधन प्रबंधन तथा बेहतर हाउसकीपिंग मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। प्रदर्शनी के समापन पर सकारात्मक परिणाम सामने आए, जिसमें कई सामग्रियों की पुनः उपयोग, अंतरण अथवा निष्पादन हेतु पहचान की गई, जिससे संगठन में भंडार नियंत्रण को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।



### संत जेवियर विद्यालय में अभिभावकों के लिए संपन्न हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित संत जेवियर विद्यालय में कक्षा चौथी के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ छोटी सी प्रार्थना के द्वारा शुरू किया गया। तत्पश्चात माध्यमिक विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या सिस्टर सुनीता, कक्षा चौथी की कक्षा अध्यापिकाओं ने विद्यालय के नियमों और अनुशासन की जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में संत जेवियर्स विद्यालय के अभिभावकों ने विशेष तौर पर शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस ओरिएनटेशन प्रोग्राम का उद्देश्य यह है कि अभिभावकों को यह जानकारी प्रदान करना है कि बच्चों को भविष्य के लिए कैसे काबिल बनाया जाए और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को कैसे बाहर लाया जाए। अभिभावकों को बताया गया कि किस प्रकार विद्यालय प्रांगण में बच्चों के मनोविज्ञान को ठीक से समझ कर उन्हें आगे बढ़ने का सदैव सुअवसर प्रदान किया जाता है।



# शत-प्रतिशत नामांकन के लिए जनप्रतिनिधि भी करेंगे सहयोग : विधायक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के 5 से 18 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों को शिक्षित करना, विद्यालयों में उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा न्यूनतम ड्रॉपआउट स्कूल रूआर 2026 का उद्देश्य है। स्कूलों में छात्रों की कम उपस्थिति और ड्रॉप आउट चिंतनीय है। इसमें जागरूकता लाने के लिए स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, माननीय जनप्रतिनिधि तथा अभिभावकों का योगदान तथा भागीदारी महत्वपूर्ण है। यह बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज न्यू टाउन हॉल में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, धनबाद द्वारा स्कूल रूआर 2026 के अंतर्गत "कोई बच्चा छूटे नहीं - हर बच्चा स्कूल से जुड़े" थीम पर आयोजित जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कही। उपायुक्त ने कहा कि इसे प्रभावी बनाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल और हाई स्कूल से टैग किया जाएगा। शिक्षकों को उनके टोला से टैग किया जाएगा। किसी स्कूल में बच्चा यदि 3 दिन से अधिक अनुपस्थित रहेगा तो शिक्षक उसके घर जाएंगे। साथ में कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका का दायित्व है कि उनके यहां 5 वर्ष से अधिक बच्चे का नामांकन निकटतम प्राइमरी स्कूल में कराएं। कहा कि जिस पंचायत में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन प्राइमरी, मिडिल या हाई स्कूल में हो जाएगा उस पंचायत के मुखिया को जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जागरुकता से विद्यालयों में नामांकन की संख्या बढ़ी है। इसके बाद भी कई बच्चे नामांकन से छुटे हुए हैं। शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए वार्ड सदस्य से लेकर माननीय सांसद एवं सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। नामांकन के बाद छात्रों की ई-विद्या वाहिनी में नियमित उपस्थिति दर्ज करें। उपायुक्त ने जिले के 5 से 18 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन, उपस्थित और ड्रॉप आउट कम करने के लिए सभी को पूरी निष्ठा और गंभीरता से अपने कर्तव्य का पालन करने का अनुरोध किया। साथ ही घर - घर एवं जन - जन तक यह संदेश पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम मुख्य रूप से ड्रॉपआउट बच्चों को वापस स्कूल से जोड़ने का एक अभियान है। इसका उद्देश्य विशेष नामांकन अभियान, शिक्षा मेलों और बाल संवादों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में पुनः शामिल करना है। कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन के लिए जनप्रतिनिधि भी सहयोग करेंगे। अभिभावकों से मिलेंगे। सबके संयुक्त प्रयास से शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा। जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह चाबी है जो भविष्य का दरवाजा खोल सकती है। उन्होंने सभी मुखिया को अपने पंचायत के हर घर पर पहुंच कर, अभिभावकों से मिलकर, बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। समारोह में धनबाद के महापौर संजीव सिंह ने सुझाव दिया कि जिले के सभी सरकारी स्कूलों को बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनाना चाहिए। इससे पहले जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय में जिले में शत प्रतिशत नमांकन का लक्ष्य हासिल किया है। वहीं 2030 तक माध्यमिक में भी शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य प्राप्त करना है। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय महापौर, जिला परिषद की अध्यक्ष, धनबाद के विधायक, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपायुक्त को पौधा प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, महापौर संजीव सिंह, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अशोक कुमार पांडेय, आशीष कुमार, मितूविभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा-2023 के शांतिपूर्ण संचालन हेतु प्रशासन पूरी तरह तैयार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार (आज) को आयोजित होने वाली झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी केंद्राधीक्षकों, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा ऑब्जर्वर, फ्लाइंग स्क्वाड एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**समयबद्ध व्यवस्था पर दिया जोर**

उन्होंने निर्देश दिया कि पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी/जवान प्रातः 4:30 बजे बोकारो कोषागार पहुंचकर प्रश्न पत्र बॉक्स झ्र की (चाबी) बाक्स का मिलान सुनिश्चित करेंगे तथा सुबह 6:00 बजे तक संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य होगा। केंद्राधीक्षकों को समय पर परीक्षा केंद्र खोलने तथा तीसरी पाली के लिए टीमों को समय पर पुनः कोषागार पहुंचने के निर्देश दिए गए।

**मोबाइल उपयोग पर प्रतिबंध**

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट/केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी अधिकारी या कर्मी द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा इसका सख्ती से पालन कराया जाए।

**एसओपी का अनुपालन एवं परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश**

उन्होंने आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश सघन जांच के बाद ही किया जाए, बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए तथा मोबाइल, पेजर, ब्लूटूथ, स्मार्ट हैंड वाच जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ प्रवेश पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश साथ ही, दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों चास झ्र बेरमो को परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू करने का निर्देश दिया गया है, ताकि विधि-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सुनिश्चित करने को कहा कि सभी 27 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी - बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने, फ्रिस्किंग (तलाशी) आदि की व्यवस्था आज शाम तक हो जाएं। मौके पर परीक्षा के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एनडीसी प्रभाष दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव तथा सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया है, ताकि परीक्षा का आयोजन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। जानकारी हो कि, जिले में कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं, जिसमें 12,840 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आयोजित होने वाली झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा एवं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ द्वारा सभी 27 परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू करने का आदेश जारी किया गया है।

**निम्न गतिविधियों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंधः**

- पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, भीड़ लगाने या अनावश्यक भ्रमण पर रोक।
- किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, पारंपरिक हथियार (लाठी, डंडा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, बर्छा आदि) के साथ चलने, प्रदर्शन या उपयोग पर प्रतिबंध।
- निषिद्ध क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली, सभा, धरना एवं प्रदर्शन के आयोजन पर रोक।
- परीक्षा से संबंधित अधिकारियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों एवं प्रतिनियुक्त पुलिस/दण्डाधिकारियों को छोड़कर अन्य किसी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध।

# बीएसएल द्वारा प्रमुख विस्तार परियोजनाओं के लिए बिडर्स सम्मेलन का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) द्वारा अपने विस्तारीकरण योजना के तहत आगामी पूंजीगत परियोजनाओं पर विचार विमर्श हेतु एक दिवसीय ह्यबिडर्स मीट कनेक्ट प्रोह्ल का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश विदेश की अग्रणी इंजीनियरिंग कंपनियों ने भाग लिया और परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन द्वारा अधिशासी निदेशकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। अनीश सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक, बीएसएल ने कार्यक्रम में आये सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सभी को इस कार्यक्रम के महत्व एवं प्रयोजन से अवगत कराया। सम्मेलन के दौरान ब्राउनफील्ड विस्तार कार्य, स्टैम्प चार्ज्ड कोक ओवन बैटरी तथा गुआ लौह अयस्क खदान विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण एवं विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रौद्योगिकी प्रदाताओं एवं बैलेंस ऑफ प्लांट पैकेज प्रदाताओं सहित कुल 17 संभावित निविदाकारों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साथ ही, परामर्शदाता एम/एस एम एन दस्तूर के प्रतिनिधियों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिससे इस कार्यक्रम के प्रति उद्योग जगत की गहरी रुचि परिलक्षित हुई। बैठक के दौरान तकनीकी, वाणिज्यिक एवं संविदात्मक पहलुओं पर व्यापक चर्चा की गई, जिसमें निविदा प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। संवादात्मक सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को सीधे बीएसएल की परियोजना टीम के साथ प्रश्नोत्तर एवं परियोजना के विभिन्न पहलुओं से जुडी बारीकियां समझने का अवसर मिला। यह पहल बीएसएल की पारदर्शिता एवं दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है तथा सेल की दीर्घकालिक विकास रणनीति के अनुरूप उत्पादन क्षमता विस्तार को गति प्रदान करने के संकल्प को सुदृढ़ करती है। ब्राउनफील्ड विस्तार योजना के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र की क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता में 3 मिलियन टन की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह विस्तार एवं संबद्ध परियोजनाएँ संयंत्र की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करेंगी।



# पिंडराजोरा से लापता युवती की खोज अब सीआईडी करेगी

## सीआईडी की डीआईजी संध्या रानी मेहता आज पीड़ित के घर पहुंचीं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र से लापता युवती पुष्पा के मामले में अब जांच तेज हो गई है। हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुलिस मुख्यालय से लेकर सीआईडी तक एक्शन मोड में नजर आ रही है। विदित हो कि 21 जुलाई 2025 से खूंटाडीह गांव से लापता पुष्पा के मामले की जांच के लिए सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता खुद मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पिंडराजोरा थाना का निरीक्षण करने के साथ-साथ पीड़िता के गांव जाकर परिजनों और पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की। इस दौरान डीआईजी संध्या रानी मेहता ने पीड़िता की मां को भरोसा दिलाया कि मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ह्लजिस तरह आपकी बेटी है, उसी तरह हमारी भी बेटी है, हम आपके साथ खड़े हैं। वहीं पीड़िता की मां रेखा देवी ने गांव के ही दिनेश महतो पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 21 जुलाई को आवेदन देने के बावजूद पिंडराजोरा थाना में मामला दर्ज नहीं किया गया, जिससे पुलिस की भूमिका संदिग्ध लगती है। परिजनों के अनुसार पुष्पा की शादी तय हो चुकी थी, जिससे नाराज होकर आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया। मां ने मांग की है कि पुलिस उनकी बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद करे। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। हाई कोर्ट में इस मामले को लेकर डीजीपी से लेकर एसपी तक को जवाब देना पड़ा है। लापरवाही के आरोप में पिंडराजोरा थाना प्रभारी अभिषेक रंजन और थाने के मुंशी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं एसपी द्वारा गठित एसआईटी टीम भी मामले की जांच में जुटी हुई है।



# तेज रफ्तार से आगे बढ़ो, शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, एक सार्थक जीवन है: उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित द पेंटाकोस्टल असेंबली स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्टार मेडल, एक्सीलेंस अवॉर्ड, सिल्वर सर्टिफिकेट, गोल्ड सर्टिफिकेट एवं परफेक्ट अटेंडेंस श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक डी. एन. प्रसाद, प्राचार्या डॉ. करूणा प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी. एम. प्रसाद, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी रीता प्रसाद सहित अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



**सही दिशा में आगे बढ़ने का दिया संदेश**

अपने संबोधन में उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन में तेज गति से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है कि दिशा सही हो। विद्यार्थियों को अपने भीतर आगे बढ़ने की ललक बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना या आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर या इंजीनियर बनना नहीं है, बल्कि एक सार्थक एवं सफल जीवन का निर्माण करना है।

**कर्तव्यनिष्ठ लोगों से प्रेरणा लेने की अपील**

उपायुक्त ने समाज के विभिन्न वर्गों—रिक्शा चालक, सब्जी विक्रेता, चिकित्सक एवं पुलिस कर्मियों - का उदाहरण देते हुए कहा कि ये लोग त्योहारों तक का त्याग कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सिस्टम गंगा की तरह पवित्र है और कुछ व्यक्तियों की त्रुटियों से पूरे सिस्टम को गलत नहीं ठहराया जा सकता। हमें अपनी व्यवस्था, राज्य एवं देश पर गर्व करना चाहिए।

**शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव**

उपायुक्त ने शिक्षकों से अपील की कि वे पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले प्रतिदिन पाँच मिनट विद्यार्थियों के साथ संवाद करें, जिससे बच्चों में सही और गलत का निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके।

# गोविंदपुर जाम : एसएसपी खुद उतरे सड़क पर, ट्रैफिक सुधार के लिए कई बड़े फैसले

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एलिवेटेड ब्रिज निर्माण कार्य के कारण गोविंदपुर रोड पर उत्पन्न भीषण जाम की समस्या से आम नागरिकों को राहत दिलाने के लिए धनबाद पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ती परेशानी को देखते हुए शनिवार को एसएसपी श्री प्रभात कुमार स्वयं गोविंदपुर क्षेत्र पहुंचे और पूरे इलाके का विस्तृत निरीक्षण कर जमीनी हालात का गहन आकलन किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने जाम प्रभावित सभी प्रमुख मार्गों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से जाम के वास्तविक कारणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पाया कि अव्यवस्थित ट्रैफिक, सड़क किनारे अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और हाईवे पर अनियंत्रित कट जाम की प्रमुख वजहें हैं। इस पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़कों को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। सड़क किनारे लगे ठेले-खोमचे, कब्जा जमाए दुकानदारों और अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ प्रतिदिन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने गोविंदपुर थाना प्रभारी और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया कि सड़क पर खड़ी गाड़ियों को तुरंत जब्त कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क की चौड़ाई बनी रहे और ट्रैफिक सुचारु रूप से चल सके। निरीक्षण के दौरान भी कई गाड़ियों को जब्त कर थाना लाया गया। निरीक्षण के दौरान बलियापुर मोड़ और टुंडी मोड़ को अत्यधिक संवेदनशील ट्रैफिक प्वाइंट के रूप में चिन्हित किया गया। इन स्थानों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे अक्सर लंबा जाम लग जाता है। एसएसपी महोदय ने इन दोनों जगहों पर अतिरिक्त ट्रैफिक जवानों की तैनाती के साथ-साथ वॉलेंटियर्स की मदद लेने का निर्देश दिया। साथ ही इन प्वाइंट्स पर लगातार मॉनिटरिंग कर तत्काल ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने की भी बात कही, ताकि जाम की स्थिति बनने से पहले ही उसे नियंत्रित किया जा सके। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए एसएसपी ने बड़ा फैसला लेते हुए धनबाद से गोविंदपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित हाईवे के एक कट को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया। अब धनबाद से गोविंदपुर की ओर जाने वाले सभी वाहनों को रंगडीह मोड़ होकर गुजरना होगा। इस बदलाव को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एसएसपी ने एन एच ए आइ को निर्देश दिया कि वे तुरंत आवश्यक बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड और मार्गदर्शन बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा। एसएसपी ने निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर वहां रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अक्सर रात के समय रोशनी की कमी और संकेतक के अभाव में दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। इस निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह, गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत, सीओ धर्मेंद्र दुबे, बीडीओ जहिर आलम सहित ठलअकके अधिकारी, पुलिस जवान और वॉलेंटियर्स मौजूद रहे। एसएसपी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य के दौरान भी ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो और आम लोगों को राहत मिल सके। एसएसपी प्रभात कुमार ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें और प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जब तक आम जनता सहयोग नहीं करेगी, तब तक जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। गोविंदपुर में जाम की समस्या को लेकर अब पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com